चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

वर्ष-2, अंक- 228, पृष्ठ-16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप 16

हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते रणबीर 2

## एक नजर

### कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ईडी के सामने हुईं पेश

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद कथित धनशोधन से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को ईडी के सामने पेश हुईं। प्रसाद (36) यहां ढाई बजे ईडी कार्यालय पहुंचीं। सूत्रों ने बताया कि बरकागांव की विधायक प्रसाद को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज कराने के लिए चार अप्रैल को पेश होने को कहा गया था। लेकिन प्रसाद स्वास्थ्य मुद्दों का हवाला देकर पेश नहीं हुईं। उनके पिता एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने चार अप्रैल को संवाददाताओं से कहा था कि प्रसाद ने ईडी से स्वास्थ्य के आधार पर समय मांगा है। साव कथित रंगदारी एवं जमीन हड़पने के मामलों की जांच में तीन और चार अप्रैल को ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए थे।

### भाजपा विधायकों को विधानसभा से निकाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में हुई कथित अनियमितताओं के संबंध में सोमवार को चर्चा की मांग कर रहे भाजपा विधायकों को मार्शल की मदद से दिल्ली विधानसभा से बाहर निकाल दिया गया। भाजपा विधायक जल बोर्ड में हुई कथित अनियमितताओं पर चर्चा की मांग करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने उनके अनुरोध को खारिज कर दिया और विपक्षी सदस्यों को बैठने के लिए कहा। जब भाजपा विधायक अड़े रहे तो गोयल ने मार्शलों को उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। सदन से निकाले जाने के बाद भाजपा विधायकों ने विधानसभा परिसर में धरना दिया।

### 30.92 करोड़ के नकली नोट के साथ 5 दबोचे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने 30.92 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट के पास पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने सोमवार को बताया कि नकली नोट का कारोबार चलाने वाला गिरोह विभिन्न ट्रस्ट को निशाना बनाता था और उन्हें विभिन्न कंपनियों के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कोष के तहत 40 लाख रुपये देने पर एक करोड़ रुपये दिलाने का वादा करता था। यह ठगी करने का नया तरीका है। जालसाजों के इस नेटवर्क ने कई ट्रस्ट से संपर्क किया।

# सेंसेक्स 75 हजार के करीब सोने ने भी आकाश छुआ

- **सेंसेक्स ने 74,869.30 को छूआ, एनएसई 22,666.30 अंक पर बंद**
- **350 रुपये की तेजी से 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ सोना**

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए। विदेशी निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी आई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से भी बाजार को समर्थन मिला। बीएसई सेंसेक्स 494.28 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,742.50 अंक पर बंद हुआ। वह 621.08 अंक तक चढ़कर रिकॉर्ड 74,869.30 अंक पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 152.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,666.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान उसने 183.6 अंक उछलकर 22,697.30 अंक को छूआ था। वहीं सर्राफा बाजार में सोना भी 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

**जगदलपुर में चुनावी रैली** | **प्रधानमंत्री बोले-भ्रष्ट कांग्रेस ने गरीबों को किया नजरअंदाज, उनका दर्द नहीं समझा**

# हमने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म किया : मोदी

**जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने आजादी के बाद से दशकों तक गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया और कभी उनका दर्द नहीं समझा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी लेकिन उन्होंने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म कर दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के छोटे अमाबाल गांव में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस



पर गरीबों की जरूरतों और आजादी के बाद दशकों तक उनके दर्द को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

पिछले वर्ष राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में यह मोदी की पहली जनसभा थी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी, भ्रष्टाचार से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब का होता है। भ्रष्टाचार गरीब का हक मारता है। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले होते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था। यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र) ने कहा था कि दिल्ली से हम एक रुपये भेजते हैं तो 15 पैसा ही पहुंचता है। अरे भाई, बताओ ना वह कौन पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। मोदी ने कहा कि अब पैसे सीधे लोगों के बैंक खाते में जाते हैं और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस खत्म कर दिया।

### भ्रष्टाचार पर की चोट तो दे रहे सिर फोड़ने की धमकी

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के कथित लाठी मारने वाले बयान को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जब उनकी दुकान बंद हो गई, लूटने का लाइसेंस चला गया तब यह मोदी को गाली देंगे। तब मेरी रक्षा कौन करेगा। यह मेरे देशवासी, मेरी माताएं-बहनें, आज मोदी का रक्षा कवच बन गई हैं। मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की तब से यह मोदी पर भड़के हुए हैं। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है। राज्य के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है उनकी तेजी से जांच चल रही है, इसलिए अब नाराज होकर वे लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं।

# ईडी ने केजरीवाल के पीए और आप विधायक से की पूछताछ

## आबकारी नीति : धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किया बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार और आप विधायक दुर्गेश पाठक से आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि कुमार का बयान धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज हो रहा है। ईडी इन दोनों से पहले भी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल की गतिविधियों और कार्यक्रमों के सिलसिले में कुमार से पूछताछ जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल को पिछले महीने ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं। एजेंसी ने पहले के आरोपपत्रों में आरोप लगाया था कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कुमार सहित कम से कम 36 आरोपियों ने कथित घोटाले में हजारों करोड़ की रिश्वत के सबूत छुपाने को 170 फोन नष्ट किए या बदल दिए।

पिछले साल एक स्थानीय अदालत में दाखिल ईडी के आरोपपत्र के अनुसार, बिभव के मोबाइल नंबर का आईएमईआई सितंबर 2021 और जुलाई 2022 के बीच चार बार बदला गया। समझा जाता है कि राजिंदर नगर विधायक पाठक को एजेंसी ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के 2021-22 चुनाव के संबंध में पूछताछ को बुलाया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 'साउथ ग्रुप' द्वारा दिए 100 करोड़ में से 45 करोड़ का प्रयोग आप ने प्रचार में किया था।





### सीएम की गिरफ्तारी की याचिका पर फैसला आज

दिल्ली हाईकोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे याचिका पर आदेश सुनाएंगी।

### सीएम पद से हटाने की तीसरी याचिका भी रद



दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी याचिका भी सोमवार को रद कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आप के पूर्व विधायक संदीप की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने यह अपने 'व्यक्तिगत प्रचार' के लिए दायर की थी। हाईकोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। कोर्ट ने चार अप्रैल और 28 मार्च को ऐसी ही याचिकाओं को रद किया था।

### कविता की अंतरिम जमानत खारिज



दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति 2021-2022 (जो बात में रद कर दी गई) घोटाला से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान परिषद सदस्य के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) और कविता की दलीलें ने विस्तार से सुनने के बाद 04 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# घोषणापत्र पर मोदी की टिप्पणी पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे भी रखे**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए सोमवार को चुनाव आयोग के समक्ष कहा कि वह इस पर कार्रवाई करें। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक, पवन खेड़ा तथा गुरदीप सिंह सप्पल ने यहां निर्वाचन भवन जाकर आयोग से मुलाकात की और इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि आयोग के समक्ष मोदी की सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग, घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताना तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे रखे। खुर्शीद ने आयोग से मुलाकात के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा कहा है, यह दुखद है। आप किसी पार्टी से मतभेद रख सकते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर की पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में ऐसा कहना दुखी करने वाली बात है। मोदी ने यह भी कहा कि यह उन पार्टियों का घोषणा पत्र लगता है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष समाज की आजादी का विरोध कर रहे हैं। हम समझते हैं कि मोदी को ऐसी बात कहने का अधिकार नहीं है। सप्पल ने कहा कि पिछली बार हमने चुनाव आयोग के सामने फ्री-स्पीच और भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए जाने वाले विभाजनकारी पोस्ट का मुद्दा उठाया था। आज हमने आयोग से कहा है कि सूचना-प्रसारण मंत्रालय कई यू-ट्यब चैनल्स को बंद कर रहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि वो फ्री-स्पीच चाहते हैं। हमने तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के एफिडेविट का मामला भी आयोग के सामने रखा है। त्रिपुरा में उम्मीदवारों के सामने चुनाव अधिकारियों द्वारा खड़ी की जा रही बाधाओं पर भी अपनी बात रखी है।

### एनआईए ने टीएमसी के 3 नेताओं को जारी किया समन

**कोलकाता।** एनआईए ने भूपतिनगर विस्फोट मामले में पूछताछ के लिए टीएमसी के तीन नेताओं को समन जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने टीएमसी के तीनों नेताओं को पेश होने को कहा है। टीएमसी के मानब कुमार कराया, सुबीर मैती और नबा कुमार पोंडा को सोमवार को यहां एनआईए अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। पिछले हफ्ते भी जांच एजेंसी ने तीनों को पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में टीएमसी के गिरफ्तार किए गए दो नेता हमारे अधिकारियों के साथ पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुखों को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** सीबीआई, एनआईए, ईडी और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। टीएमसी के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी। सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा की पश्चिम बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया।

# रामनवमी पर देश देखेगा रामलला का सूर्याभिषेक

**दोपहर 12 बजे रामलला के मस्तक पर 5 मिनट तक पड़ेंगी सूर्य की किरणें, होगा लाइव प्रसारण**



- **शृंगार के दौरान 20 मिनट के लिए थम जाएंगे दर्शन-पूजन**
- **सफल परीक्षण पर सीबीआरआई रुड़की की टीम को ट्रस्ट की बधाई**

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** रामनवमी पर रामलला के सूर्याभिषेक के लिए चल रहा परीक्षण सोमवार को सफल हो गया। परीक्षण में जुटे सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों की टीम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बधाई दी है। राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल राव ने सोमवार को बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्रीराम का जन्मोत्सव होगा। उस दिन सूर्य की किरण प्रभु श्रीराम के मस्तिष्क पर पांच मिनट तक अभिषेक करेंगी, जिसे पूरे देश के भक्त लाइव देख सकेंगे। रामनवमी के दिन सुबह चार बजे मंगला आरती के बाद जलाभिषेक होगा। दोपहर में अभिषेक और शृंगार के लिए 20 मिनट कपाट बंद होंगे और 12 बजे आरती के साथ पुनः मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। इस दौरान सूर्य की किरण रामलला के मस्तक को सुशोभित करेंगी। मंदिर के गर्भगृह में चांदी के तख्त पर चांदी के कलश की स्थापना कर नौ दिवसीय अनुष्ठान को 11 वैदिक ब्राह्मण संपन्न कराएंगे। इसमें रामार्चा, दुर्गा सप्तसती का पाठ, वेद की ऋचाओं का पाठ होगा। अनुष्ठान मंडप के यज्ञशाला में मंत्रोच्चार से आहुतियां डाली जाएंगी। रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे रामलला की दिव्य महाआरती होगी। पूर्वाह्न 11:40 से दोपहर 12 बजे तक के लिए दर्शन थम जाएगा। गर्भगृह के पट खुलते ही शंखनाद के साथ महाआरती होगी।

### श्रद्धालु मठ-मंदिरों में गुरु-परंपरा में शामिल होकर चले जाएं : चंपत राय



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रामकोट की परिक्रमा के लिए मतगजेंद्र मंदिर पर साधु-संतों से रामनवमी पर श्रद्धालुओं को मंदिरों में ठहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि अयोध्या के मठ-मंदिरों में गुरु परंपरा में शामिल होकर वापस चले जाएं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राम जन्मभूमि पथ पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्व हिंदू परिषद और संघ के कार्यकर्ताओं की टोलियां पानी पिलाएंगी।

**सिविल सेवा प्री परीक्षा**

# इंफाल की जगह अन्य स्थान को चुन सकते हैं अभ्यर्थी

- **आठ से 19 अप्रैल तक यूपीएससी की वेबसाइट पर केंद्र बदलने का कर सकते हैं अनुरोध**

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने कहा है कि जिन अभ्यर्थियों ने इस साल की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने के लिए मणिपुर के इंफाल केंद्र को चुना है, वह अन्य स्थान चुन सकते हैं। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा इस साल 16 जून को होगी। यूपीएससी ने फैसला किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने इंफाल केंद्र का विकल्प चुना है, वह 80 अधिसूचित में से कोई भी केंद्र चुन सकते हैं। यूपीएससी की यह घोषणा दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद आई है। आयोग ने कहा कि इंफाल चुनने वाले उम्मीदवारों के लिए केंद्र बदलने का विकल्प यूपीएससी की वेबसाइट पर आठ अप्रैल से 19 अप्रैल तक रहेगा। उम्मीदवार सुबह 10 से शाम पांच बजे के बीच अनुरोध भेज सकते हैं।

# गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ संजय की याचिका रद



- **सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के दिए आदेश पर की सुनवाई**
- **पीएम की शैक्षणिक योग्यता पर टिप्पणी पर मानहानि का मामला**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को रद कर दी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर कथित टिप्पणी के लिए मानहानि मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में पहले ही कहा है कि पक्षों के लिए उपलब्ध सभी दलीलें खुली हैं और निचली अदालत के न्यायाधीश आदेश में की गई किसी भी टिप्पणी से प्रभावित नहीं होंगे। हाईकोर्ट ने 16 फरवरी को सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मानहानि मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी थी। केजरीवाल और सिंह ने गुजरात विवि द्वारा दायर मामले में निचली अदालत द्वारा जारी समन के साथ, समन के खिलाफ उनके पुनरीक्षण आवेदन को रद करने के सत्र अदालत के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

# पूर्व डीजीपी विजय कुमार सपत्नीक भाजपा में शामिल

- **मछलीशहर या कौशांबी से टिकट दिए जाने की चर्चाएं शुरू**
- **विजय कुमार की पत्नी अनुपमा कुमार ने भी थामा भगवा झंडा**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सोमवार को पत्नी अनुपमा के साथ भाजपा में शामिल हो गए। वह कुछ दिन पहले सेवानिवृत हुए थे, उनके मछलीशहर या कौशांबी से प्रत्याशी बनने की चर्चा भी तेज हो गई है।



भाजपा मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उनको सदस्यता दिलाई। झांसी के विजय कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। वह 1988 में आईपीएस बने। बतौर ट्रेनी एसपी पहली पोस्टिंग नवंबर 1989 से नवंबर 1990 तक शाहजहांपुर में रहे। गोरखपुर, नैनीताल, बरेली, पीलीभीत, बांदा, महाराजगंज, मुजफ्फरनगर के एसपी रहे। वर्ष 2000 में सवा दो साल तक गोरखपुर के एसएसपी भी रहे। कई और जोन की जिम्मेदारी भी संभाली। 2022 में उनको डीजी विजिलेंस बनाया गया। कार्यवाहक डीजीपी आरके विश्वकर्मा के सेवानिवृत होने के बाद कार्यवाहक डीजीपी का कार्यभार संभाला। 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत होने के बाद भाजपा में शामिल हुए।

# नीट-पीजी 2020 बैच की काउंसिलिंग शुरू

**लखनऊ।** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पीजी-2020 बैच के एमडी-एमएस (विशेषज्ञ) चिकित्सकों की तैनाती के लिए काउंसिलिंग सोमवार से शुरू हो गई है। पंजीकरण के साथ ही प्रपत्रों का सत्यापन 12 अप्रैल तक होंगे। अनिवार्य सेवा बांड के तहत इन्हें दो साल के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में नियुक्ति प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा संचालित काउंसिलिंग में 12 से 15 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंसदीदा कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी, 15 अप्रैल को ही परिणाम घोषित होंगे। अभ्यर्थियों को 16 से 22 अप्रैल तक कॉलेजों में ज्वाइन करना होगा।

**अध्ययन** | **एरीज की टीम में प्रो. दीपांकर बनर्जी, डॉ. एस कृष्णा प्रसाद व डॉ. टीएस कुमार शामिल**

# एरीज के युवा वैज्ञानिक खोलेंगे सूर्य कोरोना के रहस्य

**बबलू चंद्रा, नैनीताल**

**अमृत विचार :** भारतीय युवा वैज्ञानिक सूर्य के कोरोना रहस्य को गहराई से समझने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचे हुए हैं। कोरोना वह पहेली है जिसे सूर्य ग्रहण के दौरान ही देखा जा सकता है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के दो युवा वैज्ञानिक डॉ. एस कृष्णा प्रसाद और डॉ. टीएस कुमार के साथ निदेशक दीपांकर बनर्जी भी मौजूद रहेंगे। साल का पहला पूर्ण सूर्यग्रहण भारत से नहीं देखा जा सकेगा। अमेरिका पहुंचे वैज्ञानिकों ने ग्रहण के अध्ययन को लेकर रूपरेखा साझा की है।

ज्ञातव्य हो कि भारत का समर्पित सौर अंतरिक्ष मिशन, आदित्य-एल1 के हालिया लॉन्च ने देश के भीतर सौर भौतिकी अनुसंधान को वैश्विक सुर्खियों के साथ स्थापित कर दिया है। जिस कारण विश्व की नजर भारत के इस मिशन में लगी हुई हैं। आदित्य के इस वर्ष जनवरी में एल1 कक्षा में सफल प्रवेश के बाद सभी 7 पेलोड ने सूर्य और हेलियोस्फीयर की जांच शुरू कर दी है। सूर्यग्रहण के साथ सूर्य के अंदरूनी रहस्य को समझने के लिए यह बेहद उत्तम समय है।

आने वाले महीनों में आसन्न सौर मैक्सिमा के साथ उच्च महत्व की एक और खगोलीय घटना हमारे सामने आने वाली है। पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान चंद्रमा एक पूर्ण गुप्त भूमिका निभाता है, इसलिए पूर्ण सूर्य ग्रहण सौर वातावरण, विशेष रूप से आंतरिक कोरोना, जहां महत्वपूर्ण गतिशीलता उत्पन्न होती है। जिस कारण सूर्य ग्रहण निरीक्षण के लिए शानदार अवसर है। जिसके ऑब्जरवेशन के लिए एरीज के युवा शोधकर्ताओं की एक टीम उच्च आवृत्तियों पर सूर्य की आंतरिक कोरोना की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए डलास, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका में अभियान चला रही है। ग्रहण के दौरान उत्पन्न होने वाली हरी उत्सर्जन रेखा में सौर कोरोना के उच्च-ताल नैरोबैंड इमेजिंग अवलोकन को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में लाइन उत्सर्जन और निकटवर्ती सतह को देखने के लिए ऑन-बैंड और ऑफ-बैंड का प्रयोग करेंगे। साथ ही ग्रहण के दौरान पृथ्वी के ग्रहण क्षेत्र के वातावरण का अध्ययन भी किया जाएगा।



प्रो. दीपांकर बनर्जी



डा. टीएस कुमार



डा. एस कृष्ण प्रसाद

### सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में छा गया अंधेरा

**रारोटोंगा (अमेरिका)।** उत्तरी अमेरिका में सोमवार को पूर्ण सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में आसमान में अंधेरा छा गया। पूर्ण सूर्यग्रहण कुछ स्थानों पर 4 मिनट, 28 सेकंड तक रहा। महाद्वीपीय उत्तरी अमेरिका में पूर्ण सूर्यग्रहण का अनुभव करने वाला पहला स्थान मेक्सिको प्रशांत तट रहा। उत्तरी अमेरिका में मेक्सिको के प्रशांत तट से लेकर पूर्वी कनाडा तक लाखों लोग इस खगोलीय घटना को देखने के लिए जुटे रहे। भारतीय शोध टीम भी सूर्य ग्रहण के अध्ययन के लिए डलास व टेक्सास में मौजूद रही।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (जीटी) | 05 | 191 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| गेराल्ड कोएत्जे (एमआई) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | −0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −1.370 |

# पंजाब किंग्स और सनराइजर्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी।

सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है। शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है। पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा। दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है। पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं। पंजाब के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता की बात है। लेग स्पिनर राहुल चाहर काफी महंगे साबित हुए हैं लेकिन हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# जडेजा-देशपांडे-मुस्तफिजुर की तिकड़ी ने केकेआर को 137 के स्कोर पर रोका

**रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए केकेआर के आठ विकेट झटके**

## केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 34, सुनील नरेन ने 27 और अंगकृष रघुवंशी ने 24 रन बनाए



रवींद्र जडेजा

चेन्नई, एजेंसी

रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के क्रमशः तीन-तीन और दो विकेट झटककर बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। हालांकि कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर 34 रन, सुनील नरेन 27 रन और अंगकृष रघुवंशी 24 रनों की पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य मिला है।

सोमवार को एमए चिदम्बरम स्टेडियम, चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट शून्य का विकेट गवां दिया। इसके बाद सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिये 55 रन जोड़े। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने इस जोड़ी को तोड़ने की जिम्मेदारी रवींद्र जडेजा को सौंपी और उन्होंने सातवें ओवर में पहले अंगकृष रघुवंशी 24 रन को पगबाधा कर पवेलियन भेजा। अंगकृष ने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। उसके बाद जडेजा ने सुनील नरेन को 27 रन पर आउट कर दिया। सुनील ने तीन चौके और दो छक्के भी लगाये। जडेजा ने वेंकटेश अय्यर को तीन रन पर आउट कर अपना तीसरा विकेट झटका। इसके बाद कोलकाता का कोई बल्लेबाज पिच पर अधिक देर के लिए नहीं टिक सका। रमनदीप सिंह 13 रन और रिंकू सिंह 09 रन बनाकर आउट हुये। आंद्रे रसल 10 रन बनाकर आउट हुये। कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीन चौके लगाते हुए टीम के लिए सर्वाधिक 34 रनों की पारी खेली। अनुकूल रॉय तीन रन और वैभव आरोड़ा एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 137 रन का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे ने तीन-तीन विकेट लिये। मुस्तफिजुर रहमान को दो विकेट मिले। महीश थीक्षणा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

**केकेआर: 137/9**

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का जडेजा बो देशपांडे | 00 |
| सुनील का तीक्षणा बो जडेजा | 27 |
| अंगकृष पगबाधा जडेजा | 24 |
| श्रेयस का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 34 |
| वेंकटेश का मिचेल बो जडेजा | 03 |
| रमनदीप सिंह बो तीक्षणा | 13 |
| रिंकू सिंह बो देशपांडे | 09 |
| रसेल का मिचेल बो देशपांडे | 10 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 03 |
| स्टार्क का रचिन बो मुस्तफिजुर | 00 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 01 |

**गेंदबाजी :** देशपांडे 4-0-33-3, मुस्तफिजुर 4-0-22-2, शारदुल 3-0-27-0, तीक्षणा 4-0-28-1, जडेजा 4-0-18-3, रचिन रविंद्र 1-0-4-0



तुषार देशपांडे

# किक बॉक्सिंग एसोसिएशन को मिली मान्यता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पंच और किक के समन्वय के साथ फुल कांटैक्ट फाइट के तौर पर प्रसिद्ध मार्शल आर्ट किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देने के लिए किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की लखनऊ में हुई वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मौजूद उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ का मान्यता पत्र प्रदान किया।



किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मान्यता के प्रपत्र सौंपते उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव।

इस बैठक में अरविंद शेरवालिया को महासचिव और सुशील कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों में उपाध्यक्ष पद पर डा. संदीप चौधरी, मुख्य सलाहकार सतीश कुमार, सहसचिव अभिषेक मौर्या व निलेश यादव चुने गए। इसके अलावा एडमिन सेक्रेटरी आदित्य मकोरवाल व तातामी हेड सोनू सैनी बनाए गए। लखनऊ से आकाश मौर्य, बनारस से संतोष राइ, कानपुर से शहबे आलम, गाजीपुर से अब्दुल सलाम, रामपुर से प्रेम सिंह, अलीगढ़ से कुलदीप कुमार सहित अन्य जिलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय बताया कि किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश वर्तमान में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त संघ है, जिसे भारत सरकार के खेल मंत्रालय से इस खेल के शासी निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। इसके साथ ही वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन को वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन (वाको) से भी मान्यता प्राप्त है और वाको अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से भी मान्यता मिली है।

# दिल्ली की टीम में हैरी ब्रूक की जगह लेंगे लिजाड विलियम्स

नयी दिल्ली, एजेंसी

अपनी दादी के निधन के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस लेने वाले हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है।



विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला आईपीएल सत्र है। ऐसा माना जा रहा है कि विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज विलियम्स ने 83 टी-20 मैचों में 19.73 की औसत से कुल 106 विकेट चटकाए हैं। अप्रैल 2022 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम में पर्दापण किया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी-20 मैच खेले हैं। वह एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम हिस्सा थे और उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी खेला था। उन्होंने एसए20 में जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए 15 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट में चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

## खेल डायरी

### भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब

**सेन एंटोनियो (अमेरिका)।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे थे।

### गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा।

### अमेरिका ने पहले टी-20 में कनाडा को हराया

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल 50 रन और एंड्रीस गौस के 50 रनों की पारियों के दम पर अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान साद बिन जफर 29 रन और निकोलस किर्टन 27 रनों की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए। अमेरिका ने 133 रनों के लक्ष्य को 17 .3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अमेरिका के स्टीवन टेलर ने 22 रन बनाये। कप्तान मोनांक पटेल ने 34 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा एंड्रीस गौस ने भी 35 गेंद पर पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाये। एरोन जोन्स तीन रन बनाकर आउट हुये।

### भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच का निधन

**लंदन।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच एवं इंग्लैंड के टॉटनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन हो गया है। आयरलैंड के किन्नेयर भारत, नेपाल, विंबलडन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों के कोच रहे थे। किन्नेयर के परिजनों ने रविवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया, "हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि किन्नेयर का आज दोपहर परिवार के बीच निधन हो गया।" वह डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने आयरलैंड के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। टॉटनहम फुटबॉल क्लब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पूर्व खिलाड़ी जो किन्नेयर के निधन का सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है।

### सुमित ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया



**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरूआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी।




## बॉलीवुड हलचल

# अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन पर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का टीजर जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ' 'पुष्पा 2 : द रूल' ' फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन के अवसर पर बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीजर जारी किया। 'पुष्पा 2 : द रूल' का निर्देशन सुकुमार ने किया है। यह 'पुष्पा 1 : द राइज' का सीक्वल है जिसमें अर्जुन ने मुख्य किरदार निभाया था और मलयालम स्टार फहद फासिल एक पुलिस निरीक्षक भंवर सिंह शेखावत की भूमिका में थे। प्रोडक्शन बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने आधिकारिक पेज पर टीज़र साझा किया। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में नजर आएंगी। एक्स पर पोस्ट में कहा गया है, ' 'इसके आगमन का जश्न मनाएं। पुष्पा : 2 का टीजर रिलीज है। अभिनेता अल्लू अर्जुन को 42वें जन्मदिन की शुभकामनाएं।' अल्लू अर्जुन ने आधी रात को उनके हैदराबाद में स्थित घर के बाहर आए प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पुष्पा : 2 के टीजर की तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'मैं जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं। मेरा हृदय आभार से भरा है। कृपया मेरे धन्यवाद को इस टीजर के साथ स्वीकार करें।'



# 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' में दिखेंगे अनन्या- आदित्य

**मुंबई, एजेंसी।** अमेजन फैशन के नए कैम्पेन ' 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' ' में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर दिखायी देंगे। अमेजन फैशन ने अपने नए कैम्पेन, "फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल" को लांन्च करने की घोषणा की है। अमेजन के इस नए कैम्पेन में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ दिखाई देंगे। प्रज्ञा शर्मा, डायरेक्टर-कंज्यूमर मार्केटिंग, अमेजन इंडिया ने कहा, हम अपना नया कैम्पेन, ' 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' ' पेश करते हुए बहुत ही उत्साहित हैं। इस कैम्पेन का उद्देश्य अमेजन फैशन को फैशन के शौकीनों के लिए वन-स्टॉप ऑनलाइन डेस्टिनेशन बनाना है। कपड़ों, जूतों, घड़ियों, एक्सेसरीज़ आदि के विशाल संग्रह के साथ, अमेजन ग्राहकों को टॉप ब्रांडों के सुझावों जैसे ' 'वियर इट विथ' ' जैसे फीचर्स के साथ अपने लुक को आसानी से संवारने में मदद करता है। आसान रिटर्न, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज डिलीवरी जैसे खास फीचर्स के साथ, हम फैशन शॉपिंग के अनुभव को लगातार बेहतरीन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।' ' आदित्य रॉय कपूर ने कहा, मैं जुनून की हद तक फैशन का शौकीन हूं, ऐसे में मैं हमेशा सुकून भरी स्टाइल की तलाश में रहा हूं। मैं अमेजन फैशन के नए कैम्पेन का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेजन फैशन पर शॉपिंग करना बेहद आसान और सुविधाजनक है। यहां सन ग्लासेस, वॉचेज़, शूज़ के विशाल संग्रह के साथ हमेशा समय पर डिलीवरी की सुविधा मिलती है। जिसके कारण शॉपिंग करते वक्त आपको अंदाजा नहीं लगाना पड़ता है। अमेजन की यह सुविधा मुझे अपनी वार्डरोब और भी स्टाइलिश बनाने में मदद करती है। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे ऐसी स्टाइलिंग पसंद है, जिससे मुझे सुकून मिले, और साथ ही मैं आत्मविश्वास भी महसूस हो।



# हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं रणबीर कपूर

**मुंबई, एजेंसी।** रॉकस्टार, एनिमल जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले कपूर खानदान के चश्मोचिराग बॉलीवुड के स्टार रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। वह बॉलीवुड की फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना चाहते हैं। रणबीर का कहना है कि बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम किया है। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्में करने के बजाये भारतीय सिनेमा में योगदान देना चाहते हैं। रणबीर कपूर ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम करने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं बॉलीवुड में अपना नाम बनाने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यदि आप सच में दुनिया भर में नाम कमाना चाहते हैं, तो आपको इसे अपने कल्चर और कैरेक्टर के साथ करना चाहिए।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# बच्चियों की जलने से हुई मौत में प्रधान समेत चार पर केस

## पोस्टमार्टम की हुई वीडियोग्राफी, मुआवजा व गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने किया हंगामा, एडीएम के समझाने पर माने

**भूठा देव का अग्निकांड**

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भूठा देव गांव में रविवार की दोपहर एक घर में संदिग्ध हालात में आग लगने से कमरे में सो रही मां व उसके तीन बच्चे झुलस गए थे, जिसमे दो बच्चियों की मौत हो गई थी। देर रात मामले में पुलिस ने तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत चार लोगों के विरुद्ध हत्या व जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं पीएम के बाद दोनों बच्चियों का शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के सिकहला गांव के मजरा भूठा देव गांव में रविवार दोपहर में अचानक घर के छप्पर में संदिग्ध हालत में आग लग गई थी। जिससे महिला व बच्चे फंस गए थे। किसी तरह रीना ने पुत्र गौरव को आग से बाहर निकाला था और शोर मचाया। आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही आग बुझाने का प्रयास किया था। इसी दौरान रीना आग में फंसी दोनों बेटियों को बाहर निकालने के लिए फिर से घर में चली गई थी। जिसके चलते मां व दोनों बेटियां गंभीर रूप से झुलस गई। लोगों ने चारों को गंभीर हालत में सीएचसी झींझक भेजा था। जहां ईएमओ ने गौरी व अदिती को मृत घोषित कर दिया था। जबकि रीना व उसके पुत्र गौरव का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर कर दिया था। मामले में देर रात मृतका की सास सोमवती की तहरीर पर गांव की प्रधान पूजा देवी, उनके पति अजीत व समर्थक अनूप, सुरेश पर आग लगा कर मार देने व जानलेवा हमले की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की है। वहीं पीएम के बाद सोमवार की दोपहर में जब दोनों बच्चियों के शव घर पहुंचे तो परिजनों ने मौखिक रूप से एक करोड़ मुआवजा, थाना पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई, सरकारी नौकरी व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एएसपी राजेश पांडेय, एसडीएम भूमिका यादव, सीओ शिव ठाकुर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे के बाद परिजन शवों का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए। एडीएम ने बताया, दोनो पक्षों से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मांगों पर विचार किया जाएगा।


शव गांव पहुंचने पर गमगीन परिजन। अमृत विचार


परिजनों को समझाते एडीएम, एएसपी, एसडीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार


सुरक्षा के लिए गांव में तैनात फोर्स। अमृत विचार

### मौत का कारण जलना बताया गया

रविवार को घर में आग की चपेट में आकर हुई मौत में सोमवार को दोनों मासूमों के शवों का पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी के बीच किया गया। जिसमे शवों का शरीर व हार्ट पूरी तरह जल चुका था। दोनों की बॉडी लगभग शत-प्रतिशत जली हुई थी। डॉक्टर ने मौत का कारण जलना बताया है।

### सुरक्षा के चलते तैनात रही पुलिस

मंगलपुर के भूठा देव गांव में घर में जल कर हुई दो बच्चों की मौत के बाद दूसरे दिन सोमवार को शव घर पहुंचने से पहले गांव में हंगामे व सुरक्षा के चलते कई थानों का फोर्स तैनात रहा। पुलिस जवान गांव के मुख्य रास्ते से लेकर तकरीबन हर जगह मुस्तैद नजर आए। इस दौरान चुनाव ड्यूटी के लिए आए तेलंगाना पुलिस बल के जवान भी तैनात रहे।

### मौत से गांव में नहीं जले चूल्हे

भूठा देव में दो मासूमों की मौत के दूसरे दिन गांव के घरों में चूल्हे नहीं जले और गलियों में सन्नाटा पसारा रहा। चारो तरफ केवल आग से जिंदा जलकर मासूमों की मौत होने की चर्चा होती रही।

### मां-बेटा की हालत गंभीर

भूठा देव गांव में आग से झुलसी रीना व उसके मासूम पुत्र गौरव की हालत दूसरे दिन भी गंभीर बनी हुई थी। दोनों को जिला अस्पताल अकबरपुर से कानपुर हैलट रेफर किया गया था। जहां उपचार किया जा रहा है। परिजनों की मानें तो रीना को दोनों मासूम बच्चियों की मौत होने के बावत फिलहाल नहीं बताया गया है।

## आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दल करें प्रचार-प्रसार

**कानपुर देहात।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए लोकसभा चुनाव की आचार संहिता का पालन करने को लेकर विभिन्न दिशा निर्देश दिए। कहा कि राजनीतिक दल आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए प्रचार-प्रसार करें। कहा कि जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां शिकायतें व सुझाव नोट करा सकते हैं। कोई दल किसी मतदान बूथ के दो सौ मीटर के दायरे के अंदर कार्यालय नहीं खोलेगा। बिना अनुमति के सभा, जुलूस, रैली आदि का आयोजन नहीं कर सकेंगे। इस दौरान भाजपा से महेंद्र कटियार व अजय पाल, सपा से शेखू खान आदि मौजूद रहे।

### महिला से मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र मड़ौली गांव निवासी विनिता ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बाहर से नाली निकली हुई है। जिसमे पीड़िता के घर का पानी भी जाता है। जिसको पड़ोसी छोटे लाल, गोविंद, राधेश्याम आदि ने जबरन नाली में ईंट पत्थर ठूंस कर पानी रोक दिया। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गई। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र मंगलवार 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। बुधवार को माता का आगमन अश्व पर और 17 अप्रैल को प्रस्थान हाथी की सवारी से होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। रामनवमी 17 अप्रैल को है। 18 अप्रैल को नवरात्र का पारण होगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए यह बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं शिवायै नमः।

## एक नजर

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**रसूलाबाद।** कस्बा के आजाद नगर निवासी अल्लादीन की 65 वर्षीय पत्नी सरतो गत 29 मार्च को सीढ़ी से नीचे गिरने से घायल हो गई थी। उन्हें उपचार के लिए परिजन सीएचसी रसूलाबाद ले गए थे। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख कर कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार को सरतो की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव को रसूलाबाद ले आए और शास्त्री नगर स्थित कब्रिस्तान में दफन कर दिया।

### पूर्व जिलाध्यक्ष की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**रसूलाबाद।** कस्बा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. रामविलास त्रिपाठी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मंडल अध्यक्ष पंकज दुबे ने कहा कि स्व. रामविलास त्रिपाठी का जनसंघ से लेकर भाजपा में अहम योगदान रहा। जिला महामंत्री जीतू त्रिपाठी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह हमारे आदर्शवादी पिता थे। जो हमेशा समाजहित में चिंतन करने वाले सिद्धांतवादी नेता रहे। इस मौके पर चेयरमैन देवशरण, पिंकी श्रीवास्तव, जर्नादन सिंह ऋषि मौजूद रहे।

### सिठमरा में कलश यात्रा

**रूरा।** क्षेत्र के सिठमरा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में भारी संख्या में पुरुष व महिलाएं शामिल हुए। सोमवार से रामेश्वर मंदिर से गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा की शुरुआत हुई। जिसमें शामिल महिला व पुरुषों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरने का कार्य किया गया। जल भरने के बाद कलश यात्रा बलहा व खरबनवा होते हुए वापस पचरुखिया शिव मंदिर पहुंची। इसके निचली राम गंगा नहर तक गई और वहा से जल भर वापस प्रांगण आई।


पक्का घाट जाने का रास्ता। अमृत विचार



मां मुक्तेश्वरी मंदिर के पास यमुना के पक्के घाट पर स्नान प्रतिबंधित।

## घट स्थापना के साथ मां शैलपुत्री का आज पूजन

संवाददाता, मूसानगर

- मां मुक्तेश्वरी मंदिर में भव्य सजावट, यमुना के पक्के घाट पर स्नान प्रतिबंधित

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र की शुरुआत आज से होगी। पहले दिन आदिशक्ति मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री का धूमधाम के साथ पूजन किया जाएगा। जिसको लेकर माता मुक्तेश्वरी मंदिर में भव्य सजावट की गई है। वहीं लोगों ने अपने घरों में कलश स्थापना की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मूसानगर क्षेत्र के मुगल रोड से दक्षिण दिशा में उत्तर वाहिनी यमुना तट पर स्थित पौराणिक सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्र को लेकर भव्य सजावट की गई है। मंगलवार को पहले दिन कई जिलों से लोग माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मंदिर के पुजारी शिवशंकर अग्निहोत्री ने बताया कि दानवीर राजा बलि ने माता मुक्तेश्वरी मंदिर का निर्माण कराया था। जिसका वर्णन श्रीमद्भागवत महापुराण में आता है। इसी स्थान पर राजा बलि ने 99 यज्ञ कराए थे। यह मंदिर पुरातत्व विभाग के अनुसार करीब पांच हजार वर्ष पुराना बताया जाता है। उत्तर वाहिनी यमुना तट पर स्थित होने के कारण यह लघु गया के नाम से प्रसिद्ध है। शिव पुराण के अनुसार इसी स्थान पर माता सती का मुकुट गिरा था। जिससे इनका नाम मुकुटेश्वरी पड़ा, जो समय के अनुसार बदल कर अब मुक्तेश्वरी है। दुर्गा सप्तशती में भी इनका वर्णन आता है। पुजारी ने बताया कि माता मुक्तेश्वरी दिन में तीन रूप बदलती हैं। सुबह पहर कन्या, दोपहर वयस्क और शाम के समय वृद्ध अवस्था में मां के दर्शन होते हैं। वहीं नवरात्र पर मुक्ता देवी यमुना तट उत्तर वाहिनी पक्के घाट पर स्नान करने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। क्योंकि पक्के घाट पर अधिक गहरा कुंड है, जो जानलेवा हो सकता है। सूचना बोर्ड लगा कर पक्के घाट के दोनों ओर सौ मीटर दूर स्नान करने के लिए कहा गया है। थाना प्रभारी दिनेश गौतम ने बताया कि घाट से लेकर मंदिर परिसर व मेला ग्राउंड में प्वाइंट बना कर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।


नवरात्र में पूजन सामग्री की सजी दुकान। अमृत विचार

## नगर पंचायत कर्मियों ने डंप किया कूड़ा लगी आग

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के सूरजपुर गांव के पास मनकी रोड स्थित एक आतशबाजी गोदाम के पीछे नगर पंचायत के डाले गए कूड़े में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नगर पंचायत कर्मियों के सहयोग से आग बुझाई।

ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत कर्मियों द्वारा क्षेत्र से सफाई कर कूड़ा उठाकर आतिशबाज (पटाखा) गोदाम के पीछे डाल दिया जाता है। सोमवार को कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। लपटे पटाखा दुकान तक जा रही थी।

मौके पर पहुंचे मूसानगर के थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने पुलिस कर्मियों व नगर पंचायत कर्मियों के सहयोग से टैंकर से पानी डालकर आग बुझाई गई। तब आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

## तेज धूप से फंगल इंफेक्शन व स्केबीज के बढ़ रहे रोगी

संवाददाता राजपुर

- चिकित्सक लोगों को साफ सफाई समेत अन्य बचाव की दे रहे सलाह

**अमृत विचार।** चटक धूप शुरू होते ही चर्म रोगियों की संख्या बढ़ रही है। लोग फंगल इंफेक्शन और स्केबीज की चपेट में आ रहे हैं। शरीर में लाल दाने और चकत्ते पड़ रहे हैं। राजपुर अस्पताल की ओपीडी में रोजाना औसतन 80 मरीज पहुंच रहे हैं।

तापमान बढ़ने से दाद, खाज, खुजली के मरीजों में इजाफा हुआ है। लोगों के शरीर पर छोटे-छोटे दाने निकल रहे है। वहीं खुजली से बच्चे, बुजुर्ग व नौजवान परेशान हैं। राजपुर पीएचसी की ओपीडी में चर्म रोग संबधी मरीजों की भीड़ लग रही है। डाक्टरों को मर्ज दिखाने के लिए रोजाना औसतन 70- 80 मरीज पहुंच रहे हैं। जिनमें अधिकांश मरीज फंगल इंफेक्शन और स्केबीज से पीड़ित हैं। यह बीमारी पसीने से हो सकती है। अंगुलियां के बीच, कलाइयों, जांघ व अन्य अंगों पर अधिक प्रभाव होता है। बार-बार खुजली करने पर अंगों पर लाल दाग का निशान पड़ जाता है।

राजपुर पीएचसी के चिकित्सक डॉ शिवकुमार ने बताया कि डॉक्टर की सलाह से ही पीड़ित कोई दवा या इलाज करें। बताया कि यह पसीने से होने वाली बीमारी है। कहा कि इस दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। डॉक्टर से सलाह लिए बिना कोई भी क्रीम व दवा बाजर से न खरीदें।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**रूरा।** थाना क्षेत्र के बहिरी उमरी गांव निवासी जय बहादुर (65) पुत्र विश्राम सिंह कानपुर गए हुए थे। शाम को वह पैसेंजर ट्रेन से घर वापस अपने गांव बहिरी उमरी आ रहे थे। वह पैसेंजर ट्रेन से अंबियापुर रेलवे स्टेशन पर उतर कर डीएफसीसी डाउन ट्रैक पार करते समय खंभा नंबर 540/31 के पास से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी रामवती और पुत्र रवि ,राम सिंह शैलेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र का रो रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंचे सिठमरा चौकी प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


सोमवती अमावस्या पर पीपल वृक्ष की पूजा करती महिलाएं। अमृत विचार

## पीपल की पूजा व परिक्रमा कर पति के दीर्घायु की कामना

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने किया पूजन

**अमृत विचार।** सोमवती अमावस्या पर सोमवार को महिलाओं ने पीपल की पूजा व परिक्रमा कर पति के दीर्घायु होने की कामना की।

सोमवती अमावस्या पर पीपल वृक्ष की पूजा करने के लिए महिलाओं ने भोर पहर ही उठकर स्नान करने के बाद अपने-अपने घरों में पकवान बनाए। पूजन सामग्री लेकर घरों के पास स्थित पीपल के वृक्षों पर गई और महिलाओं ने विधिविधान से पीपल के वृक्ष की पूजा कर परिक्रमा लगाते हुए पति के लंबी उम्र की कामना की। किवदंती है कि एक कन्या का विवाह नहीं हो रहा था। तब उसके अभिभावकों को बताया कि यदि अन्य महिला अपना सुहाग कन्या को दे तो उसका विवाह हो सकता है। अभिभावकों के अनुरोध व कन्या की सेवा पर जब सोना नाम की महिला ने कन्या को अपना सुहाग दिया तो महिला के पति की मौत हो गई। महिला जब कन्या के घर से वापस लौट रही थी। तब उसने पीपल के वृक्ष की पूजा कर परिक्रमा की तो उसका पति दोबारा जीवित हो गया। तभी से सोमवती अमावस्या की कथा प्रचलित हो गई है। अकबरपुर, पुखरायां, रूरा, शिवली, मूसानगर, रनियां, सिकंदरा, संदलपुर, रसूलाबाद आदि स्थानों में महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी उम्र होने की कामना की।



# माता का आगमन घोड़े पर तो हाथी पर होगी विदाई

## सर्वार्थ व अमृत सिद्धि योग के संयोग में आज से चैत्र नवरात्र, मंदिरों में होने लगीं तैयारियां, घरों में मां के पूजन की उमंग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


आज से देवी मंदिरों में उमड़ेगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। इस बार नवरात्र की शुरुआत बेहद शुभ योग में हो रही है। मां शेरावाली का घोड़े पर आगमन होगा तो विदाई हाथी पर होगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि योग में नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है ।

आचार्य भृगुनंदन शुक्ला ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा मंगलवार को पड़ रही है। मां घोड़े पर सवार होकर धरती पर आएंगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि नवरात्र में माता घोड़े पर सवार होकर धरती पर आती हैं तो समाज के लिए यह शुभ संकेत नहीं है। साधकों को जीवन में आ रहे संकटों से भी छुटकारा दिलाता है यानि जीवन में यह समय बड़ा बदलाव ला सकता है। मां का घोड़े पर आने का अर्थ है कि भविष्य में प्राकृतिक आपदा आ सकती है।

आचार्य ने बताया नवरात्र का समापन 17 अप्रैल बुधवार को होने से माता के प्रस्थान की सवारी गज (हाथी) होगी। माता का हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करना शुभ संकेत होता है। यह अच्छी बारिश, खुशहाली और तरक्की का संकेत देता है। चैत्र नवरात्र से ही नव संवत्सर का आरंभ भी होता है। इस बार चैत्र नवरात्र की शुरुआत खरमास में हो रही है। 13 अप्रैल को खरमास समाप्त होंगे। नवरात्र के प्रथम दिवस पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण प्रातः काल 07 बजकर 32 से हो रहा है। दोनों योग संध्या काल 5 बजकर 06 मिनट तक है।

**ऐसे करें माता की पूजा:** श्री शुक्ल का कहना है कि मार्कंडेय व देवी पुराण के अनुसार देवी पूजा और व्रत उपवास नियम के अनुसार करने चाहिए वरना फल नहीं मिल पाता है। 9 दिनों में पूरी तरह से संयम रखना चाहिए और इंद्रियों पर नियंत्रण रखना चाहिए। ऐसा करने से आध्यात्मिक और शारीरिक शक्ति बढ़ती है। वहीं मां दुर्गा भी प्रसन्न होती हैं। 9 दिनों के उपवास का संकल्प लेना चाहिए। सीधे हाथ में जल लेकर उसमें चावल फूल एक सुपारी और एक सिक्का रखें। अपनी कामना की पूर्ति के लिए मन में संकल्प लें और माता के चरणों में उसी जल को छोड़ दें। हो सके तो माता की पूजा के बाद प्रतिदिन एक कन्या की पूजा कर भोजन करा दक्षिणा भी दें। प्रथम दिन घर के मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं।

### ये हैं घट स्थापना के शुभ मुहूर्त

9 अप्रैल को सुबह 7.32 बजे तक पंचक है। इसके बाद घट स्थापना शुभ है। इसके बाद 9.11 बजे तक अशुभ चौघड़िया रहने वाला है। इस समय का त्याग करें। इसके बाद शुभ चौघड़िया 9.12 बजे से 10.47 बजे तक है। इस दौरान चाहें तो घट स्थापना कर सकते हैं। वैसे घट स्थापना का सर्वोत्तम मुहूर्त 11.57 बजे से 12.48 बजे तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना करना शुभ माना गया है।

### अद्भुत योग में बरसेगी माता की कृपा

आचार्य श्री शुक्ल ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों में अद्भुत योग बन रहे हैं, भक्तों पर माता की विशेष कृपा बरसेगी। घट स्थापना के दिन गुरु व चंद्रमा की मेष राशि में युति से गजकेसरी योग बन रहा है। वहीं मेष में सूर्य और बुध का संयोग बुधादित्य राजयोग बना रहा है। शुक्र-बुध के साथ मीन राशि में होंगे जिससे लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। साथ ही शुक्र के उच्च राशि मीन में होने से मालव्य राजयोग बन रहा है। इसके अलावा इस दिन अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी बन रहा है। ऐसे में इतने सारे योग का एक दिन ही निर्माण होना बेहद शुभ माना जा रहा है। नवरात्र की द्वितीया पर सर्वार्थ सिद्धि व रवि योग, तृतीया पर रवि , प्रीति व आयुष्मान योग, चतुर्थी पर सौभाग्य व रवि योग, पंचमी पर शोभन योग, षष्ठी पर त्रिपुष्कर योग, सप्तमी पर सर्वार्थ सिद्धि व सुकर्मा योग, महाअष्टमी पर सर्वार्थ सिद्धि , रवि व धृति योग तथा महा नवमी पर पूरे दिन रवि योग रहेगा।

### मां को अर्पित करें उनके प्रिय भोग

नवरात्र में देवी के नौ रूपों की पूजा और नौ दिन के व्रत का बहुत महत्व है। आचार्य ने बताया कि मां शैलपुत्री को सफेद चीजें जो गाय के घी में बनी हों का भोग लगाने से रोगों से मुक्ति मिलती है। मां ब्रह्मचारिणी को मिश्री, पंचामृत और चीनी का भोग लगाने से दीर्घायु प्राप्त होती है। मां चंद्रघंटा को दूध व उससे बनी चीजों का भोग लगाने से सभी दुखों का नाश होता है। मां कुष्मांडा को मालपुए का भोग लगाने से बौद्धिक विकास होता है। मां स्कंदमाता को केले का भोग लगाने से मनुष्य की बुद्धि का विकास होता है। मां कात्यायनी को शहद का भोग लगाने से सुन्दर व्यक्तित्व की प्राप्ति होती है। मां कालरात्रि को गुड़ का भोग लगाने से व्यक्ति शोकमुक्त होता है। मां महागौरी को हलवे का भोग लगाने से सभी मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं तथा नवमी पर मां सिद्धिदात्री को विभिन्न प्रकार के अनाजों का भोग जैसे हलवा, चना, पूरी आदि का भोग लगाने से जीवन में सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# ईद पर चढ़ेगा मेहंदी का रंग, हाथों में खनकेंगी चूड़ियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


पर्व की खरीदारी के लिए बाजारों में बढ़ी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ईद का त्योहार फिर से खुशियां लेकर आ रहा है। हर कोई उत्साह और उमंग में अभी से डूबा हुआ है। ऐसे महिलाएं और युवतियां ईद पर सजने संवरने की तैयारी में लगी हैं। इस बार ईद पर महिलाओं के हाथों में मेहंदी का रंग खूब चढ़ेगा और चूड़ियों की खनक सुनाई देगी। यूं तो ईद का त्योहार सभी के जीवन में खुशियां लेकर आता है। इसके लिए एक वर्ष का लंबा इंतजार और एक माह के रोज़े से होकर गुजरना होता है। लंबे और कठिन रोज़े रखने के बाद जब ईद का चांद नजर आता है तो लोग खुशी में झूम उठते हैं।

ईद पर महिलाओं की खुशी अलग ही दिखाई देती हैं। ईद को लेकर महिलाएं जहां घर में पकवान आदि से लेकर साज सज्जा करती दिखाई देती है तो वहीं अपने आप को ईद पर अलग दिखाने के लिए जमकर खरीदारी भी करती हैं। महिलाएं कपड़ों से लेकर फुटवियर आदि के साथ चूड़ियों की खास तौर पर खरीद करती हैं। ऐसे में एक बार फिर चूड़ियों का बाजार फिर से खनक उठा है। महिलाएं और युवतियां चूड़ी बाजार पहुंचकर तरह तरह के रंग और डिजाइन की चूड़ियां खरीद रहीं हैं। चौक बाजार, चूड़ी वाली गली, बाकरगंज, हरिहरगंज, राधानगर समेत अन्य बाजारों में महिलाएं और युवतियां बड़ी संख्या ने पहुंचकर बनाए गए कपड़ों के मेल खाती चूड़ियों को खरीद रहीं हैं।

### पर्व को लेकर कारोबार चमका

ईद के मौके पर इस बार ब्यूटी पार्लर और सौंदर्य का कारोबार भी अच्छा चल रहा है। बड़ी संख्या में महिलाओं ने चांद रात वाले दिन पर तैयार होने के लिए आर्डर दिए हैं। कई महिलाओं और युवतियों ने अपने आप को तैयार होने के लिए सौंदर्य सामान की खरीद की है।

### पूरी रात हुई मस्जिदों में इबादत

रमजान के मुबारिक मौके पर 26वें रोजे की रात में 27वीं शबे कद्र मनाई गई। इस दौरान शहर क्षेत्र की मस्जिदों को सजाया गया। रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है। ईद को लेकर घरों में तैयारिया भी चल रही हैं। शनिवार को 26वे रोजे की रात 27वी शबे कद्र घरों व मस्जिद में मनाई गई। ईशां व तरावी की नमाज के बाद कुरान-ए-पाक मुकम्मिल हुआ। मस्जिदों में हाफिजों को नजराना पेश किया गया। वही सारी रात इबादतों का दौर चलता रहा।

# गैंगस्टर मामले की केस डायरी गायब, बैठी जांच

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** चांदपुर थाने में दर्ज गैंगस्टर मामले की केस डायरी गायब हो गई। मामले का खुलासा आईजीआरएस की जांच रिपोर्ट आने के बाद हुआ। प्रकरण में जांच बैठाई गई है। चांदपुर थाने के धमिनाखुर्द निवासी दिनेश कुमार ने एडीजी से गैंगस्टर अपराध के मामले में कोर्ट में चार्जशीट न पहुंचने की शिकायत की थी। जांच एएसपी विजय शंकर मिश्र ने की। एएसपी ने जांच में रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि तत्कालीन थानाध्यक्ष कैलाश नाथ ने 14 नंवबर 2018 को गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था।

विवेचना तत्कालीन एसएचओ जाफरगंज चिरंजीव मोहन ने की। उनके बाद 25 फरवरी 2019 को तत्कालीन एसएचओ जाफरगंज एमपी सिंह ने की। आरोप पत्र व पूरी केस डायरी 14 मई 2019 को सीओ जाफरगंज पेशी कार्यालय परीक्षण को पहुंची। सीओ कार्यालय से कोर्ट में दाखिल करने के लिए नौ अगस्त 2019 को तत्कालीन चांदपुर थाने के पैरोकार आरक्षी श्याम मोहन पांडेय ने सीओ कार्यालय से प्राप्त किया है। चांदपुर थाने में 19 जनवरी 2020 को आरक्षी की हार्टअटैक से मौत हो गई। तत्कालीन हेड मोहर्रिर मनोज कुमार से केस डायरी के संबंध में पूछताछ की। उसने अनभिज्ञता जाहिर की है। केस डायरी थाना कार्यालय मालखाने में तलाश की गई, कोई पता नहीं लगा। कोर्ट में छह सितंबर 2019 को मुकदमे की उपस्थित है, लेकिन केस डायरी का पता नहीं लगा। एएसपी ने बताया कि आख्या अधिकारियों को भेजी गई है। मामले की प्रारंभिक जांच क्षेत्राधिकारी अपराध प्रगति यादव को दी गई है।

# नर्सिंग होम में प्रसव, मौत पर हंगामा

संवाददाता, रसूलाबाद कानपुर देहात


अस्पताल के बाहर पुलिस व परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा के अंशिका हॉस्पिटल में झोलाछाप द्वारा प्रसव कराने के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। कानपुर ले जाते समय प्रसूता की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रख हंगामा शुरू कर दिया।

मेघजाल निवासी आनंद राजपूत पुत्र सियाराम ने आशा प्रीति शुक्ला के कहने पर सोमवार को पत्नी सुधा (22) को प्रसव कराने के लिए कस्बा स्थित अंशिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। अस्पताल में झोलाछाप द्वारा महिला का प्रसव कराने से प्रसूता की हालत बिगड़ गई। कानपुर ले जाते समय प्रसूता ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत की जानकारी होने पर अंशिका हॉस्पिटल का संचालक और अन्य स्टाफ अस्पताल के गेट पर ताला डालकर फरार हो गए। गुस्साए मृतका के परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर कस्बा इंचार्ज देव नारायण द्विवेदी मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में ले लिया।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव ने ली शपथ

संवाददाता, बिंदकी- फतेहपुर

- मुख्य अतिथि के रूप में जिला न्यायाधीश रहे मौजूद

**अमृत विचार।** जनपद के मुख्य न्यायाधीश की मौजूदगी में अधिवक्ता संघ बिंदकी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं महासचिव के अलावा अन्य सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश तथा ग्राम न्यायाधीश सहित मौजूद लोगों का फूल मालाओं से स्वागत।

सोमवार को नगर के तहसील परिसर के सभागार भवन में मुख्य न्यायाधीश रंणजय कुमार वर्मा की मौजूदगी में अधिवक्ता संघ बिंदकी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव तथा महासचिव बृजेश कुमार बाजपेई को शपथ दिलाई गई। इसके अलावा अधिवक्ता संघ के निर्विरोध हुए पदाधिकारी कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, संयुक्त सचिव प्रशासन रंगीलाल, संयुक्त सचिव प्रशासन प्रमोद कुमार, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पुष्पेंद्र सिंह को शपथ ग्रहण कराया गया।

# शोषण का पता लगने पर युवती को खिलाया जहर

**फतेहपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने शनिवार को कोतवाली खागा में दी तहरीर में बताया कि चंदन सिंह नाम का युवक काफी समय से उसकी 21 वर्षीय पुत्री का बहला-फुसलाकर यौन शोषण कर रहा था। परिजनों को मामले का पता लगने पर आरोपी ने पुत्री को बुलाकर खाने में जहरीला पदार्थ दे दिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। प्रभारी कोतवाली डीसी मिश्रा ने बताया कि चंदन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### एफएसटी टीमें ई-एसएमएस एप से करेंगी सीजर कार्रवाई

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप में संपन्न कराए जाने को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में प्रभारी अधिकारियों के साथ मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में बैठक संपन्न हुई। सोमवार को बैठक में प्रभारी अधिकारियों को बताया गया कि विभिन्न एफएसटी/एसएसटी टीमों द्वारा सीजर की कार्रवाई ऑनलाइन ई-एसएमएस एप के माध्यम से की जाएगी। इसके संबंध में सभी प्रभारी अधिकारियों व जिला नोडल ऑफिसर को विस्तृत प्रशिक्षण भी दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों के अनुरूप आपस में समन्वय कर कर्तव्यों का निर्वहन करें। एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी त्रिभुवन प्रसाद समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 370 अतिरिक्त वोट डलवाने की जिम्मेदारी बूथ प्रबंधन की

**कानपुर देहात।** भाजपा की सिकंदरा विधानसभा बूथ प्रबंधन की बैठक सिकंदरा विधानसभा में राज्यमंत्री अजीत पाल के आवास व भोगनीपुर विधानसभा बूथ प्रबंधन की बैठक विदुर कुटी पुखरायां में हुई। सोमवार को भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने दोनों जगहों पर बूथ प्रबंधन की बैठक ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिला कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को सभी बूथों पर 20 कार्यों का क्रियांवयन करना है। इसमें पन्ना प्रमुख संबंधित कार्य घर-घर जन संपर्क मोर्चा की बैठक करते हुए प्रचार प्रसार करेंगे। हर बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट डलवाने की जिम्मेदारी बूथ प्रबंधन के द्वारा ही संभव होगी। जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, राज्यमंत्री अजीत पाल, पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी, मदन पांडेय, विनोद कटियार, श्याम सिंह सिसोदिया, राजेश तिवारी, विजय सोनी, सौरभ मिश्रा, करुणा शंकर दिवाकर आदि मौजूद रहे।

### मीना मंच की अध्यक्ष गीता तो पावर एंजल बनीं प्रांशी

**रनियां।** सोमवार को कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सरवनखेड़ा में मीना मंच सुगमकर्ता प्रीति त्यागी के सहयोग से मीना मंच का गठन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष गीता, कोषाध्यक्ष अनुराधा, सचिव शुभी, पावर एंजल वन प्रांशी, पावर एंजल दो खुशबू, पावर एंजल तीन छवि, सदस्य अभय शर्मा, अजय शर्मा, आर्यन, विशाल, भावना, दीपाली, सोनिका, दिव्यांशी, सुमन, सृष्टि आदि को चयनित किया गया। अनीता कुमारी ने कहा कि मीना मंच के सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और विद्यालय के माहौल को सुगम बनाए जाने में अध्यापकों का निरंतर सहयोग किया जाएगा। मीना मंच के पदाधिकारियों को उनके कार्यों के प्रति सदैव प्रोत्साहित किया जाएगा। इस मौके पर शिक्षक धर्मेंद्र सिंह, विपिन कुमार, सुमन यादव, शिल्पा पालीवाल, नीतू पांडेय, दीपमाला मिश्रा, रीना, विटिकेश्वर, शालपर्णी, अनुदेशक ऋषभ बाजपेई, अर्चना पांडेय, हाकिम सिंह आदि मौजूद रहे।

### विदाई समारोह में प्रधान ने बच्चों को बांटे उपहार

**राजपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के रमऊ प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव और कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान ने कक्षा में उत्तीर्ण करने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर बुलंदियों को छूने के लिए प्रेरित किया। सोमवार को राजपुर ब्लाक क्षेत्र के रमऊ प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव में ग्राम प्रधान सैय्यद जमाल अहमद ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का कथन है कि शिक्षा शेरनी का दूध रूपी है, जो जितना पीएगा वह उतना ही दहाड़ेगा। उन्होंने कक्षा पांच में उत्तीर्ण हुए 25 छात्र-छात्राओं को उपहार में पेंसिल, बाक्स, कापी, किताबें व अन्य उपहार भेंट किए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक आशुतोष मिश्रा, सहायक अध्यापक अतुल कुमार, शिक्षामित्र शाहीन, कन्याकुमारी, अदीबा, यूनिसेफ एडवाइजर शीरीन, सरनाम सिंह पुष्पा कटियार, प्रियंका कटियार आदि मौजूद रहे।

### गौशाला के लिए चिह्नित भूमि से हटवाया कब्जा


अतिक्रमण ढहाती जेसीबी। अमृत विचार

**मूसानगर।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के किशवा गांव में पंचायत स्तर पर गौशाला बनाने के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने जमीन का चिह्नांकन किया है। राजस्व व पुलिस टीम के साथ किशवा गांव पहुंचे एसडीएम ने जमीन की पैमाइश कराई। जमीन पर कब्जा मिलने पर जेसीबी से हटवा दिया गया। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत चपरेहटा के मजरा किसवा गांव में डेढ़ बीघा जमीन तहसील प्रशासन ने गोशाला बनाने के लिए प्रस्तावित की है। सोमवार को जमीन की पैमाइश एवं चिंहाकन करने के लिए एसडीएम सर्वेश सिंह, लेखपाल प्रवीन शुक्ला, थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान गांव की खाली पड़ी जमीन की पैमाइश कराई गई। कुछ जमीन पर ग्रामीणों ने कूड़ा डालकर व कंडे आदि रख कर कब्जा कर लिया था। अधिकारियों ने जमीन से कब्जा हटवा दिया। एसडीएम सर्वेश सिंह ने कहा कि जमीन को खाली करा दिया गया है। इसपर गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। दोबारा कोई इस जमीन पर कब्ज़ा न कर सके। इसलिए बांस-बल्ली गड़वाकर तार से घेराव किया जा रहा है।

### नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति किया जागरूक

**रसूलाबाद।** ताजपुर के कंपोजिट विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन बच्चों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ने किया। सोमवार को रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ताजपुर के कंपोजिट विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव के प्रमुख नुक्कड़ों पर मतदाताओं को जागरूक किया। इसके माध्यम से उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रेरणा दी गई। जिससे जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए मतदान के महत्व को संजीवनी बनाना है। इसके माध्यम से सभी मतदाताओं को सक्रिय रूप से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे सभी समृद्धि और सकारात्मक परिवर्तन के लिए अपने हक का उपयोग कर सके। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जय सिंह यादव ने चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने वाले बुजुर्ग मतदाताओं को फूलमाला पहनाकर सम्मानित भी किया।

महंगाई डायन

अभिभावकों को कांवेंट की पढ़ाई कराना हुआ मुश्किल, कमीशन के चक्कर में स्कूलों की ओर से भी काटी जा रही जेब

# कॉपी-किताबों से लेकर टाई-बेल्ट के भी बढ़े दाम, बिगड़ रहा बजट

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात


दुकान में लगी कॉपी-किताबें व स्टेशनरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवीन शैक्षणिक सत्र आरंभ हो चुका है और परिषदीय विद्यालयों में सब कुछ मुफ्त में देकर बच्चों का नामांकन कराने के लिए स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है। जबकि कांवेंट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों का बजट बिगड़ गया है। कापी-किताब की बढ़ी कीमतों ने उनकी मुश्किल बढ़ा दी है।

पुस्तकों की दुकानों पर कापी-किताब के अलग-अलग सेट लगा दिए गए हैं। स्कूलों से उनकी सेटिंग है। मनमाने दाम वसूल किए जा रहे हैं। स्कूल ड्रेस, टाई, बैग, जूते-मोजे भी विद्यालयों की सहमति वाले दुकानों पर ही मिल रहे हैं। कांवेंट स्कूलों की शिक्षा दिन ब दिन महंगी होती जा रही है। एडमीशन को लेकर अभिभावकों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। साधन संपन्न लोगों के लिए तो प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना कोई मुश्किल काम नहीं है, लेकिन मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ता जा रहा है। हर साल स्कूलों में बदले जाने वाला कोर्स भी इतना महंगा हो गया है कि अभिभावकों को खरीदना मुश्किल हो रहा है। सीबीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की गई हैं, लेकिन अब भी कुछ स्कूलों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाई जा रही हैं। विद्यालय संचालकों ने पुस्तक विक्रेताओं से समझौता कर रखा है। कुछ विद्यालय तो अपने लोगों से ही पुस्तकों से लेकर ड्रेस, टाई, बैग, जूते, मोजे तक की बिक्री करा रहे हैं।

**कक्षा एक में प्रवेश को न्यूनतम आयु सीमा छह वर्ष:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियांवयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस नीति में दिए गए प्रावधानों के मुताबिक एक अप्रैल से शुरू हुए नए सत्र में बेसिक से लेकर माध्यमिक स्तर तक की प्रत्येक कक्षा में प्रवेश के लिए बच्चों एवं छात्र-छात्राओं की आयु का निर्धारण कर दिया गया है।

कक्षा एक में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु छह वर्ष निर्धारित की गई है। अब छह वर्ष की उम्र पूरा करने वाला हर बच्चा कक्षा एक में प्रवेश ले सकेगा, यह उसका अधिकार होगा। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा का पत्र भी बीएसए समेत मंडलीय सहायक निदेशक और डायट के प्राचार्यों को भेजा जा चुका है। जिसके अनुसार प्री-स्कूल (नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी) की कक्षाएं संचालित करने वाले विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे प्री-कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु का निर्धारण इस प्रकार करें कि कोई भी बच्चा छह वर्ष से कम की उम्र में कक्षा एक में प्रवेश के लिए वंचित न हो। यह आयु निर्धारण राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार ही होना चाहिए। फाउंडेशनल कोर्स के तहत प्री-स्कूल की शिक्षा पांच वर्ष की होगी। इसमें तीन वर्ष तक प्रीपेटरी कक्षाएं और दो वर्ष तक कक्षा एक और दो की कक्षाएं शामिल होंगी। इस पांच वर्ष की शिक्षा को ग्रहण करने के लिए तीन से आठ वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। यह पांच वर्ष की शिक्षा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से दी जाएगी। कक्षा तीन से कक्षा पांच की पढ़ाई के लिए बच्चों की आयु आठ से 11 वर्ष तय है। कक्षा छह से कक्षा आठ तक की पढ़ाई के लिए 11 से 14 वर्ष की आयु होनी चाहिए। माध्यमिक शिक्षा में कक्षा नौ से 12 तक की शिक्षा के लिए 14 से 18 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। शिक्षा का नया सत्र शुरू हुए एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है और धड़ाधड़ नामांकन किए जा रहे हैं। अब देखना है कि नई शिक्षा नीति का पालन शिक्षण संस्थानों की तरफ से कितना किया जाता है।

### कक्षावार पुस्तकों के मूल्य

- तीन से चार हजार रुपये प्ले ग्रुप से कक्षा दो तक।
- चार से पांच हजार रुपये कक्षा तीन से पांच तक।
- छह हजार रुपये कक्षा आठ।
- 6500 रुपये कक्षा नौ।
- सात हजार रुपये कक्षा दस।
- 7500 रुपये कक्षा ग्यारह।
- आठ हजार रुपये कक्षा बारह।

### बोले अभिभावक


स्कूल में हर साल कोर्स बदल दिया जाता है। जिससे वह किताबें दूसरे बच्चों को काम नहीं आती हैं। हर साल बच्चों को नए कोर्स की पुस्तकें खरीदना पड़ता है। आज की महंगाई को देखते हुए बच्चों को पढ़ाना मुश्किल है।

-सुशील कुमार, अभिभावक


शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि हर कोई अभिभावक अपने बच्चों को दिन रात मेहनत करने के बाद भी सही नहीं पढ़ा सकता। हर साल कोर्स न बदला जाए तो दूसरे गरीब परिवार के बच्चे भी इन पुस्तकों से पढ़ाई कर सकते हैं।

-राहुल शुक्ला, अभिभावक


स्कूलों में महंगे कोर्स और ऊपर से स्कूलों में हर साल हो रही फीस वृद्धि के चलते बच्चों को पढ़ाना चुनौतिपूर्ण बनता जा रहा है। बच्चों की फीस के अलावा अनेकों खर्च से अभिभावकों की जेब ढीली हो जाती है।

-अभिषेक गुप्ता, अभिभावक


स्कूल से महंगा कोर्स, टाई, बेल्ट, जूते, मोजे खरीदना मुश्किल है। अभिभावक बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं। खर्च का बोझ इतना है कि बच्चों को कैसे पढ़ाएं। जिनके दो बच्चे है उनको और भी महंगाई की मार झेलनी पढ़ रही है। -प्रदीप तिवारी अभिभावक

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# औंग की पैनम फैक्ट्री में हेल्पर की मौत, हंगामा

## सैकड़ों की संख्या में फैक्ट्री में घुसीं महिलाओं पर की पानी की बौछार, भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने समझाया

संवाददाता औंग

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एक फैक्ट्री में हेल्पर के तौर पर काम कर रहा एक युवक तार का बंडल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। फैक्ट्री के कर्मियों ने उसे चोरी छिपे गंभीर हालत में कानपुर पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने फैक्ट्री के अंदर घुसकर हंगामा शुरू कर दिया। मामले की जानकारी पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और काफी जोरआजमाइश के बाद मामला शांत हुआ।



रामनरेश।

बकेवर थाना क्षेत्र के रतनपुर मजरे पधारा गांव निवासी रामनरेश पुत्र रामपाल गोधरौली स्थित पैनम फैक्ट्री में क्रेन के हेल्पर पद पर काम करता था। सोमवार की भोर फैक्ट्री में वह तार का बंडल क्रेन में फंसा कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट करवा रहा था। तभी क्रेन में लगा तार अचानक टूट गया और तार का बंडर रामनरेश के ऊपर गिर गया। यह देख फैक्ट्री कर्मियों में हड़कंप मच गया। बिना किसी को सूचना दिए उसे गंभीर हालत में कानपुर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी पर पधारा गांव से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण व परिजन फैक्ट्री में घुस गए और हंगामा शुरू कर दिया। फैक्ट्री के अंदर शव के साथ भारी संख्या में महिलाओं के हंगामा करने की सूचना पर औंग, कल्याणपुर पुलिस, सीओ बिन्दकी सुशील कुमार दुबे, एसडीएम अवनीत कुमार, नायब तहसीलदार अमरेश भी पहुंचे। ग्रामीणों व परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद उन्हें समझाकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।



गेट पर मौजूद कई थानों की पुलिस। अमृत विचार



रोते-बिलखते परिजनों को समझातीं थानाध्यक्ष। अमृत विचार

### मौत बांट रहीं फैक्ट्रियां, सप्ताह भर में तीसरी बड़ी घटना

**औंग।** छह दिन पूर्व टायर कंपनी व मैदा मिल की घटनाओं में फंसे मालिकान अपनी कंपनी व खुद को बचाने के लिए पैसा और पहुंच के जरिए प्रयास में लगे ही थे कि सोमवार भोर पहर नेशनल हाईवे स्थित पैनम फैक्ट्री में फिर एक मौत और हो गई। परिजनों का आरोप है कि फैक्ट्री वाले घर वालों को सूचना न देकर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से चोरी छिपे लिए जा रहे थे। जब परिजनों को जानकारी किसी अन्य के द्वारा मिली तो सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने हंगामा किया। तब कहीं जाकर कंपनी मालिकान ने शव वापस फैक्ट्री में लाकर रखा और उनसे इलाज का बहाना बताया गया।

### घटना का सबूत मिटाया गया

रामनरेश गोधरौली स्थित पैनम फैक्ट्री में कई सालों से काम कर रहा था। उसने बीच में काम छोड़ दिया था और फिर इधर करीब एक साल से लगातार कंपनी में बतौर हेल्पर का काम कर रहा था। बताया जाता है कि सोमवार भोरपहर कंपनी के अन्दर हाइड्रा से तार के बंडल को लेकर स्टोर में पहुंचा रहा था तभी हाइड्रा का तार टूट गया और तार मजदूर के ऊपर गिर गई। आरोप है कि सुबूत मिटाने के लिए लहुलुहान जमीन को पानी से आनन-फानन में धो डाला गया।

> पूरे घटनाक्रम में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है। मामले की कोई तहरीर परिजनों की ओर से नहीं दी गई है। फिलहाल पूरे मामले की जांच-पड़ताल पुलिस कर रही है।
>
> -सुशील कुमार दुबे, सीओ बिन्दकी

### एसडीएम व सीओ मौके पर पहुंचे

थाना औंग पुलिस की सूचना पर बिन्दकी एसडीएम अवनीत कुमार, सीओ सुशील कुमार द्विवेदी व नायब तहसीलदार अमरेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे थे। कंपनी मालिक को फोन करके बुलाया गया जो 11 बजे के बाद भी नहीं पहुंचे। एसडीएम कंपनी के जीएम को हिरासत में लेकर थाने पहुंचे। जहां से 15 मिनट बाद उन्हें छोड़ दिया गया। करीब दस बजे जब भीड़ बढ़ती देखी गई तो कंपनी वालों ने छत के ऊपर से पाइप लटकाकर पानी चलाना शुरू कर दिया। जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो प्रशासन ने पानी बंद कराया। भारी भीड़ के अलावा वहीं मौजूद मृतक के पिता रामपाल, पत्नी राखी, बेटी मान्या, बेटे आयुष व अंश का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। लोग उन्हें ढांढस बंधाते रहे। मृतक के भाई रामबाबू, रामकेश व पप्पू पूरे मामले पर नजर बनाए रहे।

### समझौते की बात निकलकर आई सामने

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पूरे मामले में अब समझौता हो गया है। प्रशासन, कंपनी मालिक व परिजनों की सुबह से चल रही वार्ता के बाद करीब साढ़े 11 बजे समझौता हुआ। इससे दोनों पक्षों ने राहत की सांस ली है। जिसमें बताया गया कि अभी तुरन्त मृतक की पत्नी राखी के खाते में 15 लाख रुपये पहुंचेंगे और समझौते में हस्ताक्षर होंगे। बीमा के पांच लाख रुपये बाद में कागजी कार्यवाही के बाद मिलेंगे। पीड़ित के परिजन भी समझौते के बाद शांत नजर आए।

### पैनम में चार साल में गईं पांच की जान

- 29 जुलाई 2020 को ज्ञान प्रकाश गुप्ता निवासी तपही थाना बरबा जनपद कुशीनगर की मौत
- 25 अक्टूबर 2022 को सुल्तान निवासी सुरजू जनपद मुजफ्फर नगर की मौत
- 14 अगस्त 2023 को सतेन्द्र सिंह निवासी यादगारपुर थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर की मौत
- 04 सितंबर 2023 को शुभनारायण निवासी बीबीपुर धर्मपुर जनपद मऊ की मौत
- 08 अप्रैल 2024 को रामनरेश निवासी रतनपुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर की मौत

# नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह भाजपा में हुए शामिल

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

- लखनऊ जाकर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की

**अमृत विचार।** लोस चुनाव की सरगर्मियां तेज होते ही असोथर नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर ने सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल की पहल पर लखनऊ में भाजपा में शामिल हो गए।

नीरज सिंह सेंगर, पंचांग पुलिसिंग के लिए मशहूर यूपी के पूर्व डीजीपी विजय कुमार के अलावा अन्य शहरों व क्षेत्रों के लोगों ने प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशू द्विवेदी की मौजूदगी में लखनऊ जाकर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष, पूर्व डीजीपी विजय कुमार सहित सभी अन्य क्षेत्रों के लोगों को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत करते हुए सभी से मिशन 2024 की सफलता के लिए जुट जाने का आह्वान किया। शीर्ष नेताओं की संस्तुति के बाद अध्यक्ष व पार्षदों ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय प्रभारी भारत दीक्षित व अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया की मौजूदगी में भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। नगर पंचायत असोथर के पीयूष सिंह, अस्मित सिंह, शैलेंद्र सिंह, विनय तिवारी आदि मौजूद रहे।





लखनऊ में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते लोग।

### निर्दलीय लड़कर भाजपा प्रत्याशी को दी थी शिकस्त

नगर निकाय चुनाव में निर्दलीय मैदान में उतरे नीरज सिंह सेंगर ने भाजपा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश निषाद को करारी शिकस्त दी थी। हालांकि चुनाव के दौरान सपा ने अपना प्रत्याशी उतारकर अच्छा चुनाव लड़ते हुए तीसरे स्थान पर रहे थे। राजनैतिक गलियारों में इस कदम को लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के लिए मजबूत माना जा रहा है।

# दो दर्जन गांवों में नहीं शुरू हो सका संचारी रोग अभियान

संवाददाता फतेहपुर

- लोग बोले, गंदगी से पटी हैं गलियां और नालियां
- प्रधानों को अभियान की नहीं है जानकारी

**अमृत विचार।** जनपद के करीब दो दर्जन गांव और मजरों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू नहीं हुआ है। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औंग के लक्षित गांवों के प्रधानों को अभियान के विषय में जानकारी ही नहीं है। पीएचसी गोपालगंज के हिमांशु संचारी रोग नियंत्रण जागरुकता अभियान के प्रभारी है। संचारी रोग नियंत्रण जागरुकता अभियान के विषय में पूछने पर बताया की एएनएम के माध्यम से सभी गांवों की आशा बहूओं को स्टीकर, पोस्टर, नालियों में छिड़काव के लिए एंटी लार्वा दवाई दे दी गई है।

उन्होंने बताया कि आशा बहुएं ग्राम प्रधान के साथ मिलकर छिड़काव कराना सुनिश्चित करेंगी। घर-घर जाकर स्टिकर और पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक करेंगी। लेकिन अभी तक दो दर्जन गांव और इनके मजरों में स्टीकर पोस्टर नहीं लगाए गए हैं। संचारी रोग नियंत्रण के लिए ग्रामीणों को जागरूक नहीं किया गया है। अधिकतर ग्रामीण इस अभियान के नाम से ही परिचित नहीं है।



संचारी अभियान के दौरान ऐसे नजर आ रही गंदगी। अमृत विचार

नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम आरती द्वारा आशा बहूओं को स्टीकर, पोस्टर, एंटी लार्वा छिड़काव की दवा उपलब्ध करा दी गई है। गोधरौली ग्राम प्रधान चंदन दिवाकर, बीकमपुर प्रधान गोरेलाल, बनियन खेड़ा प्रधान राजयपाल, गंगचौली खुर्द प्रधान विवेक, अभयपुर प्रधान रामदास, आशापुर प्रधान ओम नारायण, गलाथा प्रधान रघुवंश यादव समेत अन्य प्रधानों ने बताया अभी आशा बहूओं ने स्टीकर पोस्टर नहीं लगाए हैं। एंटी लार्वा छिड़काव की दवा भी अभी ग्राम पंचायत को नहीं मिली है।

संचारी रोग नियंत्रण जागरुकता अभियान के शुरू हुए आठ दिन बीत जाने के बाद भी अभी अभियान की शुरुआत नहीं हो पाई है। इस बार पड़ रही भीषण गर्मी समय से दवा का छिड़काव नहीं कराया गया तो लोग बीमार हो जाएंगे। मामले में सीएमओ डॉ. इस्तियाक अहमद ने बताया कि सभी गांवों में एंटी लार्वा पहुंचाया गया है, जांच कराएंगे। लापरवाही बरतने वाले पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# किसान की हत्या का 24 घंटे के अंदर खुलासा

संवाददाता फतेहपुर

- एक महिला समेत छह लोग हुए गिरफ्तार
- पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सामग्री की बरामद

**अमृत विचार।** जमीनी विवाद को लेकर एक दिन पूर्व हुई किसान की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक महिला समेत छह लोगों को गाजीपुर के जिंदयीपुर मोड़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद की है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर लोदियानी गांव में रविवार सुबह पुराने जमीन के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। कस्बे के रहने वाले रामू हाड़ा पुत्र इंद्रजीत पर गांव के ओम प्रकाश, राम प्रकाश, नीरज, बुद्धसेन, दुर्गा देवी, और अरविन्द ने लाठी डंडे, लोहे की राड और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं धनंजय और ऋषिराज गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

घटना का खुलासा करते हुए एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि खेत में मेड़ से निकलने के दौरान विवाद हुआ था। जिसके चलते लाठी डंडे, लोहे की रॉड व कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या की गई थी। सोमवार को सभी आरोपियों को जिंदयीपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो लाठी, एक हसिया, एक कुल्हाड़ी, एक एंगल रॉड खून से सनी हुई बरामद की गई है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी नरसिंह यादव का पुत्र अनिरूद्ध उर्फ राहुल यादव निमंत्रण देने राधानगर थाना क्षेत्र के बक्सपुर आ रहा था। बताया जा रहा है कि जब वह रेलवे लाइन पार करने लगा तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### युवती ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव निवासी ननका उर्फ मिथलेश की पत्नी आरती देवी ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता सुग्गन निवासी चितीसापुर थाना हुसैनगंज ने पुत्री के ससुरालीजनों पर कोई आरोप नही लगाया है।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा बहुआ मोहल्ला गांधीनगर निवासी लक्ष्मीशरण का पुत्र अंकित बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह गाजीपुर रोड पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत होने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी तरह हुसैनगंज थाना क्षेत्र के तारापुर गांव निवासी राम मनोहर का पुत्र नीरज बाइक से शहर आ रहा था तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### आग लगने से चाय की दुकान जलकर राख

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के रानीपुर बहेरा गांव निवासी रामबाबू सिंह विजयीपुर चौराहे में चाय समोसा की गुमटी खोल रखी थी। रामबाबू ने बताया कि रविवार की रात वह दुकान बंद करके गांव चला गया। कुछ देर बाद पता चला कि दुकान में आग लग गई है। ग्रामीणों की सहायता से आग बुझाई गई है। गैस सिलेंडर फटने से आग पूरी तरह से बेकाबू हो गई थी। पीड़ित रामबाबू ने आरोप लगाया है कि अराजकतत्वों ने दुकान में आग लगाई है। पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### शराबी पति ने पत्नी को पीटा, पुलिस से शिकायत

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव की रहने वाली नीलम देवी पत्नी सागर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति सागर सिंह नशेड़ी है। सोमवार सुबह खेत से काम कर घर लौटने के बाद वह भैंस को पानी पिला रही थी। पति शराब के नशे में घर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा, गाली गलौज का विरोध करने पर मारपीट कर दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली पुलिस ने गढ़ी मोहल्ले के रहने वाले चन्दन सिंह पुत्र जगत पाल सिंह के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

### खुदकुशी को उकसाने वाला गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली पुलिस ने खासमऊ गांव निवासी अंकित तिवारी पुत्र राज कुमार उर्फ मुन्ना तिवारी के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

### 75 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सोमवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 75 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं एक वाहन सीज कर पांच लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# आग लगने से अरहर की दो बीघा फसल जली

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** गुरुवल गांव में सोमवार की दोपहर जंगल में भीषण आग लग गई। करीब दो बीघा फसल जलकर राख हो गई। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

थाना क्षेत्र के गुरुवल गांव में सोमवार की दोपहर गांव से कुछ ही दूरी पर जंगल में आग लग गई। आग ने पास में खड़ी अरहर की फसल को अपनी जद में ले लिया। धुआं देख आस पड़ोस में काम कर रहे किसानों ने मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी। कुछ देर बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। करीब दो घंटे बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आग ने लेखराम विश्वकर्मा व जुगराज सिंह की दो बीघे खड़ी अरहर की फसल को जलाकर राख कर दिया था।

### भूसे में लगी आग

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के फैक्ट्री एरिया सौरा गांव में संतोष कुमार पुत्र मैकू लाल सोमवार को अपने घर के बगल में कूड़ा जला रहे थे। आग की चिंगारी बगल में रखे भूसे में चली गई। जिससे आग लग गई आग को आसपास के लोगों की मदद से बुझा दिया गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की गई जान

संवाददाता फतेहपुर/औंग

**अमृत विचार।** मानसिक संतुलन खोया एक युवक सोमवार सुबह घर से निकला। थरियांव के पास रेलवे ट्रैक पर वह ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के तपस्वी नगर निवासी मिथिलेश गुप्ता पुत्र सूरज बली का परिजनों के मुताबिक मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। सोमवार सुबह वह घर से निकल गया था। उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें सूचना दी कि मिथिलेश कीं सथरियांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।





शव गृह के बाहर खड़े परिजन। अमृत विचार

उधर, औंग थाना क्षेत्र के सादीपुर गांव निवासी जनक दुलारी पत्नी रामबिहारी (80) का शव सोमवार दोपहर करीब 12 बजे गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि जनक दुलारी जंगल जाने के लिए घर से निकली थी, इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गई है।

### हादसे में कार सवार की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के सिल्मी गांव निवासी वेद प्रकाश पुत्र कृष्ण प्रसाद गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार सुबह वह किसी काम से अपनी कार से से कानपुर जाने के लिए घर से निकले थे। कानपुर-प्रयागराज हाईवे में जैसे ही वह औंग क्षेत्र के छिवली नदी के पास ही पहुंचा था कि तभी बेकाबू वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा देख स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने कार से निकालकर घायल को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि कार में तीन और लोग भी सवार थे जो मामूली रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**त्वचा रोगी परेशान** शरीर में निकल रहे लाल दाने, फिजीशियन कर रहे उपचार

# डॉक्टर न होने से लौट रहे मरीज

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** तापमान बढ़ने से त्वचा रोग के मरीज बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल में रोजाना 25 से 30 मरीज त्वचा रोग के पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ नहीं होने से अस्पताल में आने वाले मरीजों को फिजिशियन ही दवा दे रहे हैं।

करीब चार साल पहले जिला अस्पताल में तैनात त्वचा रोग विशेषज्ञ नलनीश पांडये का तबादला प्रतापगढ़ हो गया था। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से कई बार शासन को त्वचा रोग विशेषज्ञ की तैनाती का अनुरोध किया गया लेकिन विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं हुई है। अस्पताल में त्वचा के मरीजों को इलाज के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिजीशियन या अन्य डॉक्टर ही त्वचा के मरीजों की जांच कर दवाई दे रहे है। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एनके सक्सेना ने बताया कि तेज धूप के चलते शरीर में लाल दाने निकलने के साथ दानों में सारा दिन खुजली की शिकायत सामने आ रही है। उनकी ओपीडी में ऐसे करीब 10 से 15 मरीज पहुंच रहे हैं। मरीज बताते हैं कुछ दिन से हाथों और पैरों में खुजली की समस्या रहती है। वहीं सीएमएस डॉ. पीके सिंह ने बताते हैं कि अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ नहीं है। अन्य डॉक्टर ही त्वचा के मरीजों की जांच कर दवाई देते हैं। शासन से विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग की गई है।



फिजीशियन के कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़। अमृत विचार

- चार साल पहले विशेषज्ञ का हुआ था तबादला

# करंट लगने से युवक की मौत, मचा कोहराम

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** हाइटेंशन लाइन की चपेट में आया एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसे कानपुर पहुंचाया। जहां हालत बिगड़ने पर उसे लेकर परिजन लखनऊ जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया।



इंद्रजीत।

किशनपुर थाना क्षेत्र के भ्योखर मजरे मडौली गांव निवासी इंद्रजीत उर्फ मतोला निषाद पुत्र भूरा प्रसाद क्षेत्र में बन रही नई बिजली की लाइन में काम कर रहा था। वह बिजली के पोल में चढ़कर नई लाइन की तार की बैंडिंग कर रहा था। जिसमें हाईटेंशन लाइन की झूलती हुई तार नई लाइन की तार में छू गई। जिस पर बिजली के पोल पर चढ़कर बैंडिंग कर रहा इंद्रजीत उर्फ मतोला करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां से उसे कानपुर भेजा गया था। कानपुर में इलाज के दौरान उसकी हालत बिगड़ने लगी। जहां से परिजन उसे लेकर लखनऊ जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया।

मृतक अपने पीछे दो बच्चों व पत्नी को छोड़ गया। परिजनों ने बताया कि मृतक इंद्रजीत की बहन की शादी 28 अप्रैल को होनी थी। परिवार की स्थिति ठीक न होने की वजह से वह बहन के शादी में खर्च के लिए बिजली विभाग की नई लाइन बनाने में काम कर रहा था। जिससे वह बहन की शादी धूमधाम से कर सके। लेकिन बहन की शादी से पहले ही भाई की मौत हो गई। भाई की मौत से बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**खागा/धाता।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में सोमवार को दो लोगों की मौत हो गई। हादसे खखरेरू और धाता थाना क्षेत्र में हुए।

कौशांबी जनपद के पईंसा निवासी मोहम्मद लुकमान अहमद किसी काम से सोमवार को अपने ननिहाल आने के लिए बाइक से निकला था। खखरेरू थाना क्षेत्र भदौहा मोड़ के पास रक्षपालपुर की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, धाता थाना क्षेत्र के औरेई गांव निवासी मुकेश सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह बाइक से अपने एक साथी के साथ किसी काम से प्रयागराज जा रहा था। अहमदपुर कुसुंभा के पास अचानक नीलगाय सामने आ गई। प्रयागराज में उनकी मौत हो गई।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम केशव के स्थान पर केशव कुमार रख लिया है मुझे अब इसी नाम से जाना वा पहचाना जाए। **केशव कुमार पुत्र लालमन पता ग्राम जैती, पोस्ट बेलघाट, थाना बेलघाट, जिला गोरखपुर**

सूचना

सूचित हो कि मैं **ललऊ प्रसाद, निवासी- ग्राम पूरे पण्डित मजरे- सैरापुर, पोस्ट मूसापुर, तहसील- लालगंज**, जनपद-रायबरेली (उत्तर प्रदेश) '- JC-543264X रैंक नायब सूबेदार राजेन्द्र कुमार का पिता हूँ मैंने अपना नाम ललऊ प्रसाद से परिवर्तित कर ललऊ रख लिया है अब मुझे ललऊ के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

मैं सूचित करता हूं कि **गेंदालाल पुत्र सूरजपाल, निवासी- ग्राम- पकसरावा थाना-सलोन, जिला- रायबरेली** का हूं। मैं अपने बड़े पुत्र रमाकांत को गलत आचरण, व्यवहार और नशेड़ी प्रवत्ति से त्रस्त आकर अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में बड़े पुत्र रमाकांत के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना और सरोकार नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि हमने अपने पुत्र ताज अहमद अंसारी व उसकी पत्नी इरफाना परवीन और उनकी बेटियां जुबीन, शीरीन व अफरीन को उनके गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेदित कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन लोगों के द्वारा किए गए कृत्य से हमारा सरोकार नहीं होगा। **इजहार अहमद पुत्र मुमताज अहमद व रुकसाना पत्नी इजहार अहमद। निवासी- 268/523/341 गुलजार नगर, ऐशबाग, लखनऊ।**

# नवरात्र आज से, घर-घर में विराजेंगी मां भवानी

## ○ सुबह होगी कलश स्थापना ○ मंदिरों में भी की गई विशेष तैयारियां ○ बाजार में महिलाओं ने खरीदी पूजन सामग्री

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** वासंतिक नवरात्र आज से प्रारंभ हो रहे हैं। घर-घर में मातारानी विराजेंगीं और भक्त नौ दिनों तक व्रत रहकर मां भगवती की सेवा करेंगे। देवी मंदिरों में भी नवरात्र को लेकर विशेष तैयारियां कीं गईं हैं। दर्शन और महाआरती के दौरान भीड़ होने के चलते बैरीकेडिंग कराई गई है। वहीं, नवरात्र की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने बाजार में पूजन सामग्री व कलश खरीदे। देर रात तक बाजारों में चहल-पहल रही।

नवरात्र देवी के नौ स्वरूपों की पूजा करने का पर्व है, जिसमें माता के भक्त नौ दिन तक व्रत रहकर पूजा अर्चना करते हैं। घरों में माता की स्थापना के लिए लोगों ने पूजन सामग्री खरीदी। कई लोग घरों में पूजा करने के बाद मंदिरों में भी दर्शन करने जाते हैं। मंदिर प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरीकेडिंग कराई है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात होगा। फूलमती देवी मंदिर के पुजारी शिखर मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन मातारानी का ताजे फूलों से श्रृंगार किया जाएगा और शाम को महाआरती की जाएगी। इसी तरह क्षेमकली, सिंहवाहिनी, मौरारी देवी, शीतला माता, काली दुर्गा मंदिर तथा छिबरामऊ के कालिका देवी मंदिर में भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

**देर शाम तक खुले रहे बाजार: गुरसहायगंज, कन्नौज।** चैत्र नवरात्र को लेकर सोमवार को नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, रामंगज सहित अन्य स्थानों पर दुकानदारों ने पूजा सामग्री व मूर्ति की दुकानों को सुंदर सजावट कर लगाया। इसमें देवी देवताओं की प्रतिमाएं, पोस्टर, कलश, धूप, चुनरी, कपडे, पुष्प, नारियल, फल आदि की खरीददारी के लिए बाजारों में ग्राहकों की भीड़ देर शाम तक लगी रही। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में खरीददारी कर नवरात्रि की तैयारियों को पूर्ण किया। दुकानदार राजेश ने बताया कि इस बार 50 से 1000 रुपये तक की देवी प्रतिमाएं दुकान पर हैं, जबकि चुनरी 10 से 1000 रुपये तक की है। नगर के देवालयों को रंग रोगन कर लाइटों व सज्जा सामग्री से सजाया गया।


बाजार में नवरात्र की पूजन सामग्री खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार


सिद्धपीठ माता फूलमती देवी की आरती करते पुजारी शिखर मिश्र।

### इन मंदिरों की भी विशेष मान्यता

**बाराही देवी मंदिर** : पुलिस लाइन रोड पर चौधरियापुर गांव के समीप टीले पर यह मंदिर स्थापित है, जिसका अब जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। बाराही देवी सरायमीरा के मिश्र जमींदार परिवार की कुल देवी हैं। मंदिर छठी शताब्दी का बताया जाता है।

**आनंदी देवी मंदिर** : छिबरामऊ के पास माधौनगर गांव में बना यह मंदिर अति प्राचीन है। ढाई क्विंटल का पीतल का घंटा आकर्षण का केंद्र है। यहां बच्चों का मुंडन संस्कार कराने के लिए प्रदेश के कई जिलों से भक्त आते हैं।

**ज्वालादेवी मंदिर** : विशुनगढ़ के पास धीरपुर नगरिया गांव में बना यह मंदिर नागर शैली में बना है। विशुनगढ़ के राजवंश की यह कुलदेवी थीं। बताया जाता है कि रात के अंधेरें में भी मंदिर के गर्भगृह में प्रकाश रहता है।

### अभिजित मुहूर्त में होगी कलश स्थापना

नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना का विधान है। ज्योतिषाचार्य सुरेशचंद्र द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार को अभिजित मुहूर्त में कलश स्थापना होगी। सर्वार्थ सिद्धि योग में सुबह 6.24 बजे से 10.28 बजे तक कलश की स्थापना करें और मातारानी का आह्वान करें। पूजन के दौरान कलश के पास दीप प्रज्ज्वलित करें और दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

### कन्नौज में स्थापित नौ सिद्ध देवीपीठ

**1. फूलमती देवी मंदिर** : कन्नौज के राजा वेणु की सबसे बड़ी पुत्री फूलमती ने तपस्या कर भगवान विष्णु से विवाह किया था। इसके बाद वे यहां विराजमान हुईं। माता के स्नान का नीर आंखों पर लगाने से नेत्र रोग दूर होते हैं।

**2. क्षेमकली देवी मंदिर** : बाबा गौरीशंकर के पास ही माता क्षेमकली का मंदिर है। यहां देवी मां की प्रतिमा खुले में रखी है और आज तक यहां कोई छत नहीं बनवा सका है। यह भी राजा वेणु की पुत्री हैं। मुगलों ने इस मंदिर को तोड़ दिया था।

**3. सिंहवाहिनी मंदिर** : मकरंदनगर स्थित सिंहवाहिनी का अति प्राचीन मंदिर है। इसमें प्रतिमा नहीं थी। केवल एक टीला था। करीब 40 साल पहले पत्थर की मूर्ति स्वतः प्रकट हुई थी। मुगलों ने आक्रमण कर इस मंदिर को नष्ट कर दिया था।

**4. मौरारी देवी** : मौसमपुर मौरारा गांव के पास मौरारी देवी का प्राचीन मंदिर है। यहां माता की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। इन्हें भी राजा वेणु की पुत्री बताया जाता है। मंदिर के पास ही मौरारी तालाब है, जहां कभी कमल खिला करते थे।

**5. काली दुर्गा मंदिर** : सरायमीरा के देविन टोला मोहल्ले में काली दुर्गा मंदिर है। बताया जाता है कि महोबा के वीर सेनापति आल्हा-ऊदल ने गंगा स्नान के बाद यहां माता की पूजा अर्चना की थी। मंदिर में प्रतिदिन महाआरती होती है।

**6. गोवर्धनी देवी मंदिर** : जीटी रोड स्थित इस प्राचीन मंदिर की शैली जैन मंदिरों की तरह है। इनके नाम पर गांव का नाम भी गोवर्धनी पड़ गया। यहां विशाल मेला लगता है। मुगलों ने इस मंदिर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था।

**7. अन्नपूर्णा मंदिर** : तिर्वा कस्बे में स्थित अन्नपूर्णा देवी मंदिर की मान्यता है कि यहां की मिट्टी खेतों में डालने से कभी भी धन-धान्य की कमी नहीं होती है। मान्यता यह भी है कि मंदिर के आसपास बने पत्थर के हाथियों को कोई गिन नहीं सकता है।

**8. शीतला देवी मंदिर** : जिले के सियरमऊ गांव में बना यह मंदिर अति प्राचीन है। कन्नौज के राजा जयचंद इनकी पूजा करने आते हैं। मंदिर परिसर में शीतलता का अनुभव होता है। इससे इनका नाम शीतला देवी रखा गया है।

**9. कालिका देवी मंदिर** : छिबरामऊ में सौरिख रोड पर स्थित इस मंदिर की स्थापना महोबा के राजा परमार्दिदेव के राज ज्योतिषी ढेबा ने की थी। कालिका माता की सिद्धि से ही वह राजा खतरों से आगाह कर देते थे। माता की प्रतिमा दिन में तीन बार रंग बदलती है।


फूलमती देवी मंदिर का निरीक्षण करते ईओ श्यामेंद्रमोहन चौधरी। अमृत विचार

# मंदिरों-ईदगाह में परखी गई सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मंगलवार से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं तो वहीं इसी हफ्ते ईद का त्योहार मनाया जाना है। इसको देखते हुए प्रशासन ने अपनी व्यवस्थाएं दुरुस्त करनी शुरू कर दीं हैं। इसी क्रम में सोमवार को ईओ ने पालिका स्टाफ के साथ देवी मंदिरों तथा ईदगाह आदि का निरीक्षण किया तथा मातहतों के आवश्यक निर्देश दिए।

ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि नौ दिन चलने वाले पूजा पाठ को देखते हुए शहर के प्रमुख देवी मंदिरों क्रमशः फूलमती, सिंहवाहिनी, नगरकोट तथा क्षेमकली देवी मंदिर का निरीक्षण किया। सभी जगह साफ-सफाई के इंतजाम देखने के साथ ही सफाई कर्मचारियों को प्रत्येक दिन साफ सफाई करने के निर्देश दिए हैं। कहीं पर भी कूड़ा नहीं दिखाई देना चाहिए। बताया कि सिंहवाहिनी देवी मंदिर में स्थित शौचालय टूटा पाया गया जिसे ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने ईदगाह का भी जायजा लिया। बताया कि शहर में करीब 62 मस्जिदें हैं। सभी जगह सफाई के साथ ही पेयजल आदि की व्यवस्थाएं भी ठीक की जा रहीं हैं। गर्मी के मौसम को लेकर कहा कि संचारी रोग नियंत्रण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसमें फॉगिंग के साथ ही एंटीलार्वा का छिड़काव नालियों में किया जा रहा है जिससे मच्छर न पनपने पाएं। इसके साथ ही पतली गलियों में छिड़काव के लिए हाथ वाली मशीन की व्यवस्था की जाएगी। इससे संकरी गलियों में भी संक्रमण फैलने से बचाया जा सके। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने घर से निकलने वाला कूड़ा गलियों आदि में न फेंकें। इसके साथ ही गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र करते हुए घर आने वाले नगर पालिका कर्मचारी को ही दें।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, जीजा घायल

- एक्सप्रेस-वे पर जयपुर से स्कूटी पर सवार होकर आ रहे थे घर
- आगरा के टोल प्लाजा के पास डिवाइडर से टकरा गई स्कूटी

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** ईद के त्यौहार पर घर आ रहे स्कूटी सवार जीजा-साले सडक हादसे में घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान साले ने दम तोड़ दिया। हादसा आगरा के टोल प्लाजा के पास हुआ।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के उमर्दा चौकी क्षेत्र के अमीनाबाद मोहल्ला निवासी चाँदबाबू (22) अपने जीजा गुरसहायगंज निवासी सैमुद्दीन (40) के साथ जयपुर में प्राइवेट कम्पनी में काम करता था। दोनों लोग ईद त्यौहार पर रविवार को स्कूटी से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से घर आ रहे थे। सोमवार की सुबह करीब छह बजे जैसे ही स्कूटी सवार आगरा टोल प्लाजा से गुजर कर कुछ दूर आगे निकले कि स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान चांदबाबू ऊर्फ नन्हे ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करवाकर शव को घर ले आए।


शव आने के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

## पूरी दमदारी से लोकसभा चुनाव लड़ेगी पीडीएम

**गुरसहायगंज।** सोमवार को पीडीएम न्याय मोर्चा से लोकसभा कन्नौज प्रत्याशी डॉ. दानिश खान ने नगर के तिर्वा रोड पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसमें कहा कि गठबंधन पूरी दमदारी से लोकसभा चुनाव लड़ेगा।

संगठन के शीर्ष नेताओं असददुदीन ओवैशी, पल्लवी पटेल, प्रेमचन्द्र बिंद, बाबूराम पाल के निर्देश पर पीडीएम को मजबूती देने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान अंकित, अंशु गुप्ता, प्रदीप शाक्य, राहुल शाक्य, विनीत कुमार, अजय त्रिवेदी, राम मनोज पांडे, मो. तालिब, मो. जीशान, दीपू यादव, अनिल पाल, राकेश कुमार, अजहर खान, मो. आजम, फैसल, कामिल, रोहित बाथम आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव, हत्या का अंदेशा

- रविवार रात बिना बताए स्कूटी लेकर निकला था घर से, फोन पर आईं चीखने की आवाजें

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** बिना बताए घर से गए युवक का शव देर रात संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे मिला। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर हत्या का अंदेशा जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी प्राची पटेल ने बताया कि उसका पति प्रांशू पटेल उर्फ वंटू रविवार की रात लगभग 09.30 बजे बिना बताए स्कूटी लेकर घर से चला गया था। जब वह काफी देर तक नहीं आया तो देर रात लगभग 11.30 बजे उसने पति को मोबाइल पर फोन किया। इस पर उधर से चीखने चिल्लाने की आवाज आई। इससे वह घबरा गई और अपने भाई व पिता को इसकी जानकारी दी। इसके बाद उसने भाई व पिता के साथ पति की खोजबीन शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद नगर के तिर्वा रोड से सर्विस रोड को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर स्थित गुरु कृपा इंटर कॉलेज के निकट सड़क किनारे स्कूटी व उसका पति मरणासन्न अवस्था में मिला। आनन फानन उसे नगर के सीएचसी ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पुत्री मानवी (06) व पत्नी प्रांची को छोड़ गया। मृतक की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शव के आसपास आपत्तिजनक स्थिति होने का हवाला देकर जांच व कार्रवाई की मांग की है।


घटना के बाद गमगीन बैठे मृतक के परिजन। अमृत विचार

### सिर पर वार किए जाने की चर्चा

**गुरसहायगंज।** सोमवार की सुबह जानकारी होने पर घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों व रिश्तेदारों में चर्चा थी कि युवक के सिर पर किसी चीज से वार कर हत्या की गई है। युवक के सिर पर चोटें और घटनास्थल पर पड़े खून से युवक की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंकने की आशंका जताई जा रही है। युवक कृषि कार्य कर परिवार का भरण पोषण करता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। सूत्रों ने बताया कि मौत सिर में चोट आने से हुई है।


नवनिर्मित भवन का फीता काट कर शुरुआत करते पुलिस अधीक्षक।

### एसपी ने प्रभारी निरीक्षक के आवास का किया उद्घाटन

**सौरिख, कन्नौज।** सोमवार को सौरिख थाना प्रांगण में थाना प्रभारी के आवासीय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। नगर के संभ्रांत नागरिकों के साथ नवरात्र, ईद को लेकर बैठक कर चर्चा की व अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह, सकराबा थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया व सभी चौकी इंचार्ज मौके पर मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर फुंकने से पेयजल संकट

**गुरसहायगंज।** एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर फुंका होने के कारण बिजली और पेयजल संकट गहरा गया।

नगर के फर्रुखाबाद रोड पर लगा ग्राम खाड़ेदेवर का ट्रांसफार्मर बीते आठ दिनों से फुंका हुआ है। इससे ग्रामीणों को गर्मी में बिजली व पानी के संकट का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को ग्रामीणों वीरेंद्र कुमार, सदानंद, रामू, राजू, सावान खान, इकलाख खान, मदन, अतीक खान, रजाउल अली ने ट्रांसफार्मर के नीचे खड़े होकर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की।

# आग से 10 बीघा गेहूं की फसल हुई राख

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई लेकिन तब तक किसानों की 10 बीघा फसल राख हो गई।

खड़नी क्षेत्र के गांव नगरिया ब्राहिमपुर गांव के निकट सोमवार दोपहर 12 बजे के लगभग गेहूं की पकी खड़ी फसल में आग लग गई। हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते लगभग 10 बीघा फसल राख हो गई। लोगों ने वृक्षों की हरी टहनियों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। सूचना पाकर ग्राम प्रधान नन्द किशोर वर्मा ,खड़नी चौकी प्रभारी आलोक कुमार व क्षेत्रीय लेखपाल राकेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि राजस्व ग्राम ब्राहिम्पुर नगरिया निवासी राम चंद्र पुत्र सुखलाल, बृजेंद्र, राघवेंद्र, योगेन्द्र पुत्रगण स्वर्गीय जश राम, राघवेंद्र कुमार, राकेश कुमार अभिषेक कुमार पुत्रगण स्वर्गीय जगन्नाथ की लगभग दस बीघा गेहूं की फसल जल गई है।


जली हुई फसल को देखते किसान। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने तीन जुआरियों को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम मझपुरवा चौकी प्रभारी विनय शर्मा ने सूचना पर ग्राम मझपुर्वा स्थित चेतराम की बगिया में छापेमारी की। यहां मझपुरवा निवासी नसीम खान, मुशीर खान, फुंदन खान को ताश के पत्तों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने माल फड़ से रुपये भी बरामद किए। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम खुदलापुर निवासी इंद्रपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के मुंशीलाल, वीरेंद्र, रामेंद्र व उमेश ने 06 अप्रैल की शाम 08 बजे दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


शाखा का फीता काटकर शुरुआत करते चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता।

### एचडीएफसी बैंक शाखा खुली, बढ़ेगी सुविधा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एचडीएफसी बैंक शाखा खुलने से अब ग्राहकों को बैंकिंग कार्य के लिए घंटों लाइन नहीं लगानी पड़ेगी। यह बात ब्रांच मैनेजर शैलेन्द्र सिंह सेंगर ने कही। सोमवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित बैंक शाखा का कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि बैंक शाखा से स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों को लाभ होगा। इस दौरान महेश चन्द्र यादव, हाजी मशरूर अहमद, मेघनाथ पाल, इन्द्रप्रीत सिंह सेठी, अभितोज श्रीवास्तव, दीपक सिंह राठौर, पंचम सिंह, इमरान खान, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### गर्मी में नागरिकों व राहगीरों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भीषण गर्मी में नागरिकों व राहगीरों को राहत देने के लिए पालिका द्वारा जगह-जगह वाटर कूलरों की स्थापना कराई गई है। अधिशासी अधिकारी ने वाटर कूलरों का स्थलीय निरीक्षण कर कर्मियों को निर्देश दिए। सोमवार की सुबह ईओ अनिल पंडित ने नगर में पालिका द्वारा संचालित शुद्ध पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होने नगर के तिराहा, चौराहा, फर्रुखाबाद रोड, जीटी रोड, तिर्वा रोड आदि स्थानों पर लगे वाटर कूलरों की जमीनी हकीकत परखी। वाटर कूलरों के आस-पास जल निकासी व टोंटी लीकेज होने की समस्या मिलने पर संबंधित कर्मचारियों को दो दिनों के अन्दर सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जलकल लिपिक जर्नादन मिश्रा, जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।


पार्क में लगे वाटर कूलर का निरीक्षण कर लौटते ईओ।

**हाल-बेहाल** जिला प्रशासन व नगरपालिका समस्या के समाधान में नाकाम, जरा सी बारिश में मोहल्ले के हालात और भयावह हो जाते हैं

# तिर्वा क्रॉसिंग का धीराताल लोगों के लिए बना मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तिर्वा क्रॉसिंग स्थित धीरा तालाब और उसके आस पास क्षेत्र जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। पानी का निकास न होने से ओवरफ्लो तालाब का पानी अब घरों के निकट पहुंच चुका है। जिला प्रशासन से लेकर नगरपालिका तक इस समस्या के समाधान में नाकाम रहे हैं।

तिर्वा क्रॉसिंग के निकट पुराना धीरा तालाब स्थानीय लोगों के लिये मुसीबत बना है। घरों से निकल रहा पानी इसी में पहुंच रहा है। पानी का कोई निकास न होने से ओवरफ्लो होकर तालाब का पानी घरों तक पहुंचने से लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। इसकी जद में आने वाले कई गांव जिसमें हौदापुरवा, फतुआंपुर और मानपुर रोड गोलकुआं की बस्ती से लेकर लगभग 200 से अधिक घरों वाला मोहल्ला कृष्णा नगर शामिल है में रहने वाले लोग तालाब के उफनाते पानी से पूरे साल परेशान होते हैं। बारिश के दौरान ही नहीं पूरे वर्ष मोहल्ले की गलियों में गंदा पानी और कीचड़ बजबजाता रहता है। स्थिति बारिश में अत्यंत भयावह हो जाती है। पानी कई घरों में पहुंच जाता है। तमाम प्रयास के बाद भी तालाब के पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। बीते वर्ष नगर पालिका के तत्कालीन अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने मोटर लगावा कर पाइप बिछाकर पानी निकालने का विकल्प बनाया था लेकिन वह कार्य फिर राजनीति का शिकार हो गया और बीच में ही योजना ठप हो गयी। मोहल्ले के लोगों ने शासन प्रशासन तक पानी निकास की गुहार लगाई पर कोई नतीजा नहीं निकल सका। अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर स्थिति देखी लेकिन स्थिति जस की तस रही। यही नहीं पूर्व जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बारिश के दौरान मौके पर पहुंच कर तालाब का पानी पुरातत्व संग्राहालय के नाले में डालने की योजना बनाई था। यही नहीं नगर पालिका को प्रस्ताव तैयार करने को कहा था पर डीएम के स्थानांतरण होने के बाद यह प्रस्ताव भी रद्दी की टोकरी में चला गया। तालाब के सुंदरीकरण के दौरान किनारे बनाई गई सीसी रोड पूरी तरह टूट चुकी है। एक दो जगह सिर्फ एक या दो फीट ही बची है। साथ ही उससे लगा काफी गहरा तालाब का पानी बड़े हादसे को दावत देता है। उस रास्ते से होकर ना सिर्फ बड़ी संख्या में बस्ती के लोग बल्कि बच्चों से भरी स्कूली मैजिक और वैन भी निकलती हैं जिसमे बड़ी घटना होने की आशंका बनी रहती है। समस्या समाधान न होने से इस मोहल्ले की जनता लंबे समय से प्रशासन के साथ साथ राजनीतिक जन प्रतिनिधियों की ओर आस भरी निगाहों से देख रही है लेकिन अभी तक उपेक्षा और निराशा ही हाथ लगी है।

इस संबंध में ईओ नगर पालिका श्यामेंद्रमोहन चौधरी से बात की गई तो उन्होंने समस्या की जानकारी न होने की बात कही। कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मौके का निरीक्षण करके समाधान कराया जाएगा। लोगों के घरों में पानी न घुसे इसको लेकर कोई न कोई रास्ता निकाला जाएगा।


तिर्वा क्रॉसिंग स्थित धीराताल का मकानों तक भरा पानी। अमृत विचार

## विक्षिप्त ने दरोगा पर बोला हमला

**कन्नौज।** एक विक्षिप्त युवक ने सोमवार को देर शाम मकरंद नगर चौकी में घुसकर चौकी इंचार्ज पर हमला कर दिया। हालांकि वे बाल बाल बच गये। घटनाक्रम के अनुसार सोमवार देर शाम करीब 8 बजे चौकी इंचार्ज दीपक चौधरी चुनाव को लेकर आवश्यक कार्य कर रहे थे। इसी समय खालेपुर निवासी एक युवक हाथ में सरिया लेकर चिल्लाते हुए पहुंचा की कहाँ है दरोगा। इसके साथ ही सरिया बाहर खड़ी पुलिस की मोटरसाइकिल पर पटक दी। अचानक हुई इस घटना को देख सभी सकते में आ गये। चौकी इंचार्ज ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर निकलकर बचाव किया। इस दौरान मौजूद फोर्स ने युवक को पकड़ लिया। चौकी इंचार्ज ने अतिरिक्त फोर्स बुला ली। तभी पहुंचे शुभचिंतको व परिजनों ने युवक कि विक्षिप्त होने तथा इलाज चलने की जानकारी दी।

# सात, आठ व नौ मई को पोस्टल बैलेट से मतदान

## 22 अप्रैल को प्रारूप 12डी भरने की अंतिम तिथि, कर्मचारियों को मिलेगा मौका, जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर दी मतदान की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए पोस्ट बैलेट से मतदान आठ व नौ मई को होगा। इसके लिए प्रारूप 12डी भरने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित की गई है। निर्वाचन में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा बुजुर्गों व दिव्यांगों को इस सुविधा का लाभ दिया जाएगा।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दी। उन्होंने अनुपस्थित मतदाताओ को डाक मतपत्र के द्वारा मतदान कराए जाने के संबंध में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान कहा कि अनुपस्थित वोटर्स चार प्रकार के होते हैं, जिसमें 85 वर्ष से अधिक (वरिष्ठ नागरिक), दिव्यांगजन, कोरोना संक्रमित मतदाता और आवश्यक सेवाओ में कार्यरत (सूचना, स्वास्थ्य, पोस्ट ऑफिस, रेलवे, विद्युत, रेडियो, भारत संचार निगम लि, मीडियाकर्मी आदि) में कार्यरत कर्मी कलेक्ट्रेट में स्थापित वीएफसी-5 में जाकर 07, 08 व 09 मई को सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मतदान कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अनुपस्थित वोटर्स जो सीधे बूथ में नही पहुंच सकते हैं, उनके लिये यह सुविधा दी गयी है। फार्म 12डी भरने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। जनपद में 85 वर्ष से अधिक मतदाताओ की संख्या विधान सभा छिबरामऊ में 3476, तिर्वा में 3163 और कन्नौज में 2594 कुल वरिष्ठ मतदाता 9233 है। इसी प्रकार जनपद में दिव्यांगजन मतदाताओं की संख्या छिबरामऊ में 5990, तिर्वा में 5164 और कन्नौज में 4000, कुल दिव्यांग मतदाता 15154 है। बताया कि बीएलओ सहायक रिटर्निंग ऑफीसर द्वारा दिये विवरण के अनुसार 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांग मतदाता जो आने-जाने में असहाय है।

ऐसे मतदाताओ के घरों का दौरा कर प्रारूप-12डी भरकर एकत्र करेंगे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार, एसडीएम अविनाश कुमार गौतम, अशोक कुमार, उमाकांत तिवारी, बीडीओ अमित कुमार सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्ट्रेट में बैठक में निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल।

### फर्रुखाबाद के सपा प्रत्याशी के खिलाफ एफआईआर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की एफआईआर दर्ज कराई गई। वाहन चेकिंग के दौरान एक कार में प्रचार सामग्री मिलने पर यह कार्रवाई की गई है, जिसमें कार के मालिक को भी नामजद किया गया है। मामले की जानकारी चुनाव आयोग के अधिकारियों को भी दी गई है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार की देर रात नगर के फर्रुखाबाद चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक वाहन में चुनाव प्रचार सामग्री पाई गई, जोकि फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य की है। कार चालक से सामग्री के बारे में पूछा गया तो वह कोई जानकारी नहीं दे सका और न ही उसकी अनुमति थी। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से दूसरे जिले से प्रचार सामग्री छपवाकर फर्रुखाबाद ले जाई जा रही थी। वाहन का अनुमति पत्र भी नहीं मिला। काफी देर पूछताछ करने के बाद भी जब कोई साक्ष्य नहीं मिला तो सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य व वाहन स्वामी राधामोहन के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी फर्रुखाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी को दी गई है।

● पुलिस टीम ने प्रत्याशी के वाहन में पकड़ी चुनाव प्रचार सामग्री

### दो पालियों में दिया जाएगा मतदानकार्मिकों को प्रशिक्षण

**कन्नौज।** मतदान कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश जिला प्रशासन ने इसके लिए खाका तैयार कर लिया और प्रशिक्षण के लिए मतदान कार्मिकों को सूचना भी भेजी जा रही है। प्रशिक्षण भी दो चरणों में होगा, जिसमें पहले चरण में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम तथा द्वितीय चरण में सभी पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान कार्मिकों को ईवीएम और अभिलेखीकरण के लिए दो चरणों में और दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण स्थल पुलिस लाइन रोड के पास सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल को बनाया गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने बताया कि पहले चरण का प्रशिक्षण 18 से 21 अप्रैल तक होगा, जिसमें 2311 पीठासीन अधिकारी व 2259 मतदान अधिकारी प्रथम को बुलाया गया है। प्रशिक्षण दो पालियों में दिया जाएगा, जिसमें प्रथम पाली में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगा। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 03 से 08 मई तक होगा, जिसमें 2573 मतदान अधिकारी द्वितीय व 2593 मतदान अधिकारी तृतीय समेत पूरी पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस तरह पूरे जिले में 9736 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित करने की योजना है।



प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार करते एडीईओ बिनीत कटियार व वरिष्ठ लिपिक संजीव बिसारिया। अमृत विचार

#### डॉक्टर व विशेषज्ञ भी रहेंगे मौजूद

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण स्थल पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी व डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी को मतदान कार्मिक प्रभारी बनाया। जो मतदान कार्मिक असाध्य रोग से पीड़ित हैं और इलाज चल रहा है, उनकी ड्यूटी चुनाव में लग गई है तो वह अपने साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। इसके लिए डॉक्टर व विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। डॉक्टर की संस्तुति पर उनकी ड्यूटी काटकर किसी अन्य कर्मचारी को नियुक्त किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### जिला कारागार में आज नवरात्र का व्रत रखेंगे 129 बंदी

**जलालाबाद, कन्नौज।** जिला कारागार में नवरात्र के पर्व पर व्रत रखने वाले बंदियों सहित रोजेदारों के लिए जेल प्रशासन ने खास व्यवस्था की है। यह जानकारी जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी ने दी। बताया कि मंगलवार को नवरात्र पर 107 पुरुष व 22 महिला बन्दी व्रत रखेंगे। इनको पूजा में कोई असुविधा न हो, इसके लिए पूजा पाठ की सामग्री सहित फलाहार आदि की व्यवस्था की गई है। रमजान के माह में 36 पुरुष व 06 महिला बंदी रोजा रखकर इबादत कर रहे है।

### घर के पास खेल रहे बालक के साथ कुकर्म

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के एक मोहल्ले में आठ साल का बालक अपने घर के पास खेल रहा था। उसी मोहल्ले का एक युवक बालक को बहला-फुसलाकर अपने साथ सुनसान जगह पर ले गया। उसने बालक के साथ कुकर्म किया और उसे वहीं छोड़कर भाग गया। घर जाकर बालक ने परिजनों को जानकारी दी। इस पर परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मोबाइल छीनने से नाराज किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** दिन भर मोबाइल में व्यस्त रहने वाली किशोरी का परिजनों ने फोन छीन लिया। इससे गुस्साई किशोरी ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया, इस पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना से परिवारीजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उधरनपुर निवासी मनोज कुमार की 13 वर्षीय पुत्री पलक ने सोमवार सुबह कमरे में जाकर फांसी का फंदा बनाकर उसमें लटक गई। आनन-फानन में परिजन उसे फंदे से उतार कर सौ शैय्या अस्पताल पहुंचे। यहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि पलक मोबाइल फोन चला रही थी। पढ़ाई न करने की वजह से उसे डांट दिया और फोन जब्त कर लिया। इससे क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया था, जिस पर पंचनामा के बाद शव सौंप दिया गया।



छिबरामऊ में बैंक शाखा में चेकिंग करते सीओ छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा।

### बैंक चेकिंग कर पुलिस ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**कन्नौज।** पुलिस ने बैंक व एटीएम चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा ने थाना क्षेत्र के बैंक व एटीएम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एटीएम, सीसीटीवी कैमरे, अलार्म, फायर सिस्टम, बैंक गार्ड, बैंक के अंदर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई। बैंक के बाहर खड़े संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की। जो लोग बैंक के बाहर बाइकों के पास खड़े मिले उनसे पूछताछ की। सीओ ने बैंक शाखा मैनेजर को निर्देश दिये कि सुरक्षा के सभी इंतजाम पुख्ता रखे जाये। इनकी नियमित चेकिंग की जाये। जो खराबी मिले उसे ठीक कराया जाये।

### घर में लगी आग में गृहस्थी का सामान जला

**तिर्वा, कन्नौज।** किसान के घर में लगी आग से गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया। थाना ठठिया के ग्राम औसेर निवासी जसवंत पुत्र श्रीकृष्ण सोमवार को परिवार के साथ मजदूरी पर गेहूं फसल की कटाई करने गए थे। दोपहर में घर में आग लग गई। इसकी सूचना पड़ोसियों ने जसवंत को दी और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। कुछ देर में जसवंत भी भागते हुए घर पहुंचा। ग्रामीणों की मदद से कुछ देर में आग पर काबू पाया जा सका। तब तक साढ़े 13 हजार की नगदी सहित गृहस्थी का सामान जल गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य सतेंद्र राजपूत ने तहसील प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की।



जला पड़ा घर का सामान। अमृत विचार



पीएसएम डिग्री कॉलेज में सकोरा बनातीं छात्राएं। अमृत विचार

## चला सेल्फी विद सकोरा अभियान

**कन्नौज।** भीषण गर्मी को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट की ओर से पीएसएम डिग्री कॉलेज स्थित मैदान में सेल्फी विद सकोरा (कटोरा) अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई, जिसमें सकोरा और मिट्टी के पात्र को जगह-जगह सुव्यवस्थित तरीके पेंट करके उन्हें विभिन्न स्थानों पर रखा गया। पेड़ की टहनियों पर कटोरे लटकाए गए और सभी शिक्षकों को भी भेंट किए गए। सक्षम गुप्ता ने इसे बताया कि ये ईश्वर का कार्य है, हम सभी को इसका हिस्सा बनना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीनाक्षी, साक्षी ठाकुर, मुस्कान, चांदनी, रिया, सलोनी, अंशिका कोहली आदि कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## दंपति झुलसे, एक दूसरे पर पेट्रोल डालने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** संदिग्ध हालात में आग लगने से दंपति जल कर घायल हो गए। परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां दोनों ने एक दूसरे पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा कर जान से मार देने के प्रयास का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दंपति में लंबे समय से विवाद चलने की बात भी सामने आई है।

सदर कोतवाली के गांव गिगटहा निवासी रोहित कटियार (34) पुत्र मुरली व उसकी पत्नी सोनी कटियार (27) के बीच किसी बात को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। सोमवार को पति खेत से घर पहुंचा। इसके बाद लोगों को घर के अंदर से तेज चीखने की आवाज सुनाई दी। इस पर मोहल्ले के लोग मकान के अंदर पहुंचे तो रोहित व सोनी के शरीर पर आग लग चुकी थी। दोनों चीख रहे थे। परिजन दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पैरामेडिकल स्टाफ ने उपचार दिया। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कर दिया गया।



जिला अस्पताल में भर्ती सोनी कटियार। अमृत विचार

● सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों के लिये बयान

मामले की सूचना पर मानीमऊ चौकी प्रभारी अमित पोरवाल पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने छानबीन की। रोहित कटियार ने चौकी प्रभारी को बताया कि वह सोमवार को सुबह नौ बजे खेत पर गया था। वापस घर आया तो घर के दरवाजे की ओट में खड़ी उसकी पत्नी सोनी ने उसके ऊपर बोतल में भरा पेट्रोल डाल कर आग लगा दी।

इसके बाद जब वह बाहर भागा तो उसे मकान के अंदर खीच लिया। इससे उसके शरीर में भी आग लग गई। वह उसे जान से मारने का प्रयास कर रही है। दो दिन पहले उससे व उसकी बहन से उसका विवाद हो चुका है। उस समय जान से मार देने की धमकी दी थी। वह लगातार मकान व खेतों का बैनामा कराने का दबाव बना रही है। बैनामा न करने पर उसने आग लगा कर जलाने का प्रयास किया। उसके मर जाने के बाद खेत व मकान उसका हो जायेगा। इसके बाद वह बिक्री कर चली जायेगी।

वहीं सोनी ने आरोप लगाया कि उसका पति शराबी है। सुबह से शराब के नशे में रहता है। कोई बात कहने पर मारपीट करता। उसे जान से मारने की धमकी देता रहता है। सोमवार को खेत से आने के बाद उसने बोतल में लिये पेट्रोल को उसके ऊपर डाल कर आग लगा दी। किसी तरह वह पूरी तरह नहीं जली। मामले में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सीएचसी में स्वास्थ्य शिविर लगा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज लवली जायसवाल की देख रेख में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विनोद दीक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मरीजों की जांच व विधिक जानकारी भी दी गईं।

सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुधांशु द्विवेदी ने लोगों को बताया कि हर वर्ष सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य अच्छे स्वास्थ्य की महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस मौके पर पराविधिक स्वयं सेवक नितिन सक्सेना ने जिला एवं सत्र न्यायालय के एडीआर भवन में स्थापित स्थायी लोक अदालत के क्षेत्र में आने वाले विषयों, वायु, सड़क, डाक तार टेलीफोन, सार्वजनिक वहन, या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल औषधालय सेवा, बीमा सेवा, शिक्षा रियल स्टेट के संबंधित विवादों के निस्तारण हेतु स्थाई लोक अदालत का गठन होने एवं उसकी कार्यप्रणाली के बारे में बताया। यह भी बताया कि गरीब एवं निसहाय लोगो को प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क सरकारी वकील की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है।




सीएचसी में शिविर लगा कर जानकारी देते डॉ. सुधांशु द्विवेदी व अन्य।

● स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच के साथ दी गई विधिक जानकारी

## मुश्ताक के परिजनों को दिए जाएंगे 50 लाख रुपये

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने दिवंगत प्रधानाध्यापक के घर पहुंच कर निरीक्षण किया। टीम के सहयोग से उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक रहे मुश्ताक हसन रिजवी की 17 नवंबर 23 को हार्टअटैक से मौत हो गई थी। वे टीम के 31 मई 2021 से सदस्य थे। सोमवार को टीम ने उनके आवास पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण कर बताया परिवार को 50-55 लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाएगी। टीम के जिला संयोजक अंकित कटियार ने बताया कि कोई भी शिक्षक टीएससीटी का सदस्य है, सहयोग करता है तथा मौत हो जाती है तो टीम स्थलीय निरीक्षण कर आख्या संस्थापक को भेजती है। 15 से 25 तारीख के बीच सहयोग करा दिया जाता है। इस दौरान टीचर्स सेल्फ केयर टीम जिला सहसंयोजक सोनपाल, आकाश यादव, शैलेंद्र कश्यप, आशीष तोमर, पंकज सक्सेना, जिला प्रवक्ता प्रशांत कुमार सिंह, दिनेश चंद्र, पूजा शिवहरे, सुजीत कुमार जिला संयोजक फर्रुखाबाद, ब्लॉक पदाधिकारी श्रीमती स्नेहलता द्विवेदी, अजमत हुसैन, धर्मवीर अरुण, रीतेश कुमार, अक्षांश झा, धर्मेंद्र पटेल, सत्य नारायण, पंकज त्रिवेदी, भानु मिश्रा, मो. इमरान, मो. इमरान खान, गोपाल गुप्ता, उदित पाल, नूर आलम, अभिषेक रहे।

## फसल अवशेष खेत में न जलाएं

**कन्नौज।** अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने आग की घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि फसल कटान के बाद अवशेष को खेतों में न जलाएं। तेज हवा चलने पर चूल्हे, भट्टी पर भोजन न पकायें। जलती हुई माचिस की तीली या अधजली बीड़ी, सिगरेट को इधर-उधर न फेंकें।

खाना बनाते समय ढीले और पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें। बच्चों की पहुंच से माचिस, स्टोव, पटाखे, एसिड आदि दूर रखें। आग पकड़ने वाली खाद्य सामग्री और पैकेट बंद सामान को सिलेंडर और चूल्हे से दूर रखें। बिजली के उपकरणों पंखा, एसी, कूलर, फ्रिज, हीटर, इंडक्शन को चेक करते रहें। बीच-बीच में उनकों बंद कर दें।

## पुलिस ने किया लूट का खुलासा, एक को दबोचा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सियापुर गांव निवासी कल्पना अपने पति विजय के साथ बाइक से शुक्रवार की दोपहर गुरसहयगंज-तिर्वा मार्ग होते हुए अपनी ससुराल छोछापुर जा रही थी। धोबीघाट पुल के पास बाइक सवार युवकों ने महिला का बैग छीन लिया था। पुलिस से शिकायत में उसने बताया कि बैग में तीन जोड़ी चांदी की कंघनी, सात जोड़ी खड़ुआ, चार जोड़ी सोने की हाय, एक मोबाइल करीब 13 हज़ार रुपए समेत छह हज़ार रुपये नगद थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। सोमवार को एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास छीने गये जेवरात बरामद हुए। आरोपी ने दंपति से लूट की घटना कबूल की। उसने अपना नाम मैनपुरी जनपद के भोगांव थाना के गिहार कालौनी निवासी सनी गिहार उर्फ छोटका पुत्र स्व. महावीर बताया।

● कन्नौज व मैनपुरी में कई मुकदमे दर्ज हैं उस पर

कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि आरोपी के पास से एक अंगूठी पीली धातु, एक मंगलसूत्र पीली धातु, तीन जोड़ी पायल सफेद धात, 3400 रुपये बरामद हुए। अपराधी पर कन्नौज समेत मैनपुरी में कई मुकदमे दर्ज हैं।

दबंगई | सरकारी भूमि पर है कब्जा, तहसील प्रशासन ने फसल न काटने की दी थी हिदायत

## बेखौफ कब्जेदार रोक के बाद भी काट रहे फसल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरकारी जमीन पर खड़ी फसल न काटने के तहसील प्रशासन के अल्टीमेटम के बाद भी बेखौफ दबंद किसानों ने फसल की कटाई शुरू कर दी। वे अपनी मेहनत और लागत निकाल लेना चाहते हैं।

तहसील क्षेत्र के खानपुर ग्राम सभा के पल्योरा गांव में करीब एक हजार बीघे से अधिक सरकारी भूमि है। इस पर गांव के दबंद किसान दो साल से कब्जा कर फसल करते आ रहे हैं। सरकार के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने सन् 2022 में सरकारी भूमि की पैमाइश कराकर कब्जेदारों की धान की फसल कटवाकर नीलाम कर दी। इसके बाद 2023 में नवंबर माह में भी खड़ी फसल कटवाई गई। प्रशासन द्वारा दो बार फसल कटवा लेने के बाद भी अवैध कब्जेदारों के हौसले नहीं डिगे। तभी तो इस बार गेहूं की बुवाई कर ली और प्रशासन को खबर तब हुई जब फसल तैयार हो गई। तहसील प्रशासन ने अवैध तरीके से फसल उगाने वालों को इसे न काटने की हिदायत दी थी। प्रशासन ने सरकारी भूमि पर खड़ी फसल की कटाई कराकर नीलामी कराने की बात कही थी। इसके बाद भी कुछ कब्जेदारों ने फसल को कटवाना शुरू कर दिया। अन्य भी इसी कार्ययोजना को तैयार किए हैं।

एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि उन्होंने सरकारी जमीन पर फसल कटवाकर नीलाम कराने के लिए तहसीलदार को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं। जो किसान ऐसा कर रहे हैं उन पर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



पल्योरा गांव में दबंग किसानों द्वारा काटी गई फसल। अमृत विचार

## आलू खरीदने गया व्यापारी लापता गुमशुदगी दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम छछौनापुर निवासी दिनेश सिंह पुत्र भरत सिंह नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित नॉर्मल रोड सराय गूजरमल में रहते हैं।

उन्होंने बताया कि भाई रजनेश कुमार उर्फ सिल्लू की मंडी समिति में आढ़त की दुकान है और वह शुक्रवार की सुबह आठ बजे आलू खरीदने की बात कहकर अपनी दुकान निगम मंडी की ओर गया था। शाम 8 बजे के बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया, जिसके बाद उसके परिचित लोगों व रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

## संकुल प्रभारी की ड्यूटी नहीं चाहते शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मिशन प्रेरणा के अंतर्गत सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा विद्यालयों में अनुश्रवण के लिए बेसिक शिक्षा विभाग को संकुल शिक्षक ढूंढ़े नहीं मिल रहे हैं। विभाग ने 69 हजार शिक्षक भर्ती के कई शिक्षकों को यह जिम्मेदारी दी है, लेकिन वह यह ड्यूटी नहीं करना चाह रहे हैं। ऐसे कई शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ड्यूटी से मुक्त किए जाने की मांग की है।

बेसिक शिक्षा विभाग में सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान व विद्यालयों में अनुश्रवण के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत में पांच-पांच संकुल शिक्षकों की नियुक्त की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग में कई सालों से तैनात शिक्षकों ने यह जिम्मेदारी लेने से इन्कार कर दिया तो खंड शिक्षा अधिकारियों ने 69 हजार भर्ती के नए शिक्षकों को संकुल प्रभारी बना दिया है। नियमानुसार न्याय पंचायत के वरिष्ठ शिक्षक को नोडल संकुल शिक्षक के रूप में नियुक्त किया जाता है। सोमवार को सदर बीआरसी पहुंचे प्राथमिक विद्यालय सारौंतोप के सहायक अध्यापक विनय कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि उन्हें जलालपुर न्यायपंचायत का संकुल शिक्षक बना दिया गया है, जबकि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी भी नहीं है। उनकी न्याय पंचायत में कई वरिष्ठ शिक्षक हैं, उनको नियमानुसार बनाया जाना चाहिए। उनकी नियुक्ति तो 69 हजार भर्ती हुई है। इस बाबत खंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत में अच्छे शिक्षकों को नियुक्त किया जाता है।

#### 2200 रुपये सालाना मानदेय लेकिन मिलता नहीं

- संकुल शिक्षकों ने बताया कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 2200 रुपये मानदेय दिया जाता है। सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं बैठकों में होने वाले खर्च के लिए यह धनराशि प्रदान की जाती है। पहले एक-दो बार दिया गया, लेकिन अब नहीं मिल रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को ऊपर उठाने के लिए संकुल शिक्षकों को नियुक्त किया जाता है। हर साल मानदेय उनके खातों में भेजा रहा है, जिनको नहीं मिला है वह बीईओ को प्रत्यावेदन दे सकते हैं।

# सपा महासचिव पर हमले में कई नामजद

## सपा महासचिव पर हमले में पूर्व जिलाध्यक्ष का नाम भी एफआईआर में शामिल, पूर्व जिलाध्यक्ष बोले मैं बीमार हूं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


इलियास मंसूरी। अमृत विचार


नदीम फारुखी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के महासचिव पर जानलेवा हमला करने में पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम फारुखी व उनके समर्थकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बताते चले इलियास मंसूरी का महासचिव बन जाना पार्टी नेताओं को रास नहीं आ रहा है। इसी रंजिश में बीती रात समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर ही इलियास मंसूरी पर जानलेवा हमला किया गया। इलियास मंसूरी ने पूर्व जिला अध्यक्ष एवं शमशाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष नदीम फारुकी व उनके समर्थक आनंद मोहन यादव, अंकेश कुमार अब्दुल्ला, राजीव यादव, साजिद खान, दीपक श्रीवास्तव तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रिपोर्ट में थाना शमशाबाद के ग्राम अलेपुर निवासी इलियास मंसूरी ने कहा है कि वह जिला समाजवादी पार्टी का जिला महासचिव है। जब से जिला महासचिव का दायित्व मिला है तब से समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम फारूकी निवासी मोहल्ला काजी टोला थाना शमसाबाद मुझको लगातार जान से मारने की धमकियां दे चुके हैं। एक सप्ताह पूर्व भी पार्टी अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के मोबाइल पर नदीम अहमद फारूकी ने कहा कि इलियास मंसूरी को जिला महासचिव पद से हटवा दो नहीं तो हम इसे जान से मरवा देंगे।

● चुनाव के समय हुई मारपीट से दो भागों में बंटे सपा नेता

इस मौके पर मैं और इजहार खां मौजूद थे। मोबाइल हैन्ड फ्री होने के कारण हम दोनों ने अपने कानों से पूरी बात सुनी। 7 अप्रैल को समय लगभग अपराह्न 2 बजे मेरे मोबाइल पर नदीम फारूकी के नगर पंचायत मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने मोबाइल नंबर 8804203186 से कई बार फोन करके मुझको जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुलाया। मेरे पहुंचने पर नदीम फारूकी के साथ रहने वाले आनन्द मोहन यादव निवासी ग्राम ज्योना, थाना कायमगंज, अंकेश कुमार निवासी ग्राम मुरैठी व अब्दुल्लाह निवासी मोहल्ला सैयदवाड़ा शमसाबाद, राजीव यादव मोहल्ला चौहट्टा थाना शमसाबाद साजेव खाँ मोहल्ला तराई थाना शमसाबाद, दीपक श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला चौखण्डा थाना शमसाबाद एवं दो अज्ञात लोग आ धमके और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे, पीटते हुए कहने लगे आज जान से मार देंगे और मुझको खींचते हुए छज्जे की तरफ ले गये और जान से मारने की नियत से नीचे फेंकने लगे।

शोर शराबा सुनकर साजिद अली, मनोज यादव, जिलाध्यक्ष सपा चन्द्रपाल सिंह यादव के ललकारने पर उपरोक्त लोग धमकियां देते हुए भाग गये। बताया गया है की घटना के समय सपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक चल रही थी।

बैठक में जिलाध्यक्ष के अलावा अनेकों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुखिया अखिलेश यादव से घटना की निष्पक्ष जांच करा कर दोषी नेताओं को पार्टी से बर्खास्त किए जाने की मांग की है।

### सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने दी सफाई

नदीम फारुखी ने बताया कि उन्हें समाचार पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि कल जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर किसी आपसी झगड़े में उनका नाम भी नामजद किया गया है। जबकि उक्त घटना के सम्बन्ध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और इस घटना से उनका कोई वास्ता भी नहीं है। वह विगत 20 फरवरी, 2024 से गम्भीर बीमार है और गुडगांव स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती रहे है। उसके उपरान्त वह लम्बे समय तक अलीगढ़ में रहकर इलाज करा रहा थे। और कुछ दिन पूर्व शमसाबाद आये है। दिनांक 16 अप्रैल, 2024 को पुन: मेदांता अस्पताल में जंच हेतु तिथि निर्धारित है। लगातार दवा चल रही है। घर पर ही रह रहे हैं। चैयरमैन ने कहा कि घटना में उनका नाम गलत, रंजिशन व राजनीतिक प्रति स्पर्धा के कारण लिखाया गया है। घटना के समय हम शमसाबाद स्थित घर पर थे तभी जानकारी प्राप्त हुई है कि वादी का कुछ युवकों से लेन-देन को लेकर विवाद हुआ है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

### रंगदारी मांगने में एक नामजद व एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एक नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप शराब ठेकेदार से रंगदारी मांगने का लगाया गया है। मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी हर्ष गुप्ता शराब ठेकेदार हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गांव सलेमपुर निवासी अन्नू दीक्षित व एक अज्ञात युवक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि खिमसेपुर में उनका शराब ठेका है। कुछ दूरी पर ध्रुव पांडेय का अंग्रेजी शराब का ठेका है। जिसे अन्नू दीक्षित चलाते हैं। चार अप्रैल की रात वह शराब ठेका बंद कर घर जा रहा था, तभी रास्ते में अन्नू व उसके साथी ने उसे रोक लिया। अन्नू ने 20 हजार रुपये महीने के रंगदारी देने की मांग की। इंकार करने पर अन्नू व उसके साथी ने कार पर पथराव कर दिया, जिससे कार का बोनट क्षतिग्रस्त हो गया। अन्नू ने जाते समय जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर मनोज भाटी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।


जहरीली घास चरतीं भेड़ें। अमृत विचार

# जहरीली घास चरने से आठ भेड़ों की हुई मौत

संवाददाता शमसाबाद फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव कुइयांधीर में जहरीली घास चरने से आठ भेड़ों की मौत हो गई और कई भेड़ों की हालत गम्भीर हो गई। दिवस तालाब के पास शरारती तत्वों द्वारा डाले गए जहरीले पदार्थ से कई बेजुबान पशुओं की दर्दनाक मौत हो गई है।

थाना शमशाबाद क्षेत्र गांव कुइयांधीर निवासी जितेंद्र कुमार पाल भेड़ें चराने के लिए कुइयांधीर गया था। वहीं तालाब के पास से गुजरते समय आटा जैसा सफेद पदार्थ पड़ा था। इस पदार्थ का कई बेजुबान पशुओं ने सेवन कर लिया। खाने के बाद बेजुबानों की हालत बिगड़ गई। जिसमे आठ भेड़ों की मौत हो गई। पशुपालक के अनुसार लगभग डेढ़ लाख का आर्थिक नुकसान हुआ हैं। ग्रामीणों के अनुसार दो दर्जन बंदरों ने भी विषाक्त पदार्थ का सेवन किया। जिससे कई बंदरों के गंभीर होने की संभावना है। ग्राम प्रधान रानी देवी के पति ने बताया कि उन्हें भी इस तरह की सूचना दी गई। ग्रामीणों ने बताया लगभग दो दर्जन बंदरों की दर्दनाक मौत होने के आसार हैं। ग्रामीणों को आशंका है किसी शरारती तत्व द्वारा आटे में चीनी के मिश्रण में कोई जहरीला पदार्थ डाला गया। जो बेजुबानों की मौत का कारण बना। पशुपालक ने बताया की घटना की सूचना पशु चिकित्सा विभाग को दी गई। पशु चिकित्सक ने मौके पर मामले की जांच पड़ताल की। वहीं पशु चिकित्सकों की टीम ने आटा चीनी के मिश्रण में जहरीले पदार्थ के होने की आशंका जताई। फिलहाल आठ भेड़ों की मौत हो जाना बताया गया है। इसके अलावा कई बंदरों की भी मौत होना बताया जा रहा है।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक पर सवार महिला की मौत

**मोहम्मदाबाद।** शादी का कार्ड देकर वापस लौट रहे दंपति को बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव जसमापुर निवासी पुष्पेंद्र वर्मा पत्नी सरस्वती(25) तथा एक वर्षीय पुत्री आरुषि के साथ मोटरसाइकिल से थाना जहानगंज के गांव गदनपुर तुर्रा अपनी ससुराल में शादी का कार्ड देने गए थे। 22 अप्रैल को पुष्पेंद्र के चचेरे भाई की शादी होनी थी। जिसका कार्ड देने अपनी ससुराल में गए थे। 8 अप्रैल की शाम ससुराल से कार्ड देकर वापस आ रहे थे। शाम 7:00 बजे बहोरीकपुर नवाबगंज मार्ग पर स्थित एन एस सी स्कूल के पास पहुंचे वैसे ही सामने से आ रही अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे सरस्वती की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि पुष्पेंद्र व उनकी एक वर्षीय पुत्री आरुषि को हल्की चोटें आई। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लाया गया। जहां डॉक्टर सनी मिश्रा ने सरस्वती को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा भरा।

# बालिका से छेड़छाड़ में पांच वर्ष की सजा

कार्यालय संवादाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** चाची के घर से लौट रही बालिका के साथ युवक ने छेड़छाड़ की। न्यायालय ने इस मामले में आरोप सिद्ध होने पर दोषी को पांच साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दस हजार रुपये जुर्माना भी किया है।

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही जीशान के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा कि 22 जनवरी 2023 को उसकी दस वर्षीय पुत्री अपनी चाची के घर से लौट रही थी। जीशान ने पुत्री को अकेला पाकर छेड़छाड़ की। पुत्री ने जब इसकी जानकारी स्वजनों को दी तो उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। जांच पड़ताल के बाद आरोपी जीशान के खिलाफ विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने बुधवार को गवाह व साक्ष्य के आधार पर जीशान को दोषी करार दिया। सोमवार को न्यायाधीश ने दोषी जीशान को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई और दस हजार रुपये जुर्माना किया।

### एससीएसटी के दो आरोपियों को एक वर्ष की सजा



**फर्रुखाबाद।** मारपीट के मामले में एससीएसटी न्यायालय ने दो आरोपितों को एक वर्ष की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 15 दिन के अंदर दोनों आरोपियों को कोर्ट में हाजिर होने के आदेश दिए हैं। कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव भोजपुर निवासी राम सिंह ने कोर्ट के आदेश पर गांव के धीर सिंह शाक्य, रामवीर सिंह शाक्य व कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया कि गांव का अमन 15 अक्तूबर 2018 को उसके घर आया। उसे बाइक पर बैठाकर ले गया। लेनगांव के पास धीर सिंह व रामवीर सहित अन्य लोगों ने उसको बाइक से उतारकर एंबुलेंस में बैठा लिया। जाति-सूचक गाली-गलौज कर लाठी डंडों से मारा पीटा। मारपीट में उसकी कलाई की हड्डी टूट गई। सूचना पर परिजनों ने पुलिस के सहयोग से इन लोगों से छुड़वाया। विवेचक ने जाति-सूचक गाली-गलौज के मामले में धीर सिंह व रामवीर के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने धीर सिंह व रामवीर को एक वर्ष परिवीक्षा अवधि की सजा सुनाई। दोनों दोषियों को 15 दिन के अंदर प्रोबेशन अधिकारी के समक्ष पेश होने के आदेश दिए।

# संचारी रोग की समीक्षा बैठक में भड़के डीएम

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान के तहत अभी तक किये गए कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र में नालियों की सफाई कम पाई गई। कायमगंज, कमालगंज, राजेपुर में नालियों की स्थिति खराब पाई गई। एडीओ पंचायत कायमगंज से स्पष्टीकरण तलब किया गया। अजमदपुर की सफाई कर्मी कार्य नहीं कर रही है उसे जिलाधिकारी ने निलंबित करने का आदेश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने ई ओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में छुट्टा जानवर के अतिरिक्त कोई भी पालतू पशु खुला हुआ घूमता पाया जायेगा तो सख्त कार्रवाई होगी।

# चैत्र नवरात्र आज से, मंदिरों में उमड़ेगी भीड़

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


नवरात्र पर सजा शीतला देवी मंदिर बढ़पुर। अमृत विचार



सिद्ध पीठ गुड़गांव देवी मंदिर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र की शुरुआत मंगलवार से हो रही है। सनातन धर्मी नवरात्र पूजा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। नवरात्र को लेकर सोमवार को बाजारों में जमकर रौनक रही। वहीं देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया संवारा जा रहा था। घरों में भी नवरात्र की पूजा करने के लिए लोगों ने विशेष इंतजाम किए हैं।

नवरात्र को लेकर घरों में बनाए गए मंदिरों को साफ कर वहां मां दुर्गा को नई पोशाकें पहनाई गईं। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी, श्री गुरुगांव देवी मंदिर, श्री शीतला देवी मंदिर, श्री संतोषी माता मंदिर, गमा देवी मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर व मोहल्ला नुनहाई स्थित मां दुर्गा मंदिर में नवरात्र की तैयारियां की गईं। इन मंदिरों में दुर्गा मां के लिए नए वस्त्र मंगवाए गए। मंदिरों को सजाया भी जा रहा था। रेलवे रोड, साहबगंज चौराहा, चौक, नेहरू रोड, घुमना बाजार, नितगंजा, पक्कापुल और कोतवाली रोड फतेहगढ़ आदि बाजारों में स्थित पूजन सामग्री की दुकानों पर लोग खरीददारी कर रहे थे। लोग लाल चुनरी, नारियल ,लाल सिंदूर, देशी घी, धूप, अगरबत्ती की खरीदारी की। इसके अलावा कूटू, सिंगाड़े का आटा व व्रत सामग्री भी महिलाओं ने खरीदारी की।

### सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

फर्रुखाबाद पुलिस विभाग मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के इंतजार करेगा। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी संबंधित पुलिस चौकी इंचार्जों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। उन्हें वहां निगरानी रखने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सख्त हिदायत दी गई है कि मंदिर परिसर या फिर बाहर कोई भी अराजकतत्व गड़बड़ी करता मिले तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# 17 व 19 को निकाली जाएगी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


बैठक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीराम नवमी के अवसर पर फर्रुखाबाद में 17 और फतेहगढ़ में 19 अप्रैल को प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा धूमधाम से निकलेगी। श्री राम विविध कला केंद्र व श्री रामलीला परिषद की बैठकों में यह निर्णय लिया गया।

रविवार को सूर्य प्रकाश भारद्वाज के आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक मटरलाल दुबे ने कहा कि 17 अप्रैल को श्रीराम नवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा रेलवे रोड स्थित सरस्वती भवन से शुरू होगी। दोपहर 12 बजे प्रभु श्रीराम का अभिषेक होगा। 16 अप्रैल को नारायण गेट पूजन चौक पर किया जाएगा। नेहरू रोड व घुमना तक चार भव्य द्वार बनाए जाएंगे। शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के साथ मां दुर्गा की झांकी निकलेगी।

● श्रीराम विविध कला केंद्र व श्री रामलीला परिषद की हुई बैठक

सूर्य प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मंत्री दीपक मिश्र ने बताया कि श्रीराम नवमी को रामभक्त अपने घरों में दीप जलाएं। अपने द्वार पर झंडे सजाएं। इस अवसर पर आनंद प्रकाश गुप्ता, सागर भारद्वाज, शक्ति सिंह कुशवाह, रवि बाजपेई, गोपाल मिश्र, नारायण दत्त द्विवेदी, लवी, ईशू, शिवओम पांडेय और विमलेश मिश्र आदि रहे।

उधर, श्री रामलीला परिषद फतेहगढ़ के अध्यक्ष रवीश द्विवेदी ने कहा कि 19 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम श्रीराम निवास मंदिर सब्जी मंडी में होगा। सायंकाल चार बजे भगवान राम की भव्य शोभायात्रा बनखड़िया मंदिर से निकाली जाएगी। यात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न की झांकियां शामिल रहेंगी। इस अवसर पर चमन टंडन, राजीव बाजपेई, सभासद अनिल तिवारी, अवनींद्र सक्सेना, अभय गोस्वामी, राजू मिश्र, शिवम द्विवेदी, अवधेश दीक्षित और सोनू मिश्र मौजूद रहे।

# एचटी लाइन से गिरी चिंगारी, फसल राख

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम जैनापुर निवासी कृष्णपाल के खेत में 11 हजार विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई। ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डाल कर आग पर काबू पाया। सूचना देने के एक घंटे के बाद फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने किसी तरीके से बाल्टी आदि से पानी डाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने बताया की खेतों में बिजली लाइन के तार काफी नीचे है। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। जिसका नतीजा है कि गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने रिपोर्ट एसडीएम को सौंपने की बात कही है।

# आरोपी समेत दो होमगार्ड हादसे में घायल

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना जहानगंज से वारंटी को न्यायालय ले जा रहे होमगार्ड की बाइक में टैंपो ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में दोनों होमगार्ड और वारंटी घायल हो गया। पुलिस घायलों को कमालगंज सीएचसी ले गई। जहां होमगार्ड को लोहिया जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के बाद वारंटी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

गांव बलीपुर निवासी होमगार्ड सोबरन व किता नगला निवासी रावेंद्र वारंटी महेश को लेकर बाइक से फतेहगढ़ न्यायालय जा रहे थे। रास्ते में कानपुर-फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पर नगला दाऊद के पास सामने से आ रही टैंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सड़क पर गिर गई हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया। होमगार्ड सोबरन और रावेंद्र का जिला अस्पताल लोहिया में इलाज जारी है। घायल वारंटी महेश का प्राथमिक उपचार होने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने 14 दिन की रिमांड पर उसे जेल भेज दिया।

● वारंटी को मोटरसाइकिल से लेकर जा रहे थे कोर्ट

### डंपर की टक्कर से ऑटो पलटा, कई यात्री घायल

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** अमृतपुर-थाना क्षेत्र में डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया, जिससे ऑटो में सवार कई यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गए। यह घटना जमापुर मोड़ की है, जहां सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया। ऑटो सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों की गंभीर हालत में देखते हुए 108 एंबुलेंस से राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया। रवीपाल पुत्र धर्मपाल निवासी गांधी ऑटो लेकर के जा रहे थे। हुल्लापुर की तरफ से डंपर फर्रुखाबाद की तरफ जा रहा था तेज रफ्तार डंपर और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

सियासत | पूर्व विधान परिषद सदस्य की पत्नी वत्सला अग्रवाल नगर पालिकाध्यक्ष हैं

# बसपा के पूर्व एमएलसी मनोज व उनकी पत्नी भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ मनोज अग्रवाल व उनकी पत्नी वत्सला अग्रवाल।

**अमृत विचार।** जिले के कद्दावर नेता पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व नगर पालिकाध्यक्ष उनकी पत्नी वत्सला अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। भाजपा की इस सियासी चाल से लोक सभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार की चुनावी डगर आसान हो गई है।

बताते चलें कि मनोज अग्रवाल बसपा सुप्रीमो मायावती के अति करीबी रहे हैं। वह बसपा से एमएलसी रह चुके हैं। 2019 में हुए लोक सभा चुनाव में मनोज अग्रवाल को सपा बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ाया गया था। इस चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत ने मनोज अग्रवाल को 2,21702 मतों से पराजित कर दिया था। भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत को 5,69880 वोट मिले थे। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनोज अग्रवाल को 3,46178 मतों पर संतोष करना पड़ा था। जमीन से जुड़े नेता मनोज अग्रवाल खुद पालिकाध्यक्ष रह चुके है। 2023 में हुए नगर पालिका परिषद के चुनाव में उनकी पत्नी वत्सला अग्रवाल ने निर्दलीय चुनाव लड़ा। उनके विपक्ष में भाजपा से भाजपा के जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की मां को चुनाव मैदान में उतारा गया था। वत्सला अग्रवाल के सामने भाजपा प्रत्याशी टिक नहीं सकी और उन्हें तीसरे स्थान पर रह कर सन्तोष करना पड़ा। नतीजतन वत्सला अग्रवाल भारी मतों से चुनाव जीत गई थीं। मनोज व वत्सला के भाजपा में शामिल होने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। मनोज अग्रवाल व वत्सला अग्रवाल को भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर उपमुख्य मंत्री बृजेश पाठक ने पार्टी में शामिल कराया है।

बताते चले कि मनोज और वत्सला अग्रवाल के भाजपा में शामिल होने को लेकर शहर के एक होटल में आठ दिन पूर्व हुई बैठक में ही निर्णय ले लिया गया था। इस बैठक में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार भी शामिल हुए थे। पार्टी हाई कमान के इस निर्णय के बाद मनोज अग्रवाल के विरोधियों को करारा झटका लगा है।

बताते चले कि बसपा की झोली से चुनावी दौर में दो दिग्गज खिसक कर भाजपा की झोली में चले गए है। आठ दिन पहले क़ायमगंज पालिका अध्यक्ष बसपा से नाता तोड़ भाजपा में शामिल हो चुके है। आज सदर नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल अपने पति मनोज अग्रवाल के साथ भाजपा में शामिल हो गई हैं। राजनीति के पंडितों का मानना है कि इन दोनों दिग्गजों के भाजपा में शामिल होने के बाद भाजपा को काफी मजबूती मिली है। वहीं 13 मई को होने जा रहे लोक सभा चुनाव के लिए बसपा को कोई उम्मीदवार खोजे नहीं मिल रहा है। भाजपा के दिग्गज बसपा के खोज खोज कर मजबूत पिलर गिरा रहे है। इस सम्बंध में पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी वत्सला अग्रवाल सहित भाजपा में शामिल हो गए है। एक कार्यकर्ता की भांति पार्टी में काम करते रहेंगे।

# अनुपस्थित कर्मियों को डीएम ने चेताया

**फर्रुखाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीके सिंह ने मतदान कार्मिकों के प्रथम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कार्मिकों सूरज सहाय सक्सेना, मण्डी निरीक्षक, कमालगंज, रामदास, वरिष्ठ सहायक, दि ओरियन्टल इन्शोरेंस कलि, फतेहगढ़, नबाव सिंह, सहायक अध्यापक, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कमालगंज, रामवीर सिंह, सहायक अध्यापक, मेजर शिवदयाल सिंह इण्टर कालेज, मोहम्मदाबाद, सतेन्द्र कुमार, नलकूप चालक, नलकूप खण्ड, फतेहगढ़, चन्द्रभान, सहायक अध्यापक, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, नबावगंज, रामऔतार, सहायक अध्यापक, खण्ड शिक्षा अधिकारी, शमसाबाद, जोगेन्द्र कुमार, सहायक अध्यापक, खण्ड शिक्षा अधिकारी, कमालगंज व अजय राज सिंह तथा आलोक कुमार को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण लें।

## सार-संक्षेप

### उड़नदस्ता टीम ने की वाहनों की चेकिंग

**क़ायमगंज।** सोमवार को उड़नदस्ता टीम के पशु विभाग के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सेक्टर मजिस्ट्रेट डा. मनोज शर्मा, कोतवाली के एसआई लाल सिंह यादव पुलिस फोर्स के साथ कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित टेड़ीकोन के पास पहुंचे। जहां चोपहिया वाहन की रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान टीम ने वीडियोग्राफी की।

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**कायमगंज।** कस्बा चौकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी को मुखबिर ने सूचना दी कि कुबेरपुर स्थित एक ग्रामीण के घर के पीछे करौदे के बाग में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मौके पर चार जुआरियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों ने अपना नाम विनय, अवधेश, विनोद कुमार, अकिल पुत्र फकरुद्दीन बताया। पुलिस को उनके पास से 630 रुपये बरामद हुए।

### कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**क़ायमगंज।** कुआखेड़ा चौकी प्रभारी विश्वनाथ आर्य को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सिनौली मार्ग पर अवैध शराब लेकर जा रहा है। इस पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और आरोपित दुकानदार पुत्र महमूद दर्जी को पकड़ लिया। पुलिस को उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

### किशोरी ने पीया कीटनाशक, गंभीर

**कायमगंज।** नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी शिखा ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक का पी लिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बालिका झुलसी, सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज।** फर्रुखाबाद कंपिल क्षेत्र के गांव सिंकदरपुर अंगू निवासी अतुल की चार वर्षीय पुत्री रक्षा झुलस गई। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

# हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

## कोर्ट ने उन पर तीन-तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दस यज्ञेश चंद्र पांडे ने तीन साल पुराने हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को दोषी पाया है। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारवास की सजा सुनाई इसके अलावा कोर्ट ने उन पर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अकालगंज निवासी पूजा सोनी ने बकेवर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसके पति दीपक सोनी पुत्र गनेश सोनी निवासी हाउसिंग कालोनी भिंड हाल पता अकाल गंज इटावा के नाजायज सम्बंध बकेवर थाना क्षेत्र के गांव निवाड़ी कलां निवासी शशिप्रभा पाल से चल रहे थे । उनका अक्सर उसके यहां आना जाना था। उसके पति दीपक सोनी के पास 28 मई 2021 को शशिप्रभा का फोन आया तो वह निवाड़ीकला चला गया। रात में शशिप्रभा ने अपने साथियों के साथ मिलकर दीपक के साथ मारपीट की । 29 मई 2021 को दीपक इटावा आए तो उनके शरीर पर चोटों के निशान थे। उसने व उसके बच्चों ने चोट के निशान देखे थे। 30 मई 2021 को फिर से शशि प्रभा का फोन आया तो दीपक शाम करीब साढे चार बजे इटावा से निवाड़ी कलां चले गए। उसी रात को शशि प्रभा व उसकी मां ने साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। वहीं शशि प्रभा ने दीपक के द्वारा आत्म हत्या कर लेने की सूचना पुलिस को दी थी। जांच के बाद पुलिस ने शशिप्रभा पाल उर्फ गुडिया पुत्री विजय सिंह पाल , विमला देवी पत्नी विजय सिंह पाल व अवधेश कुमार पुत्र राम मूर्ति निवासी सबल पुर थाना अजीतमल औरैया के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।बाद में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मामले की सुनवाई अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दस में हुई । अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने शशि प्रभा पाल उर्फ गुडिया , विमला देवी व अवधेश कुमार को हत्या का दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई । कोर्ट ने उन पर तीन हजार का जुर्माना लगाया।


### चोरी की योजना बनाते तीन गिरफ्तार

**इटावा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर वन विभाग के पास से चोरी की योजना बनाते तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों के पास से तमंचा कारतूस के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ है। सिविल लाइन थाना प्रभारी यशवंत सिंह अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ चोर वन विभाग के पास चोरी की योजना बना रहे है। इस सूचना पर उन्होंने छापा मार कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस चाकू चाबी का गुच्छा व अन्य सामान बरामद हुआ। पकडे गए चोरो ने अपने नाम राम नरेश उर्फ कल्लू पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम मुरैथा थाना इकदिल , रोहित उर्फ बन्टी पुत्र लाला राम निवासी कुंज फाटक थाना कोतवाली व राजीव उर्फ सूरज पुत्र जागेश्वर निवासी वी.एस.एन. एल आफिस के सामने थाना सिविल लाइन बताया। पूछताछ में पकडे गए लोगों ने बताया कि वह पक्का बाग कालोनी में चोरी की योजन बना रहे थे तभी पकडे गए।

# आर्म्स एक्ट में दोषी को तीन साल की सजा मिली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया



**अमृत विचार।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उरूज फातिमा ने आर्म्स एक्ट के 13 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार कर पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाया और उसे तीन साल की सजा सुनाई । इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दो हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

सहायक अभियोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि ऊसराहार थाना प्रभारी धर्म प्रकाश शुक्ला अपनी टीम के साथ छह जनवरी 2010 को गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक शातिर अपराधी अवैध असलाह के साथ सरसई नावर चौराहे के पास मौजूद है। इस सूचना पर उन्होने अपनी टीम के साथ छापा मारकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम नारायण हरी उर्फ डौली पुत्र अंग्रेज सिंह निवासी दौलत पुर थाना ऊसराहार बताया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। अभियोजन अधिकारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यो व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने नारायण हरी को दोषी पाया और उसे तीन साल की सजा व दो हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

## नहर पटरी पर मिला युवक का शव

**इटावा।** संदिग्ध हालात में रविवार रात थाना क्षेत्र में पिलखर गांव के पास नहर पटरी पर युवक खून से लथपथ घायल हालत में मिला। उसकी बाइक नहर में गिरी मिली। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हत्या करने की आशंका जताई जबकि पुलिस सड़क हादसा मान रही है।

थाना क्षेत्र में गांव केशोंपुर जादौपुर में रहने वाले करन सिंह का 25 साल का बेटा विपिन उर्फ नीतू रविवार शाम सात बजे मोबाइल का रिचार्ज कराने की कहकर बाजार गया था। देर रात घर नहीं लौटने पर परिजन उसे खोजने लगे तभी नहर पटरी झाल पुल के आगे खून से लथपथ घायलावस्था में देखा। उसकी टूटी फूटी बाइक नहर में गिरी हुई पाई गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। उसकी शादी पांच साल पहले परमधाम गांव से हुई थी। उसका बेटा ऋषभ चार साल, छोटी बेटी निकेता डेढ़ साल के साथ पत्नी अनामिका और मां जयदेवी का रो रोकर हाल बेहाल हो गया। परिजनों ने उसे मारपीट कर मार डालने की आशंका जताई।



डॉ. रिपुदमन सिंह को प्रतीक चिह्न देते विशुन कुमार चौधरी। अमृत विचार

# शिक्षा की उपयोगिता समझने वाला ही उन्नति करता है

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- आदिसागर अंकलीकर इंटर कालेज में हुआ वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार।** आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि सेवानिवृत क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डा रिपुदमन सिंह, अध्यक्ष अंकलीकर वाणी मासिक पत्रिका समिति डॉ. अनिल कुमार जैन, डायरेक्टर कमल किशोर जैन, डॉ.उज्ज्वल यादव तथा विद्यालय के प्रबंधक/मंत्री विशुन कुमार चौधरी ने किया। विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। डा रिपुदमन सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं शिक्षा पर विशेष ध्यान दें । शिक्षा की उपयोगिता को जो समझता है वही उन्नति प्राप्त करता है। सभी अतिथियों को माला तथा शाल पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सोहिनी, विभा यादव,अचला वर्मा, राजकिशोर वर्मा ,सुनील कुशवाहा, विपिन कुमार,चेतन सिंह, अशोक नारायण,शिखा अग्रवाल,कंचन वर्मा,सुमित यादव,बीना वर्मा,अंशिका सक्सेना, श्रोति यादव,वासिफ खान, अविनाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत से कोहराम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पहली घटना इकिदल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर नगर पुल के पास हुई जहां बाइक से जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए पीजीआई ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। क्षेत्र के गांव केशों पुर जादौंपुर निवासी विपिन कुमार पुत्र 25 वर्ष पुत्र करन सिंह अपनी बाइक से इटावा जाने के लिए घर निकला था। जब वह नहर पुल के पास पहुंचा तभी किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गए उसने इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने पीजीआई रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

दूसरी घटना ऊसराहार थाना क्षेत्र के सरसई नावर के पास हुई जहां रविवार की शाम को बेकाबू कार ने कई लोगों को रौंद दिया था। हादसे में घायल रहीश पुत्र मुख्तार निवासी मुरादाबाद घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### युवक ने नीम के पेड़ से फांसी लगाकर दी जान



आशीष ।

**महेवा, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर गांव में देर रात एक युवक ने घर के बाहर नीम के पेड़ से मां की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घर वालों व गांव के लोगों ने शव लटके देखा। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर निवासी प्रमोद कुमार दोहरे का 21 वर्षीय पुत्र आशीष का शव सोमवार सुबह घर के बाहर खड़े एक नीम के पेड़ से लटका मिला। उसके गले में साड़ी से फंदा लगा हुआ था। सुबह जागने पर उधर से गुजरने में लोगों में शव पेड़ से लटका देखा तो हड़कम्प मच गया। परिजन घर से बाहर आये। सूचना पर डायल 112 पुलिस, बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा, व बराऊख चौकी इंचार्ज बिपिन पाल मय फोर्स मौके पर पहुँचे।सूचना पर सीओ भरथना अतुल प्रधान भी मौके पर पहुँचे।फोरेंसिक टीम ने भी आकर मौके से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव उतरवाकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक मजदूरी करता था। बताते है कि वह रविवार रात्रि पड़ोस के गांव के किसी के टैक्टर पर सरसों के कटर पर काम पर गया था।आशीष कितने समय वापस आया घर के लोगों ने भी नहीं जान पाया।सुबह उसका शव पेड़ से मां की साड़ी से फांसी पर लटका मिला।

## चेटी चंड श्री झूले लाल जन्मोत्सव कल

**इटावा।** चेटीचंड श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव जिला कारागार में मंदिर श्री झूलेलाल जिला कारागार के सामने 10 अप्रैल को मनाया जाएगा। सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री लाली भाई बुलानी ने बताया कि

**प्रातः 8** बजे झंडा रोहण तथा पूजन पाठ प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे, कथा कीर्तन व डांडिया नृत्य प्रवचन

**दोपहर 1 बजे से भंडारा प्रारंभ**, शाम 5 बजे श्री झूलेलाल भगवान की भव्य शोभा यात्रा साथ में बहराणा साहिब व अखंड ज्योति साथ में रहेगी। यमुना नदी में विसर्जन किया जाएगा। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर स्टेशन बाजरिया शास्त्री चौराहा नौरंगाबाद , नगर पालिका चौराहा पचराहा छैराहा पर हनुमान मंदिर पर समापन होगा ।

# ऑपरेशन के दौरान दो महिलाओं की मौत से जिला अस्पताल में हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, संवाददाता

**अमृत विचार।** जिला पुरुष अस्पताल में सोमवार को ऑपरेशन के दौरान दो महिलाओं की मौत से हड़कंप मच गया। एक महिला का पथरी तथा दूसरी महिला का बच्चेदानी का ऑपरेशन हो रहा था । आनन फानन में दोनों शव ऑपरेशन थिएटर से निकालकर एम्बुलेंस से उनके घर भेजे गए । मरने वाली एक महिला अस्पताल के फार्मासिस्ट की बहन भी है। ऑपरेशन थिएटर में एक साथ दो महिलाओं की मौत ने जिला अस्पताल की लचर व्यवस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है।

मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के नगला धनू शमशेर गंज की रहने वाली 55 वर्षीय उर्मिला देवी जो कि जिला पुरुष अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट संत कुमार की बहन है उनका पथरी का ऑप्रेशन होना था । शनिवार को वह जिला अस्पताल में भर्ती हुई थी और सोमवार को वह ऑप्रेशन के लिये ओटी में पहुची थी। डॉक्टर टीम के साथ ऑपरेशन कर रहे थे इसी दौरान ही उर्मिला देवी की मौत हो गई। वहीं थाना बकेवर के गांव व्यास रमपुरा के रहने वाले राम प्रकाश की 60 वर्षीय पत्नी राम जानकी भी शनिवार को अस्पताल में भर्ती हुई थी उनके बच्चेदानी में इंफेक्शन था और डॉक्टर ने सोमवार को ऑपरेशन करने के लिए कहा था। सोमवार को वह सकुशल ऑपरेशन थिएटर पहुंची जहां पर डॉक्टरों की टीम ऑपरेशन कर रही थी इसी दौरान रामजानकी की भी मौत हो गई। अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में एक साथदो महिलाओं की मौत के बाद हड़कंप मच गया।

दो महिलाओं की मौत पर कहीं मामला बढ़ न जाए इसलिए अस्पताल प्रशासन ने आनन-फानन में दोनों शव ऑपरेशन थिएटर से निकलवाकर एंबुलेंस के जरिए मृतकों के घर भिजवा दिए। हालांकि दोनों महिलाओं की मौत हार्ट अटैक से होने की बात कही जा रही है । वही दोनों महिलाओं के परिवारीजन भी इस मामले में कुछ बोलने को तैयार नहीं थे। यह तो जांच के बाद ही पता लग सकेगा कि आखिर इन दोनों महिलाओं की मौत किस कारण से हुई है ।

# एप पर आई शिकायतें निस्तारित करें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- लापरवाही करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा है कि सी विजिल एप के बारे में सभी को जानकरी होनी चाहिए। इस पर आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। इसमें लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सी- विजिल पर प्राप्त शिकायतों व सीजर संबंधी की जा रही कार्यवाही के संबंध में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जो भी टीम लगाई गई है, इन सभी टीमों का कार्य रजिस्टर रिकॉर्ड के साथ ही करेंगे। जिससे उच्च अधिकारियों के आने पर अवगत कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सी विजिल एप के बारे में सभी को जानकारी अच्छे से होनी चाहिए, जिससे निर्वाचन कार्य में कोई समस्या ना हो । उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अवश्य की जाएगी। उन्होंने कहा कि सी विजिल पर सौ मिनट में ही शिकायत का निस्तारण करना चाहिए अन्यथा की स्थिति में शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में आ जाती है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि शिकायत 5 मिनट में ही संबंधित को ट्रांसफर करनी चाहिए जिससे उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सके । उन्होंने कहा कि टीम की समय-समय पर मीटिंग अवश्य करते रहें। जो भी टीम क्षेत्र में लगाई गई हैं उन टीमों के द्वारा निर्वाचन कार्य को प्रतिबद्ध होकर करना चाहिए।

वरिष्ठ पुलिस संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस एवं प्रशासन टीम द्वारा समन्वय बनाकर कार्य किया जाए । उन्होंने कहा कि पुलिस टीम संबंधित नोडल अधिकारी को समस्या आने पर तुरंत अवगत कराये जिससे कार्य का निस्तारण सा समय किया जा सके मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी अगर नहीं उपस्थित हैं तो इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को तत्काल अवगत करायें। उन्होंने कहा कि एफ एस टी एवं एसएसटी टीम किसी भी स्थिति में अनुपस्थित पाए जाने पर उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।


## प्रेस क्लब की सदस्यता 15 तक

**इटावा।** प्रेस क्लब जसवंतनगर की वार्षिक सदस्यता 15 अप्रैल तक जारी रहेगी। इसके बाद किसी भी आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। प्रेस क्लब जसवंतनगर के अध्यक्ष प्रेम कुमार शाक्य, उपाध्यक्ष सुबोध पाठक, महामंत्री रजत गुप्ता, आमंत्रित सदस्य मधुसूदन यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप चौहान व प्रचार मंत्री राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रेस क्लब इटावा की शाखा के रूप में पिछले दो वर्षों से कार्यरत प्रेस क्लब जसवंतनगर में इस तीसरे वर्ष तक शामिल सभी पत्रकारों को पहले की तरह ही प्रेस क्लब इटावा से आईडी कार्ड दिलाया जाएगा। तीन लाख रुपये का सामूहिक दुर्घटना बीमा भी कराया जाएगा।

# बीएसए ने बीईओ के तबादला आदेश को किया स्थगित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चुनाव आयोग के कोप से बचने की कवायाद
- सपा नेता उदयभान सिंह ने की थी शिकायत




**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद खंड शिक्षा अधिकारियों के तबादले करने के मामले में बीएसए ने अपने ही आदेश को स्थगित कर दिया। यह कार्रवाई मामला मुख्य निर्वाचन आयोग और जिला अधिकारियों से की गई शिकायत के बाद की गई है।

जिलाधिकारी ने आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद किए गए तबादलों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए रिपोर्ट मांगी। इसके बाद बीएसए ने आनन फानन में अपने आदेश को स्थगित कर दिया।

सपा के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ईमेल के जरिये भेजी शिकायत में अवगत कराया कि 16 मार्च से जनपद में चुनाव आचार संहिता प्रभावी है। उसके बाद भी 21 मार्च 2024 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 6 खंड शिक्षा अधिकारी अनुपम शुक्ला को ब्लॉक बसरेहर, गिरीश कुमार को ब्लॉक जसवंतनगर, वीरेन्द्र सिंह को ब्लॉक बढ़पुरा, शिवेश कुमार को ब्लॉक चकरनगर, उदय सिंह राज को ब्लॉक महेवा, सर्वेश कुमार सिंह को ब्लॉक भरथना, ताखा में ट्रांसफर किया गया है।जिसमे निर्वाचन आयोग की अनुमति नहीं ली । शिकायत होते ही बीएसए डा राजेश कुमार ने 6 अप्रैल को अपने ही इस आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया।

## मजदूर की टैंक में गिरने से हुई मौत

**इटावा।** थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया है कि ग्राम पंचायत मलाजनी के ग्राम जारी खेड़ा मार्ग पर स्थित श्रीराम एग्रो आटा मिल में रविवार देर शाम को कुछ मजदूर काम कर रहे थे। जिनमें से एक मजदूर का मोबाइल फोन मिल में बने एक टैंक में गिर गया था। उक्त मोबाइल को निकालने के प्रयास में 23 वर्षीय मजदूर मंगल सिंह पुत्र कारी सदा निवासी ग्राम आबूआर थाना बखरी जनपद बेगूसराय मोहनपुर विहार टैंक में गिर गया जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल भेजकर डॉक्टरी परीक्षण करवा कर शव को मोर्चरी रखवा दिया।

धर्म –अध्यात्म

पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के किये पुख्ता इंतजाम, भीड़ को देखते हुए कराई गई बैरीकेडिंग

# चैत्र नवरात्र आज से, सज गये मां जगदंबा के दरबार

कार्यालय संवाददाता, इटावा



नवरात्र से पहले पूजा सामग्री खरीदती महिला श्रद्धालु । अमृत विचार



मंदिर परिसर पर व्यवस्थाएं देखते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार।

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू हो रहा है। नवरात्र पूजा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। पूजा को लेकर इन दिनों बाजार गुलजार हो रहा है। लोग पूजा सामग्री की जमकर खरीददारी कर रहे है। वहीं दूसरी ओर 11 अप्रैल को ईद के चलते भी बाजार में भीड़ बढ़ गई है। भीड़ के कारण बाजार में रौनक है। नगर के मुख्य बाजार, लाइन पार पूजा सामग्री की बिक्री और किराना दुकानों में जमकर बिक्री हो रहीं। इन दुकानों पर लोगों का तांता लग रहा। खरीददारी के लिए लोगों के शाम को बाजार में आने के कारण ट्रैफिक सिस्टम पर भी प्रभाव पड़ रहा।

किराना दुकानदार सौरभ शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म के अनुयायी बहुत ही उत्साह के साथ यह पर्व मनाते हैं। ऐसे में बाजार पूरी तरह से माता रानी की मूर्ति, चुनरी व श्रंगार सामग्री से गुलजार है। मां की प्रतिमाएं, मिट्टी के कलश, पूजा से संबंधित सभी समान खूब बिक रहे हैं। साथ ही सुहाग का सामान बिछिया, चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, महावर, चुनरी, नए वस्त्र और आभूषण हर कोई खरीद रहा है।

**विवाह संबंधित कामकाज के चलते भी उमड़ रहीं भीड़:**इटावा। नवरात्र के दौरान मुंडन, विवाह से जुड़े टीका, गोदभराई आदि के कार्यक्रम के चलते भी लोग खरीदारी कर रहे है। इस कारण कपड़ा और किराना के साथ सर्राफा की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ दिख रहीं। नवरात्रि व शादी विवाह को लेकर लोग कपड़े की खरीदारी कर रहे हैं। ग्राहकों के आने से अच्छी बिक्री हुई है। ईद व रमजान के साथ नवरात्रि में रखें जानें वाले व्रत को लेकर फलाहार की बिक्री बढ़ गई है।

### लखना कालका देवी एवं ब्रहमाणी मंदिर जाने वाले रास्तों पर होगी बैरीकेडिंग

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जसवंतनगर स्थित ब्रह्माणी देवी मंदिर एवं लखना कालका देवी मंदिर का भ्रमण किया। यहां नवरात्र पर विशाल मेला लगता है। मंदिरों पर 9 दिन तक चलने वाले मेले को लेकर फायर स्टेशन की व्यवस्था और सेनेटाइज के संबंध में संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने ब्रह्माणी देवी मंदिर पर मंदिर के पुजारी को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर के अंदर ईंट पत्थर गिट्टी एवं कोई भी अनावश्यक चीज नहीं होनी चाहिए । जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या हो। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु जिस रास्ते पर आते हैं उसे रास्ते पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था आज से ही सुनिश्चित की जाए। संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि गोवंशों को तत्काल नजदीकी गौशाला में भिजवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे।

### पिलुआ मंदिर पर हुआ विशाल भंडारा

**इटावा।** सिद्धपीठ श्री पिलुआ हनुमान मंदिर पर हुए वार्षिक मारूति यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया एवं पिलुआ महावीर के दर्शन किए। मंदिर के महंत श्री हरभजन दास महाराज के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में हुए मंदिर के भव्य विस्तार एवं सौंदर्यीकरण से अभिभूत श्रद्धालु दर्शनार्थियों ने व्यवस्थित पंगत में बैठकर भंडारे का प्रसाद पाया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में उमेश तिवारी लल्ले, जनमेजय सिंह भदौरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता कृपा नारायण तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, नवल किशोर शुक्ला, नीलकंठ मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश वाजपेई, राम मनोहर दीक्षित, प्रेम किशोर द्विवेदी, पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, रघुवीर यादव, विजय यादव, अखिलेश तिवारी, मुकेश शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

# दुकान और मकान में आग से लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- आगजनी की घटना से दुकानदार व मकान मालिक हुए बदहवास

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला शिवपुरी शाला में रविवार की रात को दो दुकानों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल हो गयी। आग दुकानों से होते हुए अंदर मकान में पहुंच गई।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के शिवपुरी शाला निवासी मनीष यादव शिक्षक हैं। उनके मकान के बाहर दो दुकानें हैं। जिसमें इटगांव निवासी इसरार बाइक रिपेयरिंग की दुकान किए हुए हैं। वहीं शिवपुरी शाला के रहने वाले नेम सिंह कॉस्मेटिक की दुकान किए हुए हैं। रविवार रात लगभग एक बजे अचानक दुकानों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देख आसपास के लोग जाग गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी दमकल कर्मियों को दी। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने के दौरान आसपास के इलाके में अफरातफरी का माहौल रहा। बाइक मैकेनिक इसरार ने बताया कि दुकान पर ग्राहक की दो बाइक व एक स्कूटी और दुकान का सारा सामान मिलाकर करीब साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हो गया। नेम सिंह ने बताया कि दुकान में आग से करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। शिक्षक मनीष ने बताया कि आग से उनके मकान का लिंटर व दीवारें चटक गईं। दुकानों के पीछे बने कमरे में रखा बेड, सोफा, मेज व बक्से में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। मनीष के अनुसार करीब 20 लाख का नुकसान हो गया।

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए ।

## संपादकीय

# मदद के नए रास्ते

भारत बड़ी शक्तियों के साथ स्वयं को सुपर पावर के रूप में स्थापित करने का संतुलित प्रयास कर रहा है। इस बात में भी कोई शक नहीं है कि भारत शीघ्र ही विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी के चलते भारत पड़ोसी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में मदद करेगा और बड़े भाई की भूमिका निभाएगा। विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं की संख्या में तेजी आई है। 1970 से 2019 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। 1970 से 2021 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में 20 लाख लोगों की मौत हुई है और 4.3 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमडी)की रिपोर्ट के अनुसार, 101 देशों में अभी भी मौसम को लेकर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली मौजूद नहीं है। आशंका है कि 2030 तक दुनिया में 560 मध्यम से बड़ी आपदाएं हर साल आ सकती हैं। डब्ल्यूएमडी उन विश्वव्यापी प्रयासों का समन्वय करता है जो सटीक और समय पर मौसम के पूर्वानुमान के उत्पादन के लिए आवश्यक हैं। सोमवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकि सहायता की जरुरत है।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी नाम से एक अभियान शुरू किया है। यह अभियान साल 2022 में शुरू किया गया था, जिसमें साल 2027 तक सभी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को बचाने पर केंद्रित किया गया है। अभियान के पहले चरण के तहत चिन्हित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद भारत करेगा। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली खतरे की निगरानी, पूर्वानुमान और भविष्यवाणी, आपदा जोखिम मूल्यांकन, संचार और तैयारी गतिविधियों, प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की एक एकीकृत प्रणाली है जो खतरनाक घटनाओं से पहले आपदा जोखिमों को कम करने के लिए समय पर कार्रवाई करने में सक्षम बनाती है। अब पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया जा सकेगा। राहत की बात है कि जमीन स्तर पर मुश्किलों से जूझ रहे लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए कुछ नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं। इससे आपदाओं से उभरने के लिए समय रहते बेहतर संसाधनों का निर्माण संभव हो सकेगा।

# कोई गणित नहीं अवाम की ताकत का स्पंदन है लोकतंत्र



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है।

यह संवैधानिक खुशफहमी सही है कि भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सत्तर वर्ष से ज्यादा उम्र के हो गए लोकतंत्र ने कई चुनौतियां झेली हैं। उनका मुकाबला भी किया है। एक गंभीर, चिंतामूलक और लंबी बौद्धिक जद्दोजहद के बाद लोकतंत्र का यूरोपीय अवधारणाओं से प्रेरित भारतीय ढांचा खड़ा किया गया। देश के भविष्य के लिए चिंताओं और समस्याओं से रूबरू होते विधायन पुरुषों ने वे संभावित वायदे किए जो किसी स्वतंत्र और विकासशील देश के विचारस्फुरण में सपनों की तरह संघर्षशील आजादी के उसके आंदोलन में खदबदाते रहे थे। आईन के बुनियादी स्थापनाकारों की नीयत, समझ और अध्यवसाय में असाधारण पारदर्शिता और निष्कपटता रही है। भारतीय प्रजातंत्र की संवैधानिक रचना खुले मन से, खुले आकाश की तरह की संविधान सभा के सारगर्भित बहस मुबाहिसे में हुई है। उम्मीद यही थी कि लोकतंत्र का पौधा आजाद भारत में पुख्ता वटवृक्ष की तरह अवाम का संरक्षक बनकर इतिहास में अपनी कुव्वत का लोहा मनवाएगा।

ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी। सरकार नामक संस्था केवल सहायिका होगी। स्वतंत्र होने का यदि ऐसा बोध हो जाता तो उसे लोकतंत्र कहा जा सकता था।

**ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी।**

वैधानिक लोकतंत्र की रचना करते लेकिन आंशिक तौर पर वायदा खिलाफी हो गई। सत्ता के त्रिभुज में विधायिका के लिए बालिग सभी देशवासी निर्वाचक हुए। उन्हें ही 'हम भारत के लोग' कहा गया। पांच वर्ष के लिए विधायिका का चुनाव करते भारत के नागरिक लेकिन कमतर भूमिका अर्थात मतदाताओं में तब्दील कर दिए गए। लोकतंत्र की बुनियादी कारगर ताकत फिर निर्वाचित प्रतिनिधियों में अंतरित हो गई। उनका चुनाव एक संविधानेतर संस्था अर्थात् राजनीतिक पार्टियों के आका अपनी अपनी दार्शनिकताओं, व्यवस्थाओं और स्वार्थी विवशताओं के चलते करने लगे। एक तरह से जनता ने लोकतंत्र के पुर्जे को पांच वर्ष की संविदा या ठेके पर कुछ सैकड़ा प्रतिनिधियों को सौंप दिया। न तो यह आईन की मंशा थी और न ही भारत के 'हम लोगों' की मंजिला हकीकत लेकिन इसके ठीक उलट हो जाने से लोकतंत्र एक मशीन में तब्दील हो गया है। वह कुछ ताकतवर लोगों की जागीर बनकर रह गया है। जनता के धन और योगदान से वह बना है। उन्हें दरिद्र, दीवालिया और दीनहीन करार देने की जुगत और बौद्धिक जुगाली को लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं कहा जा रहा है।

एक नए किस्म का आर्थिक फलसफा वैश्वीकरण, उदारीकरण, बाजारीकरण और निजीकरण का मुखौटा लगाकर संविधान के मकसदों समाजवाद और सार्वजनिक उपक्रमों को कुचलता हुआ नागरिकों की सार्वभौमिकता का खुल्लमखुल्ला मजाक उड़ा रहा है। नागरिकता एक सौ सैंतीस करोड़ 'हम भारत के लोगों' का निरीह परिचय पत्र है। संविधान में लोकतंत्र का सपना उस दौर के सबसे बड़े नेता गांधी ने देखा था। गांधी देश के जनजीवन में स्वप्न भंग के यथार्थ के सबसे बड़े अभिशप्त हैं। उनका जीवन और मरणोत्तर यश निराशा, धोखाधड़ी और वायदा खिलाफी का शिकार बना दिया गया है। नेहरू और अंबेडकर जैसे असाधारण बौद्धिकों ने वेस्टमिन्स्टर प्रणाली लोकतंत्र की भारतीय धरती पर रोपकर एक नए किस्म का राजनीतिक प्रजातांत्रिक मौलिक प्रयोग तो किया। उन दोनों की असाधारण भविष्यमूलक दृष्टि में आम आदमी के पक्ष में पैरवी करती घोषणाओं का अंबार है। यदि वे कारगर हो जातीं, जिसकी संभावना उन्होंने देखी थी, तो हिंदुस्तान का लोकतंत्र दुनिया में नायाब और अजूबा होता। उनकी उम्मीदें बाद की सरकारों ने चिंताओं में बदलीं। चिंताओं को सार्वजनिक विषाद में और विषादमय जनता की पस्तहिम्मती को भुनाते हुए नवधनाड्य वर्ग ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जाल देश में अमरबेलों की तरह उलझा दिया। भ्रष्टाचारवाद, अपराधवाद, संप्रदायवाद, उपनिवेशवाद, पूंजीवाद के कई भाई भतीजे हैं। ये ऑक्टोपस की तरह लोकतंत्र की आत्मा को मिथकीय यमदूतों की तरह जकड़कर अट्टहास कर रहे हैं। हिंसा, खूंरेजी अहंकार, हत्याएं, बलात्कार, लूट, डकैती, आगजनी भारतीय जीवन के नए चोचले हैं। उन्हें ज़म्हूरियत के विकारों की तरह इतिहास बेमन से दर्ज कर रहा है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है। उसके किरदार हर वक्त केवल अभिनय की मुद्रा में दिखाई देते हैं। वे पांच वर्ष में एक बार मतदाताओं को नागरिक समझते उनके विश्वास की कलम से धोखाधड़ी के ब्लैंक चेक पर दस्तखत लेकर उसकी नकदी को लोकतंत्र को कमज़ोर करने की अपनी स्वार्थी जुगत के लिए भुना लेते हैं। सियासती दलों के घोषणापत्र मृगतृष्णा का राजनीतिक संस्करण हैं। लोकतंत्र अहसास की तरह आने का वायदा किए लाया गया था। वह टीस की तरह हर भारतीय के मन में लगातार चुभ रहा है।

यह हसीन मुगालता है कि भारत कभी विश्व गुरु बनने वाला है। यह भी संदिग्ध दावा है कि देश में सब कुछ ठीक चल रहा है। देश में ऐसा कोई मध्यवर्गीय और गरीब परिवार नहीं है जहां बेरोजगारी का दंश नहीं है। नागरिक आजादी का कैदघर बनाया जा रहा संविधान अभिभावक की भूमिका में होने के बावजूद रक्षक की भूमिका में नहीं है। यह देश कुछ सैकड़ा धनपतियों की मुट्ठी में आ गया है। अवाम का हौसला टूट रहा है। अत्याचार सहने की उसकी ताकत इतनी लचीली है कि उसे विरोध करना संभव नहीं लगता। लोकतंत्र आंकड़ों की अंकगणित नहीं अवाम की ताकत का स्फुरणनामा होता है। जॉन स्टुअर्ट मिल ने कभी कहा था यदि पूरी मनुष्यता के खिलाफ एक व्यक्ति की राय भी कायम है। तो उसकी आवाज़ को खामोश करने से ज्यादा कारगर यह है कि वह एकल आवाज़ गुमराह हो रही मनुष्यता के अहंकार को खामोश कर दे। कहो, लोकतंत्र सच क्या है?

## प्रसंगवश

# व्यवस्था और व्यक्ति

खामियां दो तरह की होती हैं- व्यवस्थागत और व्यक्तिगत। व्यवस्थागत खामियां हैं, बहुत हैं। इसमें मेरी जरा भी असहमति नहीं है। सबसे पहली बात तो यही है कि शिक्षा सरकार के अधीन नहीं होनी चाहिए। न्यायालय की तरह इसे स्वतंत्र होना चाहिए। यह स्वतंत्रता किस तरह की होगी, कैसे होगी, कौन इसके संचालक होंगे, यह अलग से विचारणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कुव्यवस्था के खिलाफ लड़ना कोई खेल नहीं है। सवाल है कि इस कुव्यवस्था में भी शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं या नहीं? मेरे ख्याल से कर सकते हैं, परंतु करने वाले उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। मेरे देखने में कुछ इस तरह के शिक्षक पाये गए हैं। जो पहले नहीं पढ़ाते थे, वे आज भी नहीं पढ़ाते हैं। इसलिए भी कि उन्हें पढ़ाने के लिए बाध्य करने वाली कोई शक्ति नहीं है। अधिकारी डंडे के बल पर उन्हें उपस्थित तो करवा सकते हैं, लेकिन पढ़वा सकने का कोई उपाय नहीं। अभिभावक या तो अज्ञानी हैं या संगठित नहीं हैं। अभिभावकों की ओर से कोई निवेदन या दबाव शिक्षकों पर नहीं है। इसीलिए खिसियाए शिक्षक कहते हैं कोई सुधार तो हुआ नहीं। अधिकारियों के द्वारा भय पैदा करने से क्या लाभ? ऐसे शिक्षक 9 से 5 तक समय काटकर घर चले जाते हैं। कुछ शिक्षक गपशप, खानपान, हंसी-मजाक में समय आसानी बिता कर घर चले जाते हैं। जो मैनेज करने में माहिर हैं वे आज के समय में भी देर से आते हैं और पहले चले जाते हैं। कुछ शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं, पढ़ाते भी हैं, लेकिन वे बहुत से काम नहीं कर पाते हैं, क्योंकि व्यवस्था उनका सहयोग नहीं करती। लेकिन वे कामचोर नहीं हैं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

असली शिक्षक वे हैं जो विद्रोही हैं। विद्रोही तो वह है जिसे मालूम है पढ़ाई का महत्व, जिसे मालूम है पढ़ाने का ढंग, जिसके पास निरंतर ज्ञान हासिल करने और उसे बांटने की ललक है और इसके लिए वह रास्ता भी निकाल लेता है। बच्चे अगर स्कूल नहीं आ रहे हैं तो वे उन्हें आकृष्ट करने के लिए कोई उपाय करते हैं। सफल नहीं होने पर वे स्वाध्याय के लिए जगह ढूंढ़ लेते हैं। निरर्थक गपशप करने वाले शिक्षकों के साथ बैठकर समय नहीं गंवाते। ऐसे ही शिक्षकों को मैं शिक्षक कहता हूं।

# राजनीति और कलाओं का अंतर्संबंध

तात्कालिक राजनीति हमेशा क्षुद्र होती है लेकिन सौ-पचास साल बाद वही इतिहास बन जाती है और गंभीर अध्ययन का विषय मानी जाती है। विचित्र बात है कि तात्कालिक राजनीति पर विचार करते हुए लेख लिखना अच्छा नहीं समझा जाता लेकिन उसी समय उसका वर्णन उपन्यास में करना या उसका चित्रण कविता में करना प्रशंसनीय माना जाता है। इसका कारण शायद यह है कि साहित्य उन घटनाओं, चरित्रों को एक तो संवेदना की आंख से देखता है, दूसरे उन्हें निर्वैक्तिक, निर्जीव तथ्य के रूप में अंकित नहीं करता, मानवीय गतिविधियों के प्रसंग में अंकित करता है। मतलब यह कि किसी पात्र को अकेले-अलबेले रूप में न दिखाकर लोगों के साथ, उनके बीच, उनकी भूमिका के संदर्भ में चित्रित करता है। किसी 'नायक' के कार्यकलापों का लोगों पर किस तरह का असर होता है, नायक क्या सोचता है और लोग बाग क्या सोचते हैं, जीवन में मौजूद सामग्री से नायक किन्हें अपने कार्यकलाप का माध्यम बनाता है और लोग बाग किन पहलुओं को आवश्यक समझते हैं, यह सब साहित्य में आता है; न समाज शास्त्र में आता है, न इतिहास में।

फिर भी साहित्यिक अध्ययन में दूसरी विद्याओं का सहयोग लिया जाता है जबकि दूसरी विद्याएं साहित्य को दोयम दर्जे की चीज मानती रही हैं। इधर जब से साहित्य का उपयोग इतिहास के अध्ययन के लिए होने लगा है तबसे कुछ नई विश्लेषण पद्धतियां उभरी हैं, हालांकि उनके लिए साहित्य केवल स्रोत है, इससे ज्यादा उसका कोई महत्व नहीं है। मुझे लगता है कि अगर ऐतिहासिक सत्य जानने के लिए साहित्य का उपयोग किया जाता है तो उसकी साहित्यिकता का भी ध्यान रखना चाहिए। मतलब यह कि साहित्य केवल अपने समय के सामाजिक (बाह्य) तथ्यों का वृत्तांत नहीं होता, उसमें मनुष्य के सोचने-विचारने का ढंग भी अभिव्यक्त होता है, उसके विश्वासों और सपनों की दुनिया भी रहती है। इतिहास के लिए अगर तोल्स्तोय या प्रेमचंद का उपयोग हो सकता है तो मनोवैज्ञानिक अध्ययन के लिए दॉस्तोएव्स्की या जैनेन्द्र कुमार का उपयोग क्यों नहीं हो सकता? जहां बात शुरू हुई थी, वह प्रश्न था तात्कालिक राजनीति को क्षुद्र मानने और विगत राजनीति को इतिहास का गौरव समझने की। इस संबंध में उदाहरणों की कमी नहीं है। औरंगजेब के समय उसके कार्यकलापों पर पक्ष में बोलना पुरस्कृत होना और विरोध में बोलना जान गंवाना था।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

**राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे।**

राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे। इसीलिए साहित्य अपने अध्येताओं को व्यापक दृष्टि देता है। यह व्यापक दृष्टि अपने स्रोता-पाठक-दर्शक को औरों से बेहतर मनुष्य बनाती है। यही कारण है कि प्लेटो कहते थे कि दार्शनिक तो शासक को आदर्श बनने की शिक्षा दे सकता है लेकिन नागरिक को आदर्श बनाने में साहित्य की सहायता ज़रूरी है।

प्लेटो खुद कवि रह चुके थे, वे दार्शनिक थे, वे साहित्य की प्रकृति और उसकी चालक शक्ति को समझते थे। लेकिन विभिन्न तथ्यों में से अपने अनुरूप तथ्य को चुनकर और अन्य तथ्यों की अवहेलना करके अपना 'नरेटिव' बनाने वाले राजनीतिज्ञ साहित्य को बर्दाश्त नहीं कर पाते। जो राजनीति जिस सीमा तक सीमित तथ्यों से, यानी कुछ सचाइयों के इस्तेमाल और शेष के दमन से अपना 'नरेटिव बनाती है, वह उतना ही साहित्य-संस्कृति के विरुद्ध होती है। इसीलिए तानाशाही सत्ताएं साहित्य को सहन नहीं करतीं। उस बात को यों भी कह सकते हैं कि जो सत्ताएं साहित्य-संस्कृति के प्रति जितना अहिष्णु होती हैं, उनमें तानाशाही की प्रवृत्तियां उतनी ही अधिक होती हैं।

हम यह कह सकते हैं कि कला के अन्य रूपों की अपेक्षा साहित्य के प्रति तानाशाही सत्ताओं का रवैया ज्यादा नकारात्मक होता है क्योंकि कविता, नाटक, उपन्यास आदि साहित्य के रूप भाषा पर निर्भर हैं और भाषा में विचार भी व्यक्त होते हैं, भावनाएं अधिक परिभाषित रूप में आती हैं; जबकि संगीत में केवल स्वर हैं जो संवेदनाएं जगा सकते हैं, विचार नहीं, नृत्य में मुद्राएं हैं जो भावोद्वेलन ला सकते हैं, सामाजिक जीवन के अंतर्विरोधों को उजागर नहीं कर सकते। संक्षेप में, कलाएं जितनी भी हैं, वे मनुष्य के सृजनात्मकता की अभिव्यक्ति हैं, वे संस्कृति की धरोहर हैं लेकिन विचार की दृष्टि से सबसे समर्थ या सशक्त सहित्य है क्योंकि वह भाषा पर निर्भर है और भाषा के बिना विचार की सत्ता नहीं हो सकती ।यही कारण है कि तात्कालिक राजनीति चाहे जितनी क्षुद्र हो, उसी समय उसका वर्णन या चित्रण करने वाला साहित्य मूल्यवान होता है क्योंकि वह सत्ताओं के रुख से नहीं, जनता के हितों से परिचालित होता है।

## सोशल फोरम

# पर्यटक नहीं वरन एक बोझ

प्रचंड ग्रीष्म ने अपने आगमन का संदेश देना आरंभ कर दिया है। इस बार शीतकालीन वर्षा लगभग न के बराबर रही है। जल स्रोतों में निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। विगत सालों में फरसौली के अपने जल स्रोत को फावड़ा और कुदाल लेकर साफ सफाई करता था तो अप्रैल/मई के मध्य तक किचन गार्डन के लिए पानी चल जाता था। इस बार दाहिने हाथ ने साथ देना छोड़ दिया है। स्रोतों में पानी कम तो हो ही गया है और ऐसे महानुभावों का आगमन बढ़ गया है जिन्होंने अपनी अतिरेक कमाई से इन छोटी-छोटी पहाड़ियों पर जमीनें खरीदी और आलीशान बंगला बना कर रहते हैं। अर्थात जल स्रोतों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। ये पर्यटक नहीं हैं वरन् आर्थिकी पर एक बोझ हैं। पूरे साल दिल्ली,गोवा, जापान जैसे मनोरम स्थलों का आनन्द लेने के बाद अब उन सबकी आमद धीरे-धीरे इन पहाड़ियों के प्राकृतिक संसाधनों पर एक अतिरिक्त दबाव बढ़ा देगी। मुझे तो अपने पैतृक गांव डौणूं निकलना है। अप्रैल आखिर में गेहूं की कटाई करनी है और अगली फसल धान या दलहन के लिए तैयारी करनी है, इसके लिए गधेरों में उपलब्ध जल का संचयन करते हुए गूलें भी सुधरवाने का कार्य शुरू करना है। अच्छी बात यह है कि जब में छोटा फावड़ा (कसी -स्थानीय भाषा) लेकर निकलूंगा तो दो चार लोग साथ आ ही जाते हैं। जल संरक्षण के लिए फरसौली में तो प्रयास किया ही है। अब धीरे-धीरे पैतृक गांव में भी इसे करना है। मेरे लिए तो अमरीका, जापान, पेरिस,गोवा आदि सब मेरी वो जन्म भूमि है। इन सभी स्थानों के विकास को देखकर मुझे वह आनन्द स्थाई रूप से नहीं मिलता है जो समय पर सिंचित पहाड़ी खेतों में लहलहाती गेहूं पर लहराती हवा को देख कर मिलता है। स्थानीय स्तर पर यहां भवाली में एक श्री नेगी चौहान के सहयोग से जल स्रोतों के जल संवर्धन में प्रयासरत हैं लेकिन दो दिन पहले पता चला कि उनके इस कार्य के लिए धन की कमी आड़े आ रही है। सोच रहा हूं कि गांव से वापसी के बाद उन लोगों से योगदान के लिए आग्रह करवाता हूं जो पुराने धनवान हैं या सरकारी सेवाओं में अच्छा आर्थिक अर्जन कर इस कार्य के लिए सहयोग देने की स्थिति में हैं। **-फेसबुक वॉल से**



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

# विरोध करना बंद कर दोगे तो आत्महंता हो जाओगे

एम्स (दिल्ली), भारत का सबसे बड़ा अस्पताल। मेरा पैट स्कैन होना था। सुबह नौ बजे से दिन में दो बजे मरीज इंतजार कर रहे थे। मेरी पुत्री इनक्वारी करने गई कि पापा का नंबर कब आएगा। एक मशीन खराब है, दवाई है नहीं। जिन मरीजों को घंटों से कैलूना लगे थे,जब पता लगा कि दवाई खत्म है, मशीन खराब है, उनकी इंतजारी की वाट लग गई है तो वह कुछ बोल न पाए। उनके कैलूना उतारने के लिए डॉक्टर तक न थे।

एक विहार से आया मरीज, दिल का मरीज तो था ही गरीबी की बीमार से भी ग्रस्त था। तीसरी बार भी टेस्ट न होने से इतना हताश, बेरंग हो गया कि उसने गुस्से से पर्ची फाड़ दी। एक डॉक्टर यह देख बौखला गया, बोला, जाओ टेस्ट न होगा। वह रोने लगा। तभी दूसरे संवेदनशील डॉक्टर को उसके रोने से आंसू आ गए। मेरी बेटी के भी आंसू आ गए। संवेदनशील डॉक्टर ने अश्वासन दिया कि हम तुम्हारा टेस्ट करेंगे। भूखे मरीज को बेटी ने खाने को दिया और 500 रूपये ऑफर किए। खाने की चीज तो उसने ले ली पर पैसे न लिए। बहुत कहने पर ले ही लिए। वह दिन संवदेना और बदइंतजामी का था।

होली बीती तो हम फिर अपनी तकदीर अजमाने चले चले। किसी तरह नंबर आया तो मैं भी बहुत से मरीजों के साथ एक छोटे से कौने में गिरफ्तार कर लिया गया। मरीज, मुजरिम से भी ज्यादा गुनहगार है। मुजरिम से तो पुलिस को,औरों को डर लगता है पर बीमार वह पापी, मुजरिम है कि पर्ची काटने वाले से लेकर, गार्ड, नर्स, डॉक्टर, सब उसके बॉस हैं। उनकी एक कृपा की नजर का वह तलबगार, कातरता से इंतजार करता है।



प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

**मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों का तड़फते मरते देखा।**

मैंने डॉक्टर से पूछा, हमारा नंबर कब आएगा। वह अकड़ कर बोला, मशीन ठीक हो जाएगी तो नंबर आऐगा। मेरे अंदर गलत के खिलाफ जब उबाल आता है तो उसमें सारे उबाल शामिल हो जाता है। मैंने उग्र हो कर कहा, तो एक बड़े अक्षरों में नोटिस लगा दीजिए ना, यहां जब मशीन दुरूस्त होती है तभी जांच होती है, जिम्मेवारी आपकी। इस पर डॉक्टर सहमा। बोला, मेरा क्या कसूर। जमाने का कसूर। स्थल पर हलचल हुई मशीन ठीक हुई।

मेरा नंबर आया तो दवाई नहीं थी। मैंने कहा, क्या जब दवाई आएगी तब इंजेक्शन लगेग। मैंने मरीजों को इंगित कर एक छोटा सा भाषण देशभक्ति के अंदाज में विरोध करने का आहवान दिया और कहा, मैं यही आमरण अनशन पर बैठता हूं। हम विरोध करते ही नहीं। कुछ नहीं तो पीएम पोर्टल में ही कर दो कम्पलेन। यह भाषण सुन तब घबराए डॉक्टर ने दवाई मंगवाई वह भी किसी परिचारक से। हद ही हो गई। किसी तरह हमारा नंबर आ जाए, किस्मत लहरा जाए यही सब सोचते हैं। उस अपाधापी में गंभीर मरीज भी अपनी बारी के लिए चंगा हो जाता है।

मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों का तड़फते मरते देखा। किसी ने उन्हें झांका तक नहीं। सत्तर हजार का एक इंजेक्शन लगा के एक को और बर्बाद कर दिया। अरे मैं विदेश रहा हूं। वहां मरीज को घर से उठा के लाते हैं। इसीलिए जो बाहर गया फिर गया, वापस लौट कर नहीं आता। पर जैसे ही उनके मरीज का नंबर आया, उनकी उग्रता, नम्रता में बदल गई। वह डॉक्टर के आगे झुके जा रहे थे। जिंदगी से अजीज हम बीमार, सताए हुए हम आत्महंता लोग हैं। सारे अस्पतालों में मशीनें जो आदमी से ज्यादा संवेदनशील हैं। आगे चल कर एआई के हवाले ही संवेदनशीलता हवाले हो जाएगी। दोस्तो बीमार न पड़ना चाहे मर जाओ। कसरत करो, कम खा कर गम खाओ पर हालात पर न मुस्कुराओ। विरोध करो। विरोध करना बंद करत दोगे तो धीरे-धीरे आत्महंता हो जाओगे। मैं जब भी गलत के खिलाफ विद्रोह करने का साहस करता हूं तो आनंद से भर जाता हूं। उस दिन मैं आनंदित था, हे मैने कर दिखाया के अंदाज में।

# जकात, ज़िगर और जेब

एक पंजाबी कहानी है कि एक बच्चा और उसकी मां काफी तंगहाली में जिंदगी बिता रहे थे। मां बच्चे को कुछ खाने पीने का सामान खरीद कर दे देती थी, बेचने के लिए। उसी कमाई से उनका घर चल रहा था। एक दिन बच्चा खाली हाथ घर लौट आया। जब मां ने पूछा की क्या हुआ सामान भी नहीं है और पैसे भी नहीं है। बच्चे ने बताया की आज कुछ भूखे साधू उसे मिल गए। उसने सारा सामान उन्हें ही खिला दिया।

ये सुनकर मां रोने लगी बच्चे ने सहम कर पूछा मां क्या मुझसे कुछ गलती हो गी। तुम रो क्यों रही हो। इस पर मां कहने लगी- गलती तुमसे नहीं शायद भगवान् से हो गई है। मैं तो रो रो कर उसी से फरियाद कर रही हूं किहे, भगवान तूने इस छोटे से बच्चे को जब इतना बड़ा जिगर दिया है तो इसकी जेब का भी कुछ ध्यान रख। उसे भी थोड़ा बड़ा कर। क्या जकात का संबंध जेब से है...शायद हां, शायद ना! जब कोई चीज़ इफरात में हो तो जिगर थोड़ा बड़ा हो सकता है या किया जा सकता है। लेकिन वो लोग सचमुच महान हैं जो छोटी जेब के बावजूद बड़ा जिगर दिखाते हैं। संसार में दान दाता देशों की सूची में मुख्यत विकसित देश और इसके लोग ही है। बिलगेट्स द्वारा शुरू की गई संस्था, जिसमें लोग अपनी कुल संपत्ति का 50 प्रतिशत दान करते है, में भी पश्चिम देशों के लोग ही ज्यादा है यानी दान का सीधा संबंध जेब से है। जितनी बड़ी जेब उतना बड़ा दानी। लेकिन भारत के अमीरों पर ये नियम कम लागू होता है। क्या ज़कात का संबंध ज़िगर से है ...बिलकुल ।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

शायद ज़कात/ दान के लिए जिगर की जरूरत सबसे ज्यादा है। जिगर, जेब पर लगी ज़िप के सामान होता है कुछ देने से पहले पर्स की ज़िप यानी जिगर को खोलना पड़ता है। एक बारजब आपका दिल खुल गया तो कोई भी रकम आपको छोटी ही मालूम पड़ेगी। हो सकता है की आप पूरा पर्स ही दे दें ।

क्या ज़कात का संबंध धर्म से है?...जवाब है हां। ज़कात, दान और दसवंद के रूप में धर्म ने भी हम पर कुछ पाबंदियां आयद की है। हमारी कुछ जिम्मेवारियां तय की है। ताकि जरूरत मंदों की मदद की जा सके। आज भी हम दान इंसानियत के नाते कम, धार्मिक दृष्टिकोण से ज्यादा करते है। हमारा मुख्य उद्देश्य पुण्य कमाना या किसी जन्नत का लालच ही रहता है। लेकिन अफसोस कि सबसे अधिक धर्मों और धार्मिक लोगों का देश होने के बावजूद हम संसार में दानदाता देशों की सूची में बहुत निचले पायदान पर रहते हैं। पुण्य लूटने में भी लोग यहां कंजूसी कर जाते हैं। देखा जाए तो भारत मे लोग धार्मिक दान सबसे ज्यादा करते हैं। लेकिन फिर भी दान दाताओं की कम संख्या को देखते हुए ये कहना पड़ेगा कि या तो धर्म हमें प्रेरित नहीं कर पाया या धर्म का डंडा हमें डरा नहीं पाया। लेकिन जो प्रेरित हुए भी, जो डरे भी, जिन्होंने ईमानदारी से दान किया भी। उनका दान भी या तो दान पेटी में बंद रहता है या फिर उसकी बंदर बांट हो जाती है। बहुत कम ही धर्म स्थल है जो दान के पैसे का सदुपयोग करते हैं। बाकी दान यहां धर्म विशेष के लोगों की जेब मे चला जाता है। यही वजह भी है कि दान को धर्म का धंधा बनते देर नही लगती।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने फोटोग्राफरों को दिया प्रशिक्षण

## कार्यशाला में 72 वीडियोग्राफर व फोटोग्राफर और टीम के सदस्य रहे मौजूद



सभागार में प्रशिक्षण देते एडीएम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** एडीएम/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी हेतु तैनात कार्मिकों को कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में कार्य की बारीकियों तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों को बताते हुए निर्देशित किया कि जहां भी जिसके साथ ड्यूटी पर तैनात रहे वहां कैमरे का संचालन पूर्ण सतर्कता के साथ करें जिससे कोई भी साक्ष्य कैमरें में कैद होने से छूटने न पाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अपने-अपने कैमरें को लगातार रिचार्ज करते रहें जिससे कार्य के दौरान कोई फोटोग्राफी /वीडियोग्राफी छूटने न पाए और दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से अपने कैमरे में कैद करें। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन निर्धारित समय के उपरांत कैमरे में कैद की गई फोटो/ वीडियो को निर्धारित कक्ष में पहुंच कर अपलोड करायें जिससे सभी साक्ष्य आवश्यकता के समय देखे जा सकें और पुनः खाली चिप में अग्रिम कार्रवाई (फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी) लोड की जा सके।

प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी करुणापति मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम, सहित 72 वीडियोग्राफर/ फोटोग्राफर व टीम के सदस्य आदि मौजूद रहे।

### मतदाताओं को छात्र-छात्राओं ने किया जागरूक



मानव शृंखला बनाकर लोगों को जागरूक करते छात्र-छात्राएं।

**औरैया।** डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न विद्यालयों नारायण इंटर कॉलेज मलहौसी, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज सहार, श्री गुलजारीलाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद आदि में आमजन में जागरुकता के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने ग्राम वासियों को आगामी 13 मई को मतदान दिवस पर अपने-अपने मताधिकार के लिए जागरूक किया और कहा कि मतदान के दिन अपने मत का अवश्य प्रयोग करें। इस अवसर पर मानव शृंखला बनाकर स्लोगन की पट्टिकाओं के माध्यम से भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं, अध्यापक/अध्यापिकाएं, अविभावक और तमाम ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## सलोवा के दिबियापुर विधानसभा प्रभारी बने नागेंद्र राजपूत

**फफूंद, औरैया।** सपा लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष ध्रुव यादव ने पार्टी का विस्तार करते हुए सोमवार को भाग्यनगर के गांव टीकमपुर से क्षेत्र पंचायत सदस्य नागेंद्र राजपूत को दिबियापुर विधानसभा अध्यक्ष का पद दिया गया। लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष बनाये जाने पर अनिल राजपूत, अंकित यादव, टिल्लू यादव, अमित यादव, शिवम पाल, शनि पाल, अनुज दोहरे, छोटू राजपूत, विकाश कुशवाहा, अनिल पाल, अमित राजपूत, धीरेन्द्र राजपूत, राकेश पाल, मिठ्ठू राजपूत, रवि पाल, प्रदीप राजपूत, आलोक तिवारी, प्रंशु दिवाकर, सोनू यादव, कुलदीप दुबे सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

## लाल दुबे भाजपा में

**औरैया।** दिबियापुर विधानसभा से बसपा से चुनाव लड़ चुके लाल दुबे, सपा छोड़कर भाजपा में आए जिला पंचायत सदस्य रवि त्यागी का भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने पार्टी का पटका डालकर कर स्वागत किया।

# अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायालय का किया बहिष्कार

- विभिन्न मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन
- अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन




तहसीलदार न्यायालय का बहिष्कार करते अधिवक्ता। अमृत विचार

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** तहसील बार एसोसिएशन बिधूना द्वारा सोमवार को तहसीलदार न्यायालय से संबंधित विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं का समाधान न होने तक तहसीलदार न्यायालय का बहिष्कार का निर्णय लिया है।

तहसील बार एसोसिएशन बिधूना के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह कुशवाह महामंत्री शमीम अख्तर पूर्व अध्यक्ष मुरारी लाल यादव पूर्व अध्यक्ष अरविंद पूर्व अध्यक्ष रविंद्र कुमार पांडे द्विवेदी यादवेंद्र शरण त्रिवेदी अमर सिंह सेंगर जय गोपाल सिंह राठौड़ संदीप कुमार श्रीवास्तव राकेश कुमार पांडे विक्रांत सिंह युसूफ अली सैयद अमरेश सिंह सेंगर राकेश यादव विनोद कुमार यादव पवन कुमार राजपूत मुस्तफा हुसैन विनीत कुमार श्रीवास्तव सदन सिंह शाक्य रामपाल सिंह चौहान राम मोहन सिंह चौहान शीलू शाक्य आदि अधिवक्ताओं ने सोमवार को उपजिलाधिकारी बिधूना हरिश्चंद्र को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि उप जिलाधिकारी बिधूना के न्यायालय में 133, 145 सीआरपीसी 198(2) जेड ए एलआर एक्ट व 116, 210 राजस्व संहिता के अनेक वाद विगत तीन चार वर्ष पूर्व निर्णीत दिखा दिए गए हैं जबकि संबंधित पत्रावलियों में इस तरह के कोई आर्डर नहीं है यह कृत्य बिना अधिकार के तहत किया गया है।

दाखिल खारिज के बाद 45 दिनों में निर्णीत किए जाने चाहिए लेकिन प्रावधान का उल्लंघन हो रहा है, दाखिल खारिज की पत्रावलियों एवं दुरुस्ती की पत्रावलियों में लेखपाल की टिप्पणी को नियत तिथि से पूर्व प्राप्त करना सुनिश्चित कराया जाए ताकि दाखिल खारिज समय से हो सके, कई वर्षों से धारा 122 वी जमींदारी अधिनियम एवं 67 राजस्व संहिता की सैकड़ो पत्रावलियां गायब हैं,जिससे वादकारी परेशान है। सौंपे गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा है कि जब तक उक्त समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता तब तक तहसीलदार न्यायालय का बहिष्कार जारी रहेगा।



फ्लैग मार्च करते पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

# पुलिस और सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**औरैया।** नवरात्र व रमजान पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। एसडीएम बिधूना हरीशचंद व सीओ बिधूना अशोक कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर से पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च शुरू किया। जिसके बाद बेला चौराहा होते हुए चारों सड़कों व बेला बस्ती सम्पर्क मार्ग होते हुये भ्रमण कर थाना परिसर में पहुंचकर फ्लैग मार्च समाप्त किया गया।थाना प्रभारी विनेश कुमार सिंह ने बताया कि नवरात्रि पर्व व रमजान पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों द्वारा कस्बे में फ्लैग मार्च किया गया है। कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा शांति भंग करने का प्रयास भर किया गया तो ऐसे लोगो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज मिश्रा व सीआरपीएफ के जवान मौजूद रहे।

# इस चैत्र नवरात्र पर बने तीन शुभ योग

कार्यालय संवाददाता, औरैया



मंदिर में सजी मां दुर्गा की मूर्ति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रति वर्ष चैत्र माह की अमावस्या के अगले दिन से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-उपासना की जाती है। इस वर्ष चैत्र नवरात्र मंगलवार नौ अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल तक है। धार्मिक मान्यता, है कि ममतामयी मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही सुख और सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। पंडित मनोज अवस्थी के अनुसार इस नवरात्र में सर्वार्थ सिद्धि योग बनेगा। चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इन दोनों योग का निर्माण सुबह सात बजकर 32 मिनट से लेकर अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह पांच बजकर छह मिनट तक है। साथ ही चैत्र नवरात्र पर अश्विनी नक्षत्र का भी योग बन रहा है। अश्विनी नक्षत्र सुबह सात बजकर 33 मिनट से है, जो अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह पांच बजकर छह मिनट तक है। इन योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

### यह है शुभ मुहूर्त

- चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि आठ अप्रैल को देर रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी आठ बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि मान होने के चलते आज मंगलवार नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी। इस दिन घटस्थापना हेतु शुभ मुहूर्त सुबह छह बजकर दो मिनट से लेकर 10 बजकर 16 मिनट तक है। वहीं, अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 57 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक है। इन दो शुभ मुहूर्त में साधक घट स्थापना कर सकते हैं। दशकों बाद चैत्र नवरात्र पर एक साथ तीन शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में मां की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी।

## ट्रेन से गिरे यात्री की हालत गंभीर

**अछल्दा, औरैया।** एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहा एक व्यक्ति ट्रेन से नीचे गिर गया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर आरपीएफ ने घायल को सीएचसी में भर्ती करवाया जहां यात्री की हालत गम्भीर होने पर उसे सैफई रेफर कर दिया। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर सोमवार को 2566 सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहा मुहम्मद नवसाद पुत्र मुहम्मद छेदी उम्र 30 वर्ष दिल्ली से अपने घर ग्राम सलवार जिला भदोही बिहार जा रहा था, तभी खम्बा नम्बर 1118/4 के पास ग्राम वैसोली के नजदीक गिर गया जिसे घायलावस्था में ग्रामीणों ने देखकर स्टेशन मास्टर को सूचना दी मौके पर पहुंचे आरपीएफ कर्मियों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने गम्भीर रूप से घायल यात्री को सैफई मेडिकल कालेज में रिफर कर दिया।

## सार-संक्षेप



शिविर में मौजूद संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

### जायंट्स ग्रुप सहेली ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**ककोर, औरैया।** जायंट्स ग्रुप सहेली ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को दिबियापुर में एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया। जिसमें एक सैकड़ा से अधिक जरूरतमंद लोगों का चेकअप किया गया, उन्हें उनके रोगों के बारे में अवगत कराया। यह कैंप डॉक्टर कपिल पोरवाल के आदर्श डायग्नोस्टिक सेंटर कलेक्ट्री रोड पर लगाया गया जहां डॉक्टर वीर राय यादव ने जरूरतमंद लोगों को चेकअप करने के बाद दवाएं वितरित की। लोगों ने अपना ब्लड, प्रेशर शुगर भी टेस्ट करवाया। इस जायंट्स ग्रुप की अध्यक्ष संध्या अवस्थी ने अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य दिवस पर मुफ्त लाभ दिया। दिबियापुर की सहेली संस्था जायंट्स ग्रुप समय-समय पर लोगों की समस्या हल करने में मदद करता रहता है। वहीं संस्था की अध्यक्षता संध्या अवस्थी समय-समय पर गरीबों की मदद करती रहती है। समय समय पर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन भी करती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कोऑर्डिनेटर पूनम पुरवार, संरक्षक बीना गुप्ता, प्रीति पोरवाल, डॉक्टर सपना गुप्ता, रोली गुप्ता, रेखा, सुधा, भारती, प्रीति, शशि गुप्ता, ज्योति नीलम आदि सदस्य मौजूद रही।



बच्चों को मिठाई खिलाती मां और पिता। अमृत विचार

### नवोदय विद्यालय की परीक्षा पास करने वाले छात्र सम्मानित

**ऐरवाकटरा, औरैया।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिलपुर निवासी दीपक का 10 वर्षीय पुत्र कृष्णकांत जो प्राथमिक विद्यालय बिलपुर का छात्र है इन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय तैयापुर में परीक्षा पास कर जिले में प्रथम रैंक प्राप्त की, इन्होंने ऐरवा कटरा ग्रामीण क्षेत्र का नाम रोशन किया। कृष्णकांत यह श्रेय अपनी मां राम जानकी को दे रहे हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत बढ़िन में महेश चंद्र कठेरिया का पुत्र अंकित कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा पास कर जिले में 20 वी रैंक हासिल की अंकित कुमार ने अपनी पढ़ाई का श्रेय अपनी माता संजू देवी व प्राइमरी विद्यालय के गुरुओं को दिया। ग्राम पंचायत बिलपुर के प्रधान जयचंद्र शाक्य, सेक्रेटरी रंजना पाल व ग्राम पंचायत बढ़िन के प्रधान मुकेश कठेरिया एवं सचिव फूल सिंह ने दोनों बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर एक सैकडा लोग मौजूद रहे।



नवरात्र की पूजा के लिए समान खरीदते लोग। अमृत विचार

### ईद व नवरात्र को लेकर बाजार हुए गुलजार



सेवइयां खरीदते लोग। अमृत विचार

**औरैया।** जिले भर के बाजारों में इस समय ईद व नवरात्र को लेकर काफी रौनक है। हिंदू समुदाय के लोग जहां माता रानी की पूजा पाठ का सामान खरीद रहे हैं। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोग ईद की तैयारी के लिए कपड़े, जूते व पकवान के लिए राशन खरीद रहे हैं। खरीदारी अधिक होने से दुकानदारों के चेहरे खिले हैं। बाजारों में देर शाम तक खरीदारी चलती रही। जिले में मंगलवार से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। ऐसे में घरों में घट रखने के लिए श्रद्धालु मिट्टी के कलश व पूजन सामग्री खरीद रहे हैं। बाजार में जगह-जगह पूजा के सामानों की दुकानें सजी हुई हैं। बड़ी दुकानों के अलावा ठेला व पटरी पर माता की चुनरी व अन्य पूजन सामान खूब बिक रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोग ईद की तैयारी में खरीदारी कर रहे हैं। मुस्लिम समुदाय में बच्चों से लेकर बुजुर्ग अपने लिए फैंसी टोपियां खरीद रहे हैं। बाजार में स्पेशल कुर्ते व बांग्लादेशी टोपी खूब बिक रही है। कपड़ों के अलावा त्योहार पर पकवान बनाने के लिए परचून की दुकान से राशन का सामान खरीदा जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के प्रत्येक घर में लोग सेवइयां खरीद कर ले जा रहे हैं। खरीदारी अधिक होने से दुकानदारों के चेहरों पर रौनक है। बाजारों में देर रात तक खरीदारी होती रही।

# मेन्यू के मुताबिक बने मध्याह्न भोजन : राघव

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बच्चों के साथ भोजन करते अध्यक्ष राघव मिश्रा एवं सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को दिबियापुर नगर के वीर अब्दुल हमीद नगर स्थित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना की शुरुआत हुई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने स्कूली बच्चों को भोजन परोसते हुये उनके बीच बैठकर भोजन किया।

उन्होंने बच्चों से नियमित विद्यालय आने की सीख देते हुये शिक्षा के महत्व को समझाया। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाध्यापक अनीता राजपूत से विद्यालय में पंजीकृत छात्र संख्या की जानकारी लेते हुये छूटे हुये अन्य बच्चों के भी जल्द प्रवेश करवाने को कहा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल समेत सभासद राहुल दीक्षित, इकरार खान, रवि प्रकाश, राजीव शर्मा, सचिन गुप्ता, कृष्णकुमार कश्यप, अभय प्रजापति, रिशी पोरवाल, इन्द्रपाल सिंह, राजेश कुमार, योगेन्द्र सिंह छोटू एवं विद्यालय के शिक्षक व शिक्षकायें मौजूद रहे।

ज्ञात रहे कि विद्यालय की प्रधानाध्यापक एवं वार्ड सभासद के बीच चल रहे विवाद के कारण करीब साल भर से मिड डे मील बंद चल रहा था जो नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयास तथा बीएसए के निर्देश से दोबारा शुरू किया जा सका।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बस का हेल्पर गंभीर

**बिधूना।** बिधूना कस्बे में एक पेट्रोल पंप पर खड़ी बस की छत पर चढ़कर बस का हेल्पर सामान उतार रहा था तभी चालक द्वारा बस को बैक किए जाने के चलते बस हाईटेंशन लाइन के नीचे आ गई जिससे हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर घायल हो गया।

बिधूना कस्बे के ब्लॉक गेट मोहल्ला नवीन बस्ती निवासी विजय कुमार बाथम पुत्र राम अवतार बाथम बिधूना दिल्ली के बीच चलने वाली बस पर हेल्पर है। सोमवार की सुबह लगभग 8 बजे बिधूना किशनी रोड पर स्थित सुधर्मा पेट्रोल पंप पर खड़ी बस की छत पर चढ़कर सामान उतार रहा था तभी उसके चालक द्वारा बस को बैक कर दिया गया जिससे उक्त बस पेट्रोल पंप के सामने सड़क के किनारे निकली हाईटेंशन लाइन के नीचे आ गई जिससे हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से विजय कुमार बाथम गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलते ही कोतवाली बिधूना के निरीक्षक अपराध विजेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए।

सम्मान

उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ेनारूपशाह में मनाया गया वार्षिकोत्सव, अतिथियों ने बांटे परीक्षाफल

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत, बच्चों के खिले चेहरे



पुरस्कार वितरित करते अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** विकासखंड अजीतमल के ग्राम पंचायत मुड़ेनारूपशाह के प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ अरविंद राजपूत और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष दीपक दुबे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ेनारूपशाह के वार्षिकोत्सव में कक्षा 6 की छात्रा मेघा ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय, और प्रशांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा 7 में नंदनी ने प्रथम ,नैना ने द्वितीय और कक्षा 8 में प्रथम, साक्षी ने द्वितीय ,गोरी शुक्ल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय कुंजीपुर में कक्षा 5 में अनुष्का ने प्रथम , काव्यांश में द्वितीय, कक्षा 4 में खुशी प्रथम , तनिष्क द्वितीय, कक्षा 3 में कृष्णा प्रथम , युवी द्वितीय स्थान पर रहे।उच्च प्राथमिक विद्यालय बीसलपुर में क्लास 8 में प्रथम अंशु कुमार, द्वितीय कवि और तृतीय जगा कुमार रहे क्लास 7 में असित प्रथम ,द्वितीय नैना, कक्षा 6 में अभिषेक प्रथम ,द्वितीय उपेंद्र कुमार रहे। कक्षा 5 में सोनू प्रथम, साक्षी द्वितीय रही। उच्च प्राथमिक विद्यालय बीसलपुर में बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की गई। इस मौके पर अरविंद त्रिपाठी,अनिल कुमार, जयप्रकाश, अमित भदौरिया, प्रीती दुबे, नेमा, शिवकुमार, अजय पाल, अजय दीक्षित, अक्षय राजपूत, छाया गुप्ता, बृजेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, नरेश बाबू आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### परीक्षाफल व शील्ड पाकर बच्चे हुए प्रसन्न



परीक्षाफल लिए बच्चों के साथ खड़े शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**ककोर,औरैया।** ककोर स्तिथ बाल विकास स्कूल में सोमवार को कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट वितरित किया गया। रिजल्ट पाकर बच्चे प्रसन्नता से झूम रहे थे। कक्षा आठवीं बच्चों को विदाई दी गई। स्कूल में विदाई समय बच्चों की आंखें नम हो गई ।सभी बच्चे अपने अध्यापक गुरुजनों का विशेष आभार व्यक्त कर रहे थे ।बाल विकास स्कूल की प्रबंधक कुसुम लता अवस्थी ने रिजल्ट वितरित किया और कहा कि सभी बच्चे अपने माता-पिता बुजुर्गों का सदैव ही सम्मान करें ।आगे भी मन लगाकर पढ़ें, जिससे आप लोग सभी निरंतर ऊंचाई पर बढ़ते रहें ।जब पढ़ाया हुआ छात्र किसी मुकाम पर पहुंच जाता है। तो सबसे ज्यादा खुशी उस अध्यापक को होती है। जिसने उस बालक को शिक्षा दी है ।इसलिए आप लोगों की खुशी में ही अध्यापक की खुशी जुड़ी हुई हैं। कार्यक्रम में चंदा रानी, रचना त्रिपाठी, सृष्टि, अर्चना, राखी,शिवांगी,पारुल,गौरी, नेहा, राजू,विपिन आदि मौजूद रहे।

# दो जाट नेताओं की जंग में बसपा का ओबीसी दांव

जाट लैंड का तमगा, आठ चीनी मिलें और सबसे बड़ी गुड़ मंडी का खिताब यही तो है, शुगर बाउल यानी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले मुजफ्फरनगर की पहचान, जिसे यहां का कागज और स्टील उद्योग नई उड़ान दे रहा है। वर्ष 2013 में हुए दंगों ने इस शहर को बदनामी और परस्पर अविश्वास का ऐसा जख्म दिया कि लगा था मोहब्बत की सारी मिठास नफरत की दीवार में बदल जाएगी, पर वक्त के मरहम और किसान आंदोलन

**बेहतर कानून-व्यवस्था और रालोद का साथ मिलने से तीसरी बार कमल खिलने के बढ़े आसार**


ने खेती-किसानी से जुड़े इस इलाके के जाट, गुर्जर और मुस्लिम समुदाय को सारी कड़वाहट भुलाकर फिर से एक कर दिया। हालांकि अब चुनाव आए हैं तो इस गन्ना बेल्ट में सियासी गुड़ फिर पक रहा है। चौपालों पर चर्चा का बाजार गर्म है। कौन किधर जाएगा, इसे लेकर आकलन और कयासों के बीच खापों का समर्थन पाने की होड़ और वोटों की जोड़-तोड़ इस बार रालोद के भाजपा के साथ आने के बाद नए राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे रही है। ऐसे में यह सीट पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे डॉ. संजीव बालियान और सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनौती पेश कर रहे हरेंद्र मलिक के साथ मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति का कड़ा इम्तिहान लेने के लिए तैयार है।

**मनोज त्रिपाठी**

**अमृत विचार।** मुजफ्फरनगर में चुनावी माहौल गर्म और प्रचार का पारा ऊपर चढ़ रहा है। भाजपा की ओर से गृहमंत्री अमित शाह और रालोद मुखिया जयंत चौधरी सभाएं कर गए हैं। आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को मायावती लोकसभा क्षेत्र में जनसभा संबोधित करने आने वाली हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी अगले हफ्ते रैली कर सकते हैं। इस संवेदनशील इलाके में सबसे बड़ा मुद्दा कानून-व्यवस्था का रहा है, जिसके बारे में पूछने पर अब अधिकतर लोग संतुष्टि के भाव में सिर हिलाते हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका श्रेय देते हैं। यह बात जहां भाजपा के पक्ष में जाती नज़र आती है, वहीं गन्ना मूल्य और बेसहारा पशुओं की धमाचौकड़ी से लोग परेशान भी हैं। कहीं-कहीं बातचीत में डॉ. बालियान को लेकर थोड़ी बहुत नाराजगी झलकती है, लेकिन भाजपा और रालोद का गठबंठन होने से सारे समीकरण लोग मुफ़ीद मानते हैं। हालांकि यह कहने वालों की कमी नहीं है कि इस बार मुकाबला तगड़ा है।




मुजफ्फरनगर के लोकसभा चुनावी रण में 11 प्रत्याशी हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा प्रत्याशी के बीच माना जाता है। केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान दो बार यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पिछली बार रालोद प्रमुख चौधरी अजित सिंह को उन्होंने नजदीकी मुकाबले में हराया था। इस बार हैट्रिक मारने के इरादे से मैदान में हैं। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सपा के टिकट पर उतरे हरेंद्र मलिक मुजफ्फरनगर के मैदान में तीसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। मलिक पुराने नेता हैं, वह लोकसभा और विधानसभा मिलाकर अब तक नौ चुनाव लड़ चुके हैं। उनके बेटे पंकज भी चार चुनाव लड़ चुके हैं। हरेंद्र मलिक 1985 में खतौली और 1989 से 1996 तक बघरा विधानसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं। वर्तमान में उनके पुत्र पंकज मलिक चरथावल से विधायक हैं। हरेंद्र पिछली बार कांग्रेस के टिकट पर कैराना से चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें महज 70 हजार वोट ही मिले थे। इन दोनें के मुकाबले में उतरे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति ठेकेदार और रियल एस्टेट कारोबारी हैं। पहली बार मुजफ्फरनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। छिटके हुए बसपा के काडर वोटर को समेटने की क्षमता रखते हैं। पिछले दिनों प्रजापति समाज को सामाजिक हक दिलाने के लिए हरिद्वार से गाजियाबाद तक एक स्वाभिमान यात्रा निकाली गयी थी जिस पर गाजियाबाद में लाठीचार्ज को लेकर दारा सिंह चर्चा में आये थे।




### मुस्लिम और जाट मतदाता यहां भाग्य विधाता

- लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता पौने छह लाख गिने जाते हैं, यानी 33 फीसदी तक। जाट करीब 18 फीसदी हैं। लगभग 14 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दलित वोट बैंक भी लोकसभा सीट का परिणाम तय करने में अहम रोल अदा करता है। इसके अलावा गुर्जर और ठाकुर समुदायों का भी इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग 10-10 फीसदी वोट माना जाता है। प्रजापति, सैनी, त्यागी सहित अन्य जातियों के मतदाता भी चुनाव के नतीजा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### 2014 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत





1. भारतीय जनता पार्टी 2. बहुजन समाज पार्टी 3. समाजवादी पार्टी 4 कांग्रेस

### 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

**49.6 %** भारतीय जनता पार्टी

**49.2%** सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)

### 2022 विधानसभा चुनाव में किसको कितने वोट




1. भारतीय जनता पार्टी 2. समाजवादी पार्टी 3. बहुजन समाज पार्टी 4 कांग्रेस

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18,16,284 | 9,68,265 | 8,47,875 | 144 |
| लोस. सीट पर कुल मतदाता | पुरुष मतदाताओं की संख्या | महिला मतदाताओं की संख्या | थर्ड जेंडर के मतदाता |

## मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट





डॉ. संजीव बालियान- भाजपा



हरेंद्र मलिक - सपा उम्मीदवार



दारा सिंह प्रजापति - बसपा

### कभी मुस्लिम सियासत का गढ़ थी सीट पर इस बार नहीं कोई भी उम्मीदवार

- यह सीट पहले मुस्लिम सियासत का गढ़ गिनी जाती थी, लेकिन 2014 और 19 में लगातार दो बार डॉ. संजीव बलियान के सांसद बनने से हालात इतने बदल चुके हैं कि इस बार कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं है। साल 1999 में कांग्रेस के सईदुज्जमां ने भाजपा के सोहनवीर सिंह को हराया था। 2004 में सपा के मुनव्वर हसन ने भाजपा के ठाकुर अमरपाल सिंह को हराया। 2009 में बसपा के कादिर राना ने रालोद की अनुराधा चौधरी को पराजित किया था। इस तरह 1999 से 2014 तक 15 साल यहां मुस्लिम सांसद ही चुने गए। मुस्लिम प्रत्याशी की जीत की शुरुआत 1967 में भाकपा के लताफत अली खां की जीत से हुई थी। 1977 में लोकदल के सईद मुर्तजा जीते थे। 1980 में जनता दल (एस) के गय्यूर अली खां ने कांग्रेस के नजर मोहम्मद को हराया। 1989 में कश्मीर से आए मुफ्ती मोहम्मद सईद जनता दल के टिकट पर जीते और वीपी सिंह सरकार में गृहमंत्री बने।

### भाजपा के पास सिर्फ एक विधान सभा सीट

- विधानसभावार मतदाताओं का हिसाब-किताब देखें तो बुढ़ाना में सर्वाधिक तीन लाख 90 हजार मतदाता हैं। इसके बाद मुजफ्फरनगर में करीब पौने चार लाख, सरधना में साढ़े तीन लाख से ज्यादा, चरथावल में करीब साढे तीन लाख और खतौली में लगभग सवा तीन लाख मतदाता हैं। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को महज एक ही सीट पर जीत मिली थी। राष्ट्रीय लोक दल और समाजवादी पार्टी ने 2-2 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा के कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर सीट, सपा के अतुल प्रधान ने सरधना और पंकज मलिक ने चरथावल तथा लोकदल के राजपाल सिंह बालियान ने बुढ़ाना और मदन भैया ने खतौली से चुनाव जीता था।

# हिमाचल में भाजपा ने प्रचार में बढ़त बनाई, कांग्रेस प्रत्याशी तय न कर पाई

**शिमला**

**अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशियों को उतारने के बाद भारतीय जनता पार्टी जहां धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है, वहीं कांग्रेस सभी सीटों पर टिकटों के आवंटन में उलझी है और उनके नेता चुनावी तैयारियों की बैठकों तक ही सीमित हैं। राज्य की चार लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के चुनावी रण में उतरने से मंडी हॉट सीट बन गई है। मंडी संसदीय क्षेत्र में कंगना का तूफानी चुनाव प्रचार देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उनके चुनाव प्रचार का जिम्मा संभाले हैं। प्रदेश भाजपा के अन्य बड़े नेताओं ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। दूसरी तरफ प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों की बैठकों तक सीमित है। कांग्रेस अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवारों का एलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस के नेता चुनाव प्रचार से दूर महज बैठकों में ही उलझे हुए हैं। प्रदेश में बेशक लोकसभा चुनाव आखिरी चरण में पहली जून को होने हैं, जिसके लिए अभी दो माह का समय है। लेकिन भाजपा ने चुनावी रण में अपने दिग्गजों को उतार कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। पूरे प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़े हुए है। वहीं कांग्रेस सरकार के मंत्री व पार्टी के आला नेता कार्यालयों तक ही सिमटे हैं। कांग्रेस का चुनाव प्रचार धरातल पर नहीं उतरने से पार्टी कार्यकर्ता मायूस हो रहे हैं। भाजपा ने हमीपुर और शिमला लोकसभा सीटों पर 13 मार्च और मंडी व कांगड़ा सीटों पर 24 मार्च को उम्मीदवारों का ऐलान किया था। वहीं छह विधानसभा सीटों पर 26 मार्च को उम्मीदवार घोषित किये गए थे। सभी सीटों पर भाजपा उम्मीदवार तय होने के बाद भी कांग्रेस में टिकटों की उलझन है। कांग्रेस नेताओं की माने तो चारों लोकसभा सीटों पर जल्द उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। दिल्ली में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों का ऐलान किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस दिनों स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से प्रदेश में अपने उम्मीदवार तय करने के लिए जनता की टोह ले रही है। कांग्रेस में मंडी लोकसभा सीट से प्रतिभा सिंह, शिमला से दयाल प्यारी और भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, हमीरपुर से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और कांगड़ा से पूर्व मंत्री आशा कुमारी के नाम चर्चा में हैं। विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस अपने नेताओं को जीत की क्षमता, संगठन के प्रति समर्पण और बेदाग छवि के पैमाने पर परख रही है। भाजपा ने छह विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के बागी पूर्व विधायकों को टिकट दी है। इससे पिछला विस चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार नाराज हैं। कांग्रेस इन असंतुष्ठ भाजपा नेताओं पर नजरें जमाए हुए है। खासतौर पर लाहौल-स्पीति में कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक रवि ठाकुर को टिकट देने के बाद पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा को भाजपा मना नहीं पाई है। ऐसे में उन्हें कांग्रेस टिकट दे सकती है। प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों धर्मशाला, कुटलैहड़, सुजानपुर, गगरेट, लाहौल-स्पीति और बडसर में उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के बाद इन हलकों में चुनाव हो रहे हैं। इन चुनाव हलकों के कांग्रेसी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा ने इन्हें उपचुनाव में टिकट देकर चुनावी रण को रोचक बना दिया है। हिमाचल विधानसभा में उपचुनाव के परिणाम कांग्रेस और भाजपा के लिए बहुत अहम रहने वाले हैं। दरअसल 68 सदस्यीय विधानसभा में सत्ताधारी कांग्रेस के 34 और भाजपा के 25 विधायक हैं। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायक हैं। इन्होंने अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है, लेकिन अध्यक्ष ने अभी तक इनके इस्तीफे स्वीकार नहीं किये हैं।



### कंगना के खिलाफ ताल ठोंकने को तैयार विक्रमादित्य सिंह

मंडी लोकसभा सीट से हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने को तैयार नजर आ रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह मंडी से भाजपा उम्मीदवार बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने को राजी हैं। ऐसे में कांग्रेस कंगना रनौत के सामने युवा चेहरे विक्रमादित्य सिंह पर दांव खेल सकती है। कांग्रेस नेता और मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा, वह आलाकमान के हर आदेश का पालन करेंगे, पहले भी उनके पिता-माता मंडी से सांसद रह चुके है। उनकी मां प्रतिभा सिंह तीसरी बार मंडी से सांसद हैं। मंडी की जनता उनके साथ जुड़ी है। कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया है कि भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत का मंडी सीट से हारना तय है।



## नाचो-गाओ उत्सव मनाओ...



त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटों के लिए 19 अप्रैल को त्रिपुरा वेस्ट और 26 को त्रिपुरा वेस्ट सीट पर मतदान होना है। इस राज्य की अपनी अनोखी जन जातीय संस्कृति और दिलचस्प लोक कथाएं हैं। यह दृश्य राजधानी अगरतला में आयोजित त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा की चुनावी रैली का है, जिसमें बड़ी संख्या में रंग बिरंगे परिधानों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। इसकी बड़ी वजह यह रही कि राज्य में भाजपा के खिलाफ विधान सभा चुनाव लड़ी राजघराने से जुड़ी त्रिपुरा मोथा पार्टी अब भाजपा सरकार में शामिल हो चुकी है। रैली में मोथा पार्टी के मुखिया प्रद्योत विक्रम मानिक्य देव बर्मा भी शामिल हुए।

# मध्य प्रदेश में 13 लोकसभा सीटों पर 175 उम्मीदवार

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो चुकी है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में नामांकन और नाम वापसी के बाद इन 13 सीटों पर 175 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। पहले चरण की छह सीटों पर 88 और दूसरे चरण की सात सीटों पर 87 प्रत्याशियों के बीच लोकसभा का मैदान मारने की चुनौती है। दूसरे चरण में नामांकन वापसी के आखिरी दिन सोमवार को छह प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया। रीवा और होशंगाबाद में किसी ने नाम वापस नहीं लिया है।

दूसरे चरण की 7 सीटों रीवा, सतना, होशंगाबाद, टीकमगढ़, बैतूल, खजुराहो और दमोह पर 87 प्रत्याशी लोकसभा के रण में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना लोकसभा सीट लड़ रहे हैं। इसके बाद 14-14 खजुराहो और रीवा लोकसभा सीट से एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। दमोह में 13, होशंगाबाद में 12, टीकमगढ़ में 7, बैतूल में 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

सतना की तरह जबलपुर में भी सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। रविवार को जबलपुर में पीएम मोदी के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी थी।

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान वाली सीटों में अब सीधी से 17, शहडोल से 10, मंडला में 14, बालाघाट में 13 और छिंदवाड़ा से 15 प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

# दिल्ली में भाजपा की राह में कांटे बिछाने का प्रयास

**कांग्रेस-आप का साथ**




**केजरीवाल की गिरफ्तारी को सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को अपने वोट ट्रांसफर कराने की कवायद**

**महेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कांग्रेस-आप लोकसभा चुनाव की रणनीति में मुफीद मानकर चल रही हैं। कोशिश केजरीवाल की गिरफ्तारी को मतदाताओं की सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को वोट ट्रांसफर कराने की पुख्ता तैयारी की है। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में समझौते के तहत आम आदमी पार्टी ने अपने हिस्से की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन कांग्रेस ने अब तक दिल्ली की बची तीनों सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी वजह यह है कि पार्टी बदले माहौल को भांपकर इंटरनल सर्वे करा रही है। आंकड़े बताते हैं कि अगर मतदाता ने 2014 के चुनाव के पैटर्न पर दोनों दलों के पक्ष में वोटिंग की तो भाजपा से लड़ाई की राह आसान हो सकती है। लेकिन इसके लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य तथा समन्वय को मजबूत बनाने के साथ वोट एक दूसरे के पक्ष में ट्रांसफर कराने की बड़ी चुनौती है।

दिल्ली की सभी सातों सीटों पर 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। अबकी 2024 के लोकसभा चुनाव दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर-पूर्व दिल्ली, दिल्ली पूर्व, नई दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली की सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

2014 व 2019 में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग लड़ीं थी पर अबकी चार पर आप और तीन पर कांग्रेस के साझा प्रत्याशी भाजपा के सामने मुकाबले में होंगे। 2019 में भाजपा ने सातों सीटों पर 56.9 फीसदी वोट पाकर सभी सीटें जीत ली थी। तब 1.28 करोड़ वोटरों में 86.19 लाख वोट पड़े थे। भाजपा को 49 लाख 8 हजार 549 वोट मिले थे। कांग्रेस 22.6 फीसदी यानी 19.54 लाख वोट पाकर दूसरे नंबर पर रही थी। सात में पांच सीटों पर वह रनर थी। आम आदमी पार्टी को 18.2 फीसदी यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे। दोनों दलों का वोट और वोट का फीसद जोड़ें तो 40.8 फीसदी यानी 35 लाख 25 हजार 587 वोट होता है।

लेकिन अब दूसरी तरफ 2014 का लोकसभा चुनाव पर दृष्टिपात करें तो भाजपा ने सातों सीटें जीती थी। भाजपा को 46.6 फीसदी वोट अर्थात 38 लाख 38 हजार 850 वोट मिला था। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिला। पार्टी दूसरे नंबर पर थी। कांग्रेस सभी सीटों पर तीसरे नंबर पर थी। उसे 15.2 फीसदी यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिला था। दोनों दलों के वोट प्रतिशत को मिला दें तो यह 48.3 फीसदी यानी 39 लाख 75 हजार 965 वोट तक जा पहुंचता है जो कि भाजपा के मिले वोटों से ज्यादा है। ऐसे में वोटिंग पैटर्न 2014 के लोकसभा चुनाव वाला होने से भाजपा के सामने परेशानी खड़ी हो सकती है। हालांकि दिल्ली वेस्ट (पश्चिम दिल्ली) सीट अपवाद है। वहां पर कांग्रेस और आप के वोट मिला लें तो भी भाजपा आगे रही थी। 2024 में आप पूर्वी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ रही है बाकी पर कांग्रेस। आपकी प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ कहती हैं कि गठबंधन की सफलता वोटों की निर्बाध अदला-बदली पर निर्भर है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से जनता मे उपजी सहानुभूति के माहौल में यह संभव है। हालांकि तथ्य यह भी है कि दिल्ली में

कांग्रेस को नुकसान पहुंचाकर आप के वोट बढ़े हैं। 2009 के चुनाव से तुलना करें तो 2019 में कांग्रेस को 34 फीसदी का नुकसान हुआ। भाजपा को 22 फीसदी मतों का लाभ हुआ तो आप को 18 फीसदी का लाभ। अन्य को छह फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा।

# शक्ति और आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र



संपूर्ण वैदिक साहित्य और भारतीय आध्यात्म शक्ति की उपासना प्राय: मां के रूप में की गई है। यही नहीं शक्ति के तामसिक रूपों में हाकिनी, यक्षिणी, प्रेतिनी आदि की पूजा भी तांत्रिक और साधक मां के रूप में करते हैं। मां शब्द से उनकी आक्रमकता कम हो जाती है और माना जाता है कि वह व्यक्ति को पुत्र व अज्ञानी समझ क्षमा कर अपनी कृपा बरसती हैं। नवरात्र में प्राय: वातावरण में ऐसी क्रियाएं होती हैं, जिनसे इस समय पर शक्ति की साधना, पूजा और अर्चना करने से प्रकृति शक्ति के रूप में कृपा करती है।

भारतीय संस्कृति में वसंत को ऋतुराज की उपाधि दी गई है। इसी ऋतु में पड़ने वाले चैत्र शुक्ल पक्ष के नौ दिन आद्याशक्ति की आराधना को समर्पित होते हैं। इसीलिए वासंतिक नवरात्र सदा से ही शक्ति पूजा का पर्वकाल रहा है।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है। रामायण काल में भगवान राम ने भी नवरात्र के उत्तम व्रत को किया था। इस व्रत के प्रभाव से ही पराक्रमी एवं मायावी शत्रु रावण को परास्त किया था। देवर्षि नारद ने भगवान श्री राम को इस अनुष्ठान को सम्पन्न करने का उपदेश दिया था। नवरात्र न केवल आध्यात्मिक है, बल्कि वैज्ञानिक एवं शास्त्रीय दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है।



**प्रो. विवेकानंद तिवारी**
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

चैत्र नवरात्र आत्मशुद्धि और मुक्ति के लिए। वैसे सभी नवरात्र का आध्यात्मकि दृष्टि से अपना महत्व है। आध्यात्मकि दृष्टि से देखें तो यह प्रकृति और पुरुष के संयोग का भी समय होता है। प्रकृति मातृशक्ति होती है इसलिए इस दौरान देवी की पूजा होती है गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि संपूर्ण सृष्टि प्रकृतिमय है और वह सिर्फ पुरुष हैं। यानी हम जिसे पुरुष रूप में देखते हैं वह भी आध्यात्मकि दृष्टि से प्रकृति यानी स्त्री रूप है। स्त्री से यहां मतलब यह है कि जो पाने की इच्छा रखने वाला है वह स्त्री है और जो इच्छा की पूर्ति करता है वह पुरुष है।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी को सृष्टि निर्माण का काम शुरु किया था। चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में पहला अवतार लेकर पृथ्वी की स्थापना की थी। भगवान विष्णु का सातवां अवतार जो भगवान राम का है वह भी चैत्र नवरात्र में हुआ था। इसलिए धार्मिक दृष्टि से चैत्र नवरात्र का बहुत महत्व है। इस नवरात्रि में देवी की 9 शक्तियों के अलावा 9 विद्या भी पूजी जाती हैं। 9 औषधियां भी पूजन में शामिल की जाती है। इस नवरात्रि में ध्यान, चिंतन और मनन के अतिरिक्त आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयास किए जाते हैं। साधक की साधना इस नवरात्रि में अधिक फलदायी होती है।

नवरात्र के नौ दिनों में मनुष्य अपनी भौतिक, आध्यात्मकि, यांत्रिक और तांत्रिक इच्छाओं को पूर्ण करने की कामना से व्रतोपवास रखता है और ईश्वरीय शक्ति इन इच्छाओं को पूर्ण करने में सहायक होती है। नवरात्र शक्ति उपासना का पर्व है। किंतु शक्ति का यह विचार भी सभी प्राणियों के कल्याण हेतु है-सर्वमंगल मांगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्र्यंबके गौरी, नारायणी नमोस्तुते!


यह शक्ति आराधना का पर्व है। इसी के अनुरूप संयम नियम की भी आवश्यकता होती है। पूरे देश में इक्यावन शक्तिपीठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। शक्ति पूजा की पूरे भारत में एक गौरवशाली परंपरा रही है। शक्ति पूजा प्रणाली, एक समय प्राचीन भारत में शक्ति पूजा के केंद्रों के माध्यम से प्रचलित थी, जिन्हें शक्तिपीठों के नाम से जाना जाता था। शक्तिपीठ वे स्थान हैं जहां माना जाता है कि सतयुग में सती देवी के शरीर के अंग गिरे थे।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है।

# नवरात्र-अवधि में व्रत का महत्व

शीतकाल की समाप्ति तथा ग्रीष्मकाल के दस्तक देने का पर्व है वसन्त ऋतु। प्रकृति में नव-सृजन शुरू होता है। वातावरण मनमोहक हो जाता है। इस वातावरण में होने वाले आध्यात्मिक पर्व वासन्तिक नवरात्र में व्रत-उपवास के साथ दैवी-शक्तियों के संचय करने का विधान है। श्रद्धालुजन व्रत रहते हैं। इस नवरात्र-व्रत के दौरान फलाहार के निहितार्थ को गहराई से समझने से लगता है कि साधना-उपासना-यज्ञ-अनुष्ठान-दान-तप से जो प्राकृतिक ऊर्जा का "फल" मिलता है, उसका आहार किया जाए। जिस प्रकार हम हर दिन जीवन के लिए आहार के रूप में भोजन लेते हैं, उसी तरह शरीर में विद्यमान ऊर्जा-शक्ति को भी रिचार्ज करते रहना पड़ता है। जब हम अनाज के रूप में भोजन करते है तो शरीर के रसायनों को उसे सुपाच्य करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है।

इस प्रक्रिया को विश्राम देने की भी आवश्यकता है। लिहाजा इस अवधि कोई दूध, दही, कोई फलाहार, कोई-कोई तो सिर्फ जल और वायु पीकर आंतरिक यंत्र-तंत्र को मंत्र की तरंगों से सशक्त करता है। उदाहरण लें तो किसी वाहन के पहिए में हवा कम है तो वाहन-संचालन प्रभावित हो जाता है। हमारा शरीर में इसी वायु से संचालित है। शरीर वायु का समुचित प्रयोग मूलाधार से सहस्रार को एक्टिवेट करता है। यही भगवान विष्णु-योगेश्वर कृष्ण का चक्र मानना उचित प्रतीत होता है। इसीलिए योग आदि के जरिए शरीर में हवा का अधिक से अधिक उपयोग उत्तम स्वास्थ्य देने वाला होता है। व्रत में पथ्य का अनुसरण और अपथ्य का निषेध किया गया है। जीवन में हम उसी पथ को चुनते है जो सुगम हो और कांटों से मुक्त हो। ऐसे पथ जिसमें गंदगी, दुर्गन्ध, रास्ता-जाम हो, उससे हर कोई बचना चाहता है। प्राय: रास्तों में सड़क के किनारों पर गन्दगी, अतिक्रमण होते रहते हैं, तो उसे सक्षम संस्थान हटाते हैं। शरीर की भोजन-नलियों तथा अन्यान्य हिस्सों में अवरोध को हटाने के लिए व्रत तथा फलाहार का विधान मेडिकल साइंस भी बताता है। इसी के साथ शरीर को हर हाल में जीने के लिए तैयार करने का उपक्रम भी व्रत रखकर फलाहार करना है।



**सलिल पांडेय**
मिर्जापुर

फलाहार का सीधा सा अर्थ है कि मौसमी फल स्वास्थ्य के लिए ज्यादा उपयोगी है। हल-बीज-खाद से उपजायी गयी वस्तु की जगह लम्बी अवधि तक गर्मी-जाड़े से लड़ते हुए जो पेड़ फल दे रहे हैं उसमें विशेष ऊर्जा-तत्व हैं।

इसलिए भी फलाहार कर इस ऊर्जा को सञ्चित किया जाए। वर्ष भर शरीर तंत्र को एक ही पद्धति से काम करने से बदलना भी है फलाहार के माध्यम से हो जाता है। बदलाव नयापन लाता है। हम 6 घण्टे सोते हैं यानि इस अवधि में आंखें देखने के काम को वरतती यानि विरत रहती हैं। आंखों के इस व्रत का ही परिणाम कि ये आंखें दूसरे दिन देखने में सक्षम रहती है। मौन-शक्ति का भी यही लाभ है। इस प्रकार शरीर के आंतरिक तंत्र का मौन ही है व्रत, उपवास और हल्के फलाहार की प्रक्रिया।

# मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता

इस जगत की उत्पादिका, संरक्षिका और संहारिका पर ब्रह्मरूपा मां महाशक्ति की आराधना और इसी अवधि में पड़ने वाली चैत्र-नवरात्रि, नवरातें, नवरात्र तथा श्रीहरि विष्णु के अंश अवतार के रूप में पूजित मर्यादापुरुषोत्तम के अवतरण से पावन 'चैत्ररामनवमी'। भारतीय प्रायद्वीप के मूलनिवासी हिन्दुओं में रची-बसी उपासना पद्धति और धर्म संबंधी वैचारिक स्वतंत्रता की तुलना विश्व के किसी भी देश के धर्म से नहीं की जा सकती है। उदाहरणार्थ, यह हिन्दू समाज ही है, जहां शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य और सौर( सूर्य पूजक) सभी परस्पर मत भिन्नता के रहते हुए साथ-साथ फले फूले। यही नहीं अनीश्वरवादी जैन और बौद्धधर्म भी लोकप्रिय हुए। और तो और चार्वाक जैसों को अपना आदर्श मानने वाले 'नास्तिक' भी पल्लवित और पुष्पित हुए। सभी ने अपने मत का मनचाहा प्रचार-प्रसार किया और बहुमूल्य वैचारिक ग्रंथों की रचना किया।



**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

सामान्य हिन्दू, चाहे किसी भी मत या सम्प्रदाय का हो, बिना किसी संकोच के उसने 'शक्ति'की महत्ता को स्वीकार किया। प्राय: सभी हिन्दू, अपने उपास्यदेव के नाम से पहले स्वाभाविक रूप से 'शक्ति' का नाम लेता है, यथा-सीता-राम, राधे-श्याम, लक्ष्मी-नारायण, गौरी-गणेश, सावित्री-सूर्य इत्यादि। यहां यह स्वीकार करने में कोई संकोच कदापि नहीं है कि भारत की सिन्धु घाटी उत्खनन के अतिरिक्त अन्य प्राचीन सभ्यताओं में भी पुरातात्विक साक्ष्य मातृपूजा या मातृसत्ता का अस्तित्व प्रमाणित करते हैं, किन्तु यह मात्र हमारा समाज ही ऐसा रहा जिसने मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता को स्थायित्व प्रदान किया और उसको अमर बनाया। भारत में अनेक रूपों में पूज्य मातृशक्ति के रूप में निरन्तर चली आ रही 'शक्ति-उपासना' का विशेष पल्लवन पौराणिक तथा तंत्रसाहित्य मे सर्वाधिक विस्तार से वर्णित हुआ है। पुराणों में, नारायण या विष्णु के साथ लक्ष्मी, शिव के साथ शिवा, ब्रह्मा के साथ सरस्वती, गणेश के साथ अम्बिका तथा सूर्य के साथ सावित्री के चरित और महात्म्य का, विशद विवरण है। इन सभी का परिचयात्मक विवरण भी अत्यन्त बृहद आकार का और श्रमसाध्य है। हिन्दू महाशक्तियों में भी सर्वाधिक सम्मानित और लोकप्रिय हजारों नामों और रूपों में पूजित शिवशक्ति के भी शांत या सौम्य तथा रौद्र या उग्र, दो स्वरूप रहे हैं। उदाहरणस्वरूप सौम्य, शांत या कोमल रूप में यदि वह, उमा, गौरी, पार्वती, भगवती, जगन्माता, अम्बिका आदि है तो रौद्र या भयानक रूप में वही, दुर्गा, काली, कपाली, चण्डिका, चण्डी, भैरवी, श्यामा आदि नाम/रूप से पूजित या उपास्या है। यहां यह स्पष्ट करना अति आवश्यक है कि इन कुछ नामों के अतिरिक्त उनके असंख्य नाम और रूप विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित हैं।



# ब्रह्म की अनिर्वचनीयता

यदि मन्यसे सुवेदेति दभ्रमेवापि नूनं त्वं वेत्थ ब्रह्मणो रूपं यदस्य त्वं यदस्य देवेष्वथ नु मीमांस्यमेव ते मन्ये विदितम्।।

आचार्य शिष्य से कहते हैं "यदि तुम सोचते हो कि मैंने ब्रह्म को भलीभांति जान लिया है "तो निश्चित रूप से तुमने उस ब्रह्म का वह थोड़ा सा ही रूप जाना है जो तुममें और देवताओं में व्यक्त हुआ है। अतः तुम्हें इस विषय पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

आचार्य शिष्य को यह बता चुके थे कि यह ब्रह्म दुर्विज्ञेय अर्थात् कठिनाई से जानने योग्य है। शुद्ध चित्त वाले किसी मेधावी शिष्य को यह ब्रह्म ज्ञात हो सकता है, परंतु किसी किसी को नहीं भी ज्ञात हो सकता। आचार्य ने यह भी उपदेश दिया था कि "जो तू आत्मा है, वही ब्रह्म है"। इससे आचार्य की यह आशंका स्वाभाविक थी कि कहीं शिष्य यह न समझ बैठे कि स्वयं को जान लेने अथवा आत्मा को जान लेने मात्र से ही उसने ब्रह्म को पूर्णरूपेण जान लिया है।

इसी संभावित आशंका का निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि हमारे द्वारा संकेत से बताए गए ब्रह्मतत्व को सुनकर यदि तू ऐसा मानता है कि मैं उस ब्रह्म को भलीभांति जान गया हूं, तो यह निश्चित है कि तूने ब्रह्म के स्वरूप को थोड़ा जाना है। यदि तुम केवल उस परब्रह्म के अंशभूत जीवात्मा अथवा देवताओं के रूप में मन, बुद्धि, प्राण, इन्द्रिय आदि में स्थित ब्रह्म के अंश को ब्रह्म समझते हो, तो तुम्हारा यह समझना यथार्थ नहीं है। ब्रह्म इतना ही नहीं है। इस जीवात्मा मे और समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त जो ब्रह्म की शक्ति है, वह सब मिलाकर भी ब्रह्म का एक अंश मात्र ही है। अतएव तेरा समझा हुआ यह ब्रह्म तत्व तेरे लिए पुनः विचारणीय है, ऐसा मैं मानता हूं।

## प्रदेश

### बरेली में आयोजित जनसभा में बोले बसपा नेता आकाश आनंद

# मुफ्त राशन देकर गरीबों को भिखारी बना रही है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का दावा करने वाली केंद्र सरकार 10 साल में 80 लोगों को रोजगार नहीं दे पाई है। इस लोकसभा चुनाव में जनता को भाजपा के नेताओं से पूछना चाहिए कि शिक्षा और रोजगार के लिए उन्होंने क्या किया। मुफ्त राशन देकर तो गरीब लोगों को भिखारी बनाने का काम किया जा रहा है। यह बात सोमवार को बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने बिशप मंडल कॉलेज के मैदान पर पार्टी की मंडलस्तरीय जनसभा को संबोधित करते हुए कही।



बरेली के बिशप मंडल इंटर कॉलेज में बसपा की चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद का माला पहनाकर स्वागत करते बसपा नेता।

आकाश आनंद ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर सर्वाधिक हमला करते हुए उसे आर्थिक नीतियों, शिक्षा, रोजगार, भ्रष्टाचार और राष्ट्रीय सुरक्षा तक के मुद्दों पर घेरा। आकाश ने कहा कि सरकार अगर गरीबों की हितैषी है तो उन्हें रोजगार और शिक्षा देकर मजबूत बनाए। उसने अगर रोजगार दिया होता तो मुफ्त राशन देने की नौबत ही न आती। आकाश ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिए 25 दलों को साढ़े 16 हजार करोड़ रुपये का चुनावी चंदा मिला है। इसमें बसपा को एक रुपया नहीं मिला। पूरे देश में बसपा किसी धन्नासेठ के सहारे नहीं बल्कि अपने कार्यकर्ता के दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अखंड भारत का दावा करती है लेकिन उससे बड़ा देशद्रोही कोई नहीं है। आकाश आनंद ने कहा कि सरकार ने तो जिनके सर पर छत थी, वह भी छीन ली। इसके बाद भी सरकार गर्व से बोलती है कि वह बुलडोजर की सरकार है। लोगों ने भाजपा को इसलिए वोट नहीं दिया था कि वह उनकी छत उजाड़कर हाथ में कटोरा दे दे। उन्होंने कहा कि इस बार आप लोग ही इनके हाथ में कटोरा दे दीजिएगा।

▸▸ **भाजपा पर भ्रष्टाचार, रोजगार को लेकर किया हमला**

# भारत में निर्मित विदेशी शराब माल प्रवेश कर के तहत कर योग्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल प्रवेश अधिनियम, 2007 के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब को कर योग्य वस्तुओं की नई अनुसूची में नहीं रखा गया है, इसलिए अधिकारियों के पास इस पर कर लगाने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने मेसर्स यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के खिलाफ अपीलीय प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को रद करते हुए दिया, साथ ही संबंधित प्राधिकारी को याची को सुनवाई का अवसर प्रदान करने तथा अधिनियम, 2007 के तहत कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में शामिल वस्तुओं पर विचार करते हुए एक तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आगे कहा कि 2007 के अंतर्गत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अधिनियम, 2007 के तहत अंतिम मूल्यांकन आदेश 30 मार्च 2008 को पारित किया गया था। उक्त अधिनियम के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कोई कर नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि यह कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में नहीं रखी गई है।



**सुनवाई**

▸▸ **न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की पीठ ने पारित किया आदेश**

▸▸ **अपीलीय प्राधिकारी की ओर से पारित आदेश को किया रद**


## वर्ग पहेली-34

**बाएं से दाएं**

2. 1. प्रज्ञा, अक्ल, बुद्धि, समझ 2. इच्छा, कामना 3. अभिप्राय 4. याद, स्मृति।
3. 1. पैर रखने की छोटी चौकी 2. तकिया।
5. पीने वाले जल को ठंडा रखने के लिए मिट्टी का बनाया हुआ संकरी एवं लंबी गरदन वाला घड़ा।
6. 1. गड़गड़ाहट 2. गर्जना 3. धुंधलापन 4. अंधेरा।
9. 1. गोंद 2. लसदार या चिपकने वाला पदार्थ 3. लोपन 4. किसी को फंसाने का साधन।
11. अन्न पीसने वाली स्त्री, जीविकोपार्जन हेतु अन्न पीसने का पेशा करने वाली स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बिना रोक-टोक के, बेहिसाब, विवेकहीन होकर 2. लगातार, बेतहाशा
4. 1. प्रवाही, बहने वाला 2. वहन करने वाला, ढोने वाला।
5. 1. (पुराण) एक राक्षसी जो सांपों की माता मानी गई है 2. महाशतावरी नामक औषधि 3. सौंफ 4. (संगीत) एक रागिनी
5. एक नदी।
7. काला होने का भाव।
8. एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जिसका गूदा बहुत मुलायम और मीठा होता है
10. सिलवट ; सिकुड़न।



### वर्ग पहेली -33 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 झी | | 2 दे | | | |
| | 3 ख | ट | ख | टि | या | |
| | ना | | ना | | | |
| | | 4 आ | प | चा | री | |
| | 5 खो | ड़ | र | | | 6 मौ |
| | कं | | ख | | | स |
| 7 ह | द | | 8 ना | म | धा | म |

### सुडोकू -113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | |
| | | | | 4 | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 7 | | | 6 | |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | 9 | | 7 | 5 | | |
| | | 3 | | 6 | 4 | | | |


### सुडोकू -112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- प्रतिपदा 20.30 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवमी 07.32 तक तत्पश्चात अश्विनी 10 अप्रैल 05.06 तक।


**मेष** — आज कानूनी विवादों से छुटकारा मिलने की प्रबल संभावना है। आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे। नए प्रेम संबंधों को लेकर उत्साहित रहेंगे। यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण लोगों से आपका परिचय हो सकता है। गुरु तुल्य व्यक्ति से आशीर्वाद प्राप्त होगा।


**वृष** — आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। मीडिया से जुड़े लोगों के ऊपर कठिन कार्यों का दायित्व आ सकता है। क्रोधी स्वभाव के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। ईर्ष्यावश किसी की भी आलोचना न करें।



**मिथुन** — आज कोई बड़ा व्यापारिक अनुबंध होने की संभावना बन रही है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े करियर में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। ऑफिस का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप व्यस्त रहेंगे।



**कर्क** — आज सिर में भारीपन महसूस हो तो चिकित्सक से परामर्श लेने में संकोच न करें। लोगों को खुश करने के प्रयास में अपनी खुशियों को दांव पर न लगाएं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।



**सिंह** — आज आपके मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है। व्यापार में धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। घर में सुख-समृद्धि का वातावरण रहेगा। पैतृक संपदा से जुड़े विवादों का आपके पक्ष में निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।


**कन्या** — आज सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। उच्च अधिकारी आपको काफी सम्मान देंगे। भूमि और सम्पत्ति में आप निवेश कर सकते हैं। व्यापार में कई परेशानियां सामने आ सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।


**तुला** — आज परिवार में सुख-शान्ति और स्थिरता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं। किसी मित्र से आपको उत्तम सलाह मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहने वाला है। कारोबार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।


**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपका अनादर करेंगे। व्यापार में बड़ा जोखिम लेने से बचें। पैरों में चोट या दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवहार में संयम और सावधानी रखें। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं।


**धनु** — आज घर में स्वादिष्ट भोजन बन सकता है। व्यापार को लेकर बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। आपकी इच्छा शक्ति और आत्मबल में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। जमीन से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा।


**मकर** — आज परिवार के लोगों से आपको सराहना मिलेगी। घर में मांगलिक उत्सव को लेकर ख़रीदारी कर सकते हैं। शरीर में गर्मी के कारण एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। कुछ नया करने का प्रयास करेंगे।


**कुंभ** — आज धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसन्द करेंगे। नए व्यवसाय को शुरू करने की योजना बना सकते हैं। मित्रों के माध्यम से शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। गुरुतुल्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।


**मीन** — आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। पिता का सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त होगा। घर में आपका मन नहीं लगेगा। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। आज किसी से धन उधार न लें। खानपान में शुद्धि का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
मैं तेरा दुश्मन — सुबह : 10.44
प्रेम दीवाने — शाम : 05.41

**SONY PIX**
द मास्क — सुबह : 11.45
रश आर 3 — रात : 09.00

**&pictures**
सूर्या एस 3 — सुबह : 10.56
रुस्तम — रात : 08.00

**ZEE CINEMA**
प्यासा सावन — सुबह : 11.40
हीरोपंती 2 — रात : 09.05

**StarGold SELECT**
लाल रंग — सुबह : 09.30
बधाई हो — रात : 09.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 09.05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पति- सुनो मुझे अलादीन का चिराग मिला है।
पत्नी- वाह आपने उससे क्या मांगा?
पति- मैंने कहा कि वह तुम्हारे दिमाग को 10 गुना और बढ़ा दे।
पत्नी- तो क्या उसने ऐसा कर दिया?
पति- वह हंसने लगा और बोला शून्य को किसी से भी गुणा कर दो वह शून्य ही रहता है।
अलादीन और पति दोनों गायब हैं।

# अनुसूचित वर्ग के नौकरशाहों में भाजपा से नेतागिरी का बढ़ा क्रेज

**पहले वॉमसेफ के जरिए दलित आंदोलन में लेते थे रुचि, अब भाजपा-संघ की भाने लगी है विचारधारा**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** कितने चेहरे लगे हैं चेहरों पर, क्या हकीकत है और सियासत क्या...,नौकशाहों में नेतागिरी की दूसरी पारी के बढ़ते क्रेज पर शायर सागर खय्यामी का यह शेर सटीक बैठता है। आजादी के बाद अनुसूचित वर्ग के नौकशाहों की पसंद में कांग्रेस ही सर्वोपरि रही, फिर 45 साल बाद बसपा ने खूब लुभाया। अब बीते एक दशक से मोदी और योगी की राजनीति ने ऐसे नौकरशाहों को वॉमसेफ से ज्यादा भाजपा और संघ का दीवाना बना दिया है।

ताजा घटनाक्रम पर गौर करें तो, हाल में ही सेवानिवृत हुए प्रदेश के कार्यकारी पुलिस महानिदेशक रहे विजय कुमार ने अपनी पत्नी अनुपमा के साथ लोकसभा चुनाव के बीच सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वे तेज-तर्रार दलित अफसरों में गिने जाते थे और मायावती के खास भी रहे। पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने तो बीते विधानसभा चुनाव से पहले नौकरी से वीआरएस लेकर भाजपा की सदस्यता ली थी। जाति से जाटव अरुण के पिता श्रीराम अरुण भी डीजीपी रहे हैं। असीम अरुण ने मुलायम-अखिलेश के गढ़ कन्नौज में अनुसूचित वर्ग के वोटों का हाथी से मोहभंग करने का गुरुतर दायित्व निभाने में बड़ी भूमिका निभाई। नतीजा रहा कि पहली बार विधायक बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इनाम में समाज कल्याण मंत्री बनाया।

इससे पहले 2017 में बसपा सुप्रीमो मायावती के खास रहे पूर्व आईपीएस बृजलाल ने भी भाजपा के सत्ता में आने के बाद सदस्यता ली। माना जाता है कि अरुण ने शायद बृजलाल के राजनीति में आने के बाद ही खुद को राजनीति में जाने का मन बनाया था।


असीम अरुण


ब्रजलाल


रामबहादुर


विजय कुमार

**● असीम अरुण ने तो छोड़ दी थी शानदार नौकरी, ब्रजलाल, रामबहादुर के बाद विजय कुमार हुए मुरीद**




### उप्र की ठोको पॉलिसी में बृजलाल का रहा सहयोग

पासी दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बृजलाल वर्ष 2010-12 तक उप्र में डीजीपी थे। उनकी छवि एक कड़क पुलिस अधिकारी के साथ एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की रही है। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तब बृजलाल के लगातार संपर्क में थे, जब उन्होंने अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ ठोको पॉलिसी के तहत बड़ा अभियान छेड़ा था। हालांकि योगी की इस ठोको पॉलिसी का विपक्ष लगातार विरोध करता रहा है। पहले सरकार ने बृजलाल को राज्य एसटी एससी कमीशन का चेयरमैन बनाया है। इसके बाद 2020 में उन्हें राज्यसभा का सांसद बना दिया।

### आईएएस रहे रामबहादुर भी भाजपा व संघ के बने पोषक

पूर्व आईएएस राम बहादुर ने भी सेवाा निवृत्त होकर दूसरी पारी बसपा की राजनीति से शुरू की थी, वे मायावती के खासे करीब भी रहे। लखनऊ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने कुछ कड़े फैसले लिए थे, जिसमें अवैध अतिक्रमण हटवाना भी शामिल था। वह कांशीराम द्वारा स्थापित आल इंडिया बैकवर्ड एंड माइनारिटी कम्युनिटी एम्पलाई फेडरेशन के सदस्य भी थे। राम बहादुर ने मोहनलालगंज से वर्ष 2017 में बसपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव भी लड़ा था, लेकिन अब मोहभंग होकर भाजपा और संघ की विचारधारा के पोषक बन गए हैं।

## कांग्रेस की चुनावी सभाएं जल्दः अविनाश पांडे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रदेश के पहले व दूसरे चरण की सीटों पर चुनावी सभाएं जल्द शुरू होंगी। रायबरेली व अमेठी सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा सही समय पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सभी 80 सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगा। प्रदेश प्रभारी सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी की ओर से जारी घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने देश की जनता के सामने घोषणा पत्र को नये संकल्प के रूप में पेश किया है। देश के राजनीतिक इतिहास में यह पहला घोषणा पत्र है जो जनता की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि रणनीति के तहत अभी रायबरेली व अमेठी के प्रत्याशी घोषित नहीं किये गये हैं, पर दोनों क्षेत्रों की जनता का गांधी परिवार से लगाव है। लोगों की भावनाओं को केन्द्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही पहला कदम बेरोजगारी दूर करने के लिए उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली व सभा पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ चर्चा हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव के साथ इंडिया गठबंधन की रैली जल्द होगी।

# नगीना से प्रत्याशी चंद्रशेखर के खिलाफ देश में सर्वाधिक मुकदमे

**सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की सूची में देश में पांचवें स्थान पर**

**एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में दावा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में नगीना संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी चंद्रशेखर पर देश भर में सर्वाधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है।



इसमें कहा गया है कि आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर के खिलाफ कुल 36 मामले दर्ज हैं। जिसमें से 78 धाराएं गंभीर मामलों में दर्ज की गईं हैं। आईपीसी की अलग-अलग 167 धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

चुनाव सुधारों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के देश भर के प्रत्याशियों का वित्तीय, आपराधिक और शैक्षणिक विवरणों की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में उप्र. में पहले चरण के चुनाव की 8 सीटों पर उतरे 80 प्रत्याशियों का भी ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक नगीना सीट पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण पर देश भर में सबसे ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा, सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की फेहरिस्त में देश में पांचवें स्थान पर हैं।

### चंद्रशेखर के सर्वाधिक केस सहारनपुर में

चंद्रशेखर पर सरकारी अधिकारी को उसका काम करने से रोकने के मकसद से चोट पहुंचाने के, हत्या के प्रयास से संबंधित, डकैती की सजा से संबंधित समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। दरअसल, नगीना लोकसभा सीट पर पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास चंद्रशेखर ने जो हलफनामा जमा कराया गया उसके अनुसार इन पर कुल 36 मामले दर्ज हैं। इनमें से 26 केस सहारनपुर की अलग-अलग अदालतों में चल रहे हैं जो जनपद की ही विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गाजियाबाद में 1, दिल्ली में 2, मुजफ्फरनगर में 2, लखनऊ में 1, हाथरस में 1, अलीगढ़ में 2 और नगीना में 1 मामला दर्ज है।

# कद्दावरों से तय होता रहा राजनीतिक दलों का कद

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** सूबे की सियासत में आजादी से ही अलग पहचान बनाने वाले गोंडा जनपद में मतदान में भी बड़े दांव दिखाए हैं।

यहां के मतदाताओं ने पार्टियों के बजाए कद्दावरों को महत्व देते रहे। यही कारण रहा गोंडा संसदीय सीट पर देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी और केंद्रीय मंत्री रहे बेनी प्रसाद वर्मा जैसे सरीखे नेताओं को देश की सदन में जाने का मौका मिला। यह रवायत आज भी कायम है। बात हम बीते पांच चुनाव परिणामों के करें तो जनता के मूड की मैपिंग समाने आ जाती है। जिस तरह कद्दावर प्रत्याशियों के आने से पार्टियों का वोट प्रतिशत उछाल मार कर आगे बढ़ा वहीं कमजोर प्रत्याशियों को मजबूत दल का साथ मिलने के बाद भी मुंह की खानी पड़ी और वोट प्रतिशत भी धराशायी हो गया।


देश की सबसे बड़ी पार्टियों में शुमार कांग्रेस और भाजपा को भी कई बार मतदाताओं ने प्रत्याशी चयन में चूक का झटका दिया। यही नहीं प्रदेश की सियासत में पांव जमा रही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को पहली बार सदन भेजने का काम भी जनता ने कद्दावर नेता को चुनकर बड़ी पार्टियों को हैरत में डाल दिया। भले ही बसपा के किसी भी प्रत्याशी को जीत नहीं मिली लेकिन 2009 के चुनाव में उम्मीदवार के कद के कारण बसपा भी वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रही। यही नहीं वोट प्रतिशत में निचले पायदान पर पहुंच चुकी कांग्रेस को भी 2009 में ही कद्दावर नेता का साथ मिला तो मतदान प्रतिशत बढ़ने के साथ जीत का स्वाद भी 20 साल बाद चखने को मिला और मुख्यधारा में पार्टी की वापसी हुई।

1999 में जीत हासिल करने के बाद भाजपा भी हासिए पर चली गई। 2004 का चुनाव मजबूती से तो लड़ी जीत के करीब नहीं पहुंच सकी। दस साल बाद भाजपा को भी जिले के कद्दावर नेता का साथ मिल गया। फिर क्या था भाजपा के सपनों को पंख लगे और जीत का सिलसिला 2019 तक जारी रहा। इस बार भी भाजपा ने कद्दावर नेता पर ही दांव चला है। फिलहाल सपा ने भी कांग्रेस से गठबंधन करने के बाद पूर्व में क्षेत्र की नुमाइंदगी कर चुके राष्ट्रीय स्तर के नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री को दावेदार बनाकर मैदान में उतार दिया है। इस बार दो कद्दावरों के बीच मुकाबला रोचक होने की दिशा में दिख रहा है।

**आंकड़े**

**● उम्मीदवारों के कद के हिसाब से घटते बढ़ते रहे मत प्रतिशत**


### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह, विजेता | 5,08,190 |
| विनोद कुमार पंडित सिंह, उपविजेता | 3,41,830 |


| | |
|---|---|
| वर्ष | 2019 |
| कुल मत | 1744625 |
| पड़े मत | 923816 (53.4%) |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्तिवर्धन सिंह | 3,59,643 |
| सपा | नंदिता शुक्ला | 1,99,227 |
| बसपा | अकबर अहमद डंपी | 1,16,178 |

गोंडा





### निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980, 84 व 89 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | केतकी देवी सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | कीर्ति वर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | कीर्तिवर्धन सिंह | भारतीय जनता पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े




# राजनीतिक दलों के कितने सफल खेवनहार साबित होंगे छोटे दल

**सपा से कुछ दलों ने नाता तोड़ा तो कुछ अन्य दलों ने आगे बढ़कर मिलाया हाथ**

**▸▸ रालोद, निषाद पार्टी, सुभासपा, अपना दल के साथ मिशन- 80 साधने की तैयारी**

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** चुनाव का माहौल हो और चर्चा उत्तर प्रदेश की राजनीति पर चले तो जाति और क्षेत्रवाद अछूता नहीं रह सकता। यही कारण है कि इस बार भी लोस चुनाव में अलग-अलग क्षेत्रों, जाति व समाज में प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय दलों अथवा कथित छोटे दलों का महत्व बढ़ा हुआ है।

उप्र. के चुनावी संघर्ष में भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने हैं। भाजपा से तो सपा के ही दो सहयोगी दल टूट कर मिले। इसमें पहले सुभासपा और अब रालोद शामिल हैं। अपना दल एस और निषाद पार्टी पहले ही शामिल है। इधर सपा को उसके पुराने सहयोगियों ने छोड़कर झटका दिया तो कुछ अन्य दलों ने साथ देकर संबल भी दिया। रालोद और अपना दल कमेरावादी के नाता तोड़ने के बाद लोकदल और महान दल सपा का साथ देने को आगे आए।

### मिशन 80 साधने में सहयोगी बने अपना दल (एस) और रालोद

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल 2014 के लोकसभा चुनाव से ही भाजपा की सहयोगी हैं। इनका साथ पाकर पार्टी का कुर्मी वोट बैंक मजबूत होता है। इस बार प्रत्याशी उतारने को खाते में दो सीटें मिलनी हैं। दूसरा हाल ही में सपा को छोड़ भाजपा का दामन थामने वाला राष्ट्रीय लोकदल 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन और 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा-सुभासपा के साथ गठबंधन में शामिल रहा था। अब भाजपा के मिशन 80 को साधने में जुटा है। पिछले चुनाव एक भी सीट नहीं जीते और इस बार बिजनौर और बागपत से उम्मीदवारी मिली है।

### सुभासपा और निषाद पार्टी का भी है साथ

वहीं, सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर भी 2017 के विस चुनाव में भाजपा गठबंधन से चुनाव लड़े। पार्टी ने चार सीटें जीतीं। योगी सरकार में मंत्री बने। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के साथ हो लिए और 6 सीटें जीतीं। फिर चुनाव बाद भाजपा में आ गए। इस बार लोस चुनाव में प्रत्याशी उतारने को एक सीट मिली है। घोसी से बेटा अरविंद राजभर मैदान में है। एक और दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद 2019 में भी भाजपा के साथ थे, अब भी हैं। पिछले चुनाव में संजय निषाद के बेटे प्रवीण संतकबीरनगर से भाजपा के सिंबल पर लड़े व सांसद बने। इस बार भाजपा के टिकट पर संतकबीरनगर से प्रवीण निषाद फिर लड़ेंगे।

### राजनीतिक लाभ को साथ रखते हैं छोटे दल

देखा गया है कि, जातियों की राजनीति करने वाले छोटे दल जिस बड़े दल के साथ जुड़ जाते हैं, उनका समर्थक वोटर उनके साथ चला जाता है। बड़े दलों की कुछ वोटों से हारने की स्थिति वाली सीटें पक्की हो जाती हैं। बदले में छोटे दल अपने बड़े आधार वाले क्षेत्रों में बड़ी पार्टियों से कुछ सीटें मांगकर अपना आधार बढ़ाने का प्रयास करते हैं। हालांकि छोटे दलों की मदद से बड़े दल ज्यादा सीटें जीतते हैं। इसी राजनीतिक गुण-गणित का ध्यान रखे हुए भाजपा व सपा अपने से कम वोट शेयर वाले दलों से हाथ मिलाने को उत्सुक हैं।

# भ्रष्टाचारियों को पालती है भाजपाः अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग भ्रष्टाचार खुद करते हैं, भ्रष्टाचारियों को खुद पालते-पोसते हैं और आरोप विपक्षी दलों पर लगाते है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार ने नोटबंदी से लेकर इलेक्टोरल बांड तक न जाने कितने भ्रष्टाचार किये हैं। इन सबकी जांच हो जाएगी तो यह देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार साबित होगा।



अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि, भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद जनहित में फैसले लेने के बजाय देश की संवैधानिक और सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं से भाजपा के लिए चंदे की वसूली करायी। तमाम कम्पनियों पर छापे डालकर उन्हें पहले डराया गया और बाद में चंदा वसूला गया।

## चुनावी गतिविधियां

**जागरूक करने को टर्निंग 18**

लोकसभा चुनाव में युवाओं को जागरूक करने को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ''टर्निंग 18'' अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग युवाओं और शहरी मतदाताओं की निर्वाचन में भागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया की ताकत का उपयोग कर रहा है। इसके तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'टर्निंग 18' और 'यू आर द वन' जैसे अभियानों के माध्यम से नागरिकों को जोड़ने की पहल की जा रही है जो 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' थीम के अनुरूप है।

# मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए सब लगा रहे जोर


दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में लखनऊ की दोनों सीटों पर मतदान बढ़ाने पर जोर है। राजनीतिक दल ही नहीं, चुनाव आयोग भी आधुनिक तरीके से प्रचार करने में जुट गया हैं। राज्य का चुनाव आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी कम वोटिंग वाले क्षेत्रों में जहां जागरुकता अभियान चला रहे है। निगम वाहनों से प्रचार करने की तैयारी में है। वहीं राजनीतिक दल भाजपा व इंडिया गठबंधन का मुख्य फोकस उन तहसीलों में है, जहां पिछली बार वोटिंग प्रतिशत 55 फीसदी से कम रही। इनमें लखनऊ सीट पर कैंट में 50.77 जबकि मोहनलालगंज की सरोजनीनगर सीट पर 55.49 वोटिंग प्रतशित कम रही। 2019 के चुनाव में लखनऊ सीट पर करीब 54.22 फीसदी वोटिंग हुई, जो औसतन कम है। लोकसभा चुनाव में 70 का आंकड़ा छोड़ों लखनऊ शहर अभी 60 का आंकड़ा छू नहीं पाया है। इसलिए मोहनलालगंज की अपेक्षा लखनऊ शहर में राजनीतिक दल यहां जोर मारे हैं ताकि अपना वोट बैंक बढ़ाया जा सके। सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा बताते हैं कि मध्य-पश्चिम में हमारा वोट बैंक मजबूत है। अन्य तीन जगह वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए गली-गली प्रचार, सोशल मीडिया के अलावा पार्टी द्वारा कराए गए कार्यों का सहारा लिया जा रहा है। वे कहते हैं कि अगर वोट प्रतिशत बढ़ गया तो हमारे हिस्से आएगा और आसानी से राजनाथ के हैट्रिक वाले रथ को रोक सकेंगे। वहीं चुनाव आयोग पोस्टर आदि के जरिए वोट का महत्व बता रहा है। वहीं दलों के प्रत्याशी रील्स के जरिए भी अपने-अपने इलाकों में वोटों के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राजनाथ सिंह का प्रचार करने वाले भाजपाई नेता कहते हैं कि हमारा वोट शेयर 2019 में 56 फीसदी से ज्यादा था, जो इस बार बढ़कर 60 के करीब पहुंच जाएगा। क्योंकि जनता भाजपा के काम से खुश है। लखनऊ लोकसभा की दोनों संसदीय सीट पर इस बार 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### हमें कचरा गाड़ी समझाएंगी वोट का महत्व


● राजधानी में सुबह उठते ही गली-गली में कूड़ा उठाने वाले भार वाहनों से कानों में गूंजती है आवाज- गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल...। मगर अब इन्हीं वाहनों से मतदान करने की अपील रोज सुनाई देगी यानी कचरा गाड़ी एक-एक वोट का महत्व समझाएंगी। दरअसल, राजधानी में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान हो रहा है। ऐसे में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर निगम विशेष अभियान चलाएगा। चुनाव आयोग की मानें तो लखनऊ में मतदान बढ़ाने पर पूरा फोकस है। इसके लिए चौपाल, नुक्कड़-नाटक, मैराथन, साइकिल रैली निकाली जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों में भी वोट का महत्व समझाया जाएगा।

### 2019 में लखनऊ उत्तर में 55.42 फीसदी जबकि मोहनलालगंज सीट पर मलिहाबाद में महज 65 फीसदी मतदान




### 2019 में मतदान प्रतिशत के आंकड़े

| लखनऊ सीट | वोट% |
|---|---|
| कुल प्रतिशत | 54.22 |




| मोहनलालगंज सीट | वोट% |
|---|---|
| कुल प्रतिशत | 61.77 |




### लखनऊ में चुनाव

5वें चरण में मतदान

| | |
|---|---|
| 26 अप्रैल | अधिसूचना की तिथि |
| 3 मई | नामांकन करने की अंतिम तिथि |
| 4 मई | नामांकन पत्रों की जांच |
| 6 मई | नाम वापसी की तिथि |
| 20 मई | मतदान की तिथि |
| 4 जून | नतीजे आएंगे |

| | |
|---|---|
| लखनऊ कैंट में सबसे कम मतदान | 50.77 % |
| लखनऊ में 2019 में मतदान | 54.22 % |
| पूरे प्रदेश में 2019 में मतदान | 67.40 % |

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,742.50 | 22,666.30 |
| चढ़ा | 494.28 | 152.60 |
| प्रतिशत में | 0.67% | 0.68% |

## कानपुर मंडी

| अनाज (प्रति क्वि.) | |
|---|---|
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूँदड़ा | 2400–2425 |
| आर.आर.21 | 2450–2500 |
| गेहूँफारम | 2700–2750 |
| जौ | 2000 –2100 |
| ज्वार | 2000 –4000 |
| बाजरा | 2100–2150 |
| मकाई | 2200 –2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800 –5900 |
| अरहर | 8300 –8700 |
| मसूर | 5500 –5600 |
| मटर | 3700 –4000 |
| उड़दहरा | 10000 –11000 |
| उड़दकाला | 6000 –8000 |
| मूँग | 8500 –8800 |
| अरहरफूल | 15700–15800 |
| अरहरस्पेशल | 13500–13600 |
| चनादाल | 7100–7200 |
| मटरदाल | 4850–4950 |
| मसूरमलका | 7100–7150 |

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक– 1000, फ्लैग– 1110, बोल्ड– 1160, डीएमओ– 900, रामपुर : शिवालिक–1000, फ्लैग– 1110, डीएमओ–890, बोल्ड–1170

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 83800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 82500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 87500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 54300–54500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 71,650 |
| सोना रवा | 71,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 80,300 |
| चांदी (999) | 80,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 71500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 70500 |
| सिल्वर ( पक्की) | 800 (अनुमानित ) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,350 |
| चांदी आभूषण | 80,000 |

# 350 रुपये की उछाल के साथ रिकॉर्ड स्तर पर चमका सोना

## 2024 में अबतक सोने की कीमत 71 हजार के पार हुई, 7,700 रुपये चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

बहुमूल्य धातुओं की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग बढ़ने के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, 2024 में अबतक सोने की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये की बढ़त है।

### चांदी की कीमत में भी 800 रुपये की उछाल



सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी ऊंचाई पर बंद हुई।

# बीएसई, एनएसई 20 मई को रहेंगे बंद

**नई दिल्ली।** प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुंबई में 20 मई को होने वाले आम चुनाव के दिन कोई कारोबार नहीं होगा।

दोनों प्रमुख शेयर बाजारों ने उस दिन कारोबारी अवकाश की घोषणा की है। बीएसई और एनएसई ने सोमवार को कहा कि इक्विटी, शेयर वायदा एवं विकल्प तथा एसएलबी यानी प्रतिभूति उधार देने या लेने वाले खंड में कारोबार नहीं होगा। दोनों शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्र में कहा कि मुंबई में 20 मई सोमवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीएसई और एनएसई 20 मई को बंद रहेंगे। इसके अलावा, शेयर बाजार ईद-उल-फितर (ईद) और राम नवमी के अवसर पर क्रमशः 11 अप्रैल और 17 अप्रैल को बंद रहेंगे। इसके साथ एक मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर कारोबारी अवकाश रहेगा।

# वित्तीय वर्ष में मोटर वाहन की बिक्री में 10 % की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में यात्री वाहन, तिपहिया वाहन और ट्रैक्टर की रिकॉर्ड बिक्री के दम पर मोटर वाहन खुदरा बिक्री में वित्त वर्ष 2023-24 में दोहरे अंक की वृद्धि देखी गई। डीलरों के संगठन फाडा ने सोमवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष में मोटर वाहन खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 2,45,30,334 इकाई हो गई, जबकि 2022-23 में यह 2,22,41,361 इकाई थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र ने दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन (पीवी), ट्रैक्टर तथा वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के दम पर विभिन्न खंड में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। उन्होंने कहा कि खासकर यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों की पिछले वर्ष रिकॉर्ड बिक्री हुई। वहीं मार्च में कुल पंजीकरण सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,27,177 इकाई रहा। मार्च 2023 में 3.43 लाख इकाइयों की तुलना में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री छह प्रतिशत घटकर 3,22,345 रही। हालांकि, पिछले महीने दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 15,29,875 इकाई हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 14,50,913 इकाई था। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 1,05,222 इकाई हो गई।

# इस हफ्ते महंगाई, कंपनियों की आय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, एजेंसी



शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी जारी रहने के आसार हैं। जनवरी-मार्च तिमाही के लिए देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के नतीजे, अमेरिका और भारत में रिटेल महंगाई के आंकड़े और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पिछली बैठक का ब्योरा बाजार की दिशा तय करेंगे।

अप्रैल के पहले हफ्ते घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन सेंसेक्स निफ्टी अंततः बढ़त पर बंद होने में कामयाब रहे। बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 50 ने 22,619 का ऑलटाइम हाई बनाया और सप्ताह के आखिर में करीब एक फीसदी तेजी के साथ 22,500 के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स भी 597 अंक चढ़कर 74,248 के स्तर पर पहुंच गया।

# ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स का चौथी तिमाही में चार गुना मुनाफा

**नई दिल्ली।** ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 41.62 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 9.60 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।


ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय पिछले साल की समान तिमाही के 439.50 करोड़ रुपये से बढ़कर 514 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 का मुनाफा 47.01 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 42.35 करोड़ रुपये था। कुल आय 1,404.66 करोड़ रुपये से घटकर 1,300.50 करोड़ रुपये हो गई। इस बीच, ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आठ अप्रैल, 2024 को हुई बैठक में सभी मौजूदा शेयरधारकों को प्रति इक्विटी शेयर 20 पैसे का लाभांश देने की सिफारिश की है।

# अपनी ईवी में भारतीय बैटरी का उपयोग करेंगी हुंडई और किआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से हुआ समझौता

दक्षिण कोरियाई मोटर वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर कंपनी और किआ कॉर्पोरेशन ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के स्थानीयकरण के लिए घरेलू बैटरी निर्माता एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। हुंडई मोटर समूह ने कहा, हुंडई मोटर कंपनी और समूह की कंपनी किआ कॉर्पोरेशन ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विस्तार योजनाओं के तहत प्रमुख भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। हुंडई मोटर और किआ के अध्यक्ष एवं प्रमुख ह्युई वोन यांग ने कहा कि सरकार के कार्बन तटस्थता लक्ष्यों के कारण भारत वाहन विद्युतीकरण के लिए एक प्रमुख बाजार है, जो स्थानीयकृत बैटरी उत्पादन के जरिए लागत प्रतिस्पर्धात्मकता हासिल करना महत्वपूर्ण बनाता है। बता दें, हुंडई मोटर इंडिया अपना हाई-वॉल्यूम ईवी मॉडल पेश की घोषणा पहले ही हो चुकी है।




## राष्ट्रीय

### एक नजर

### जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान भागे आठ अपराधी भगोड़ा घोषित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले की एक अदालत ने कथित तौर पर पाकिस्तान भागे आठ अपराधियों को भगोड़ा घोषित किया है। पुलिस ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बारामूला की अदालत ने गत 01 अप्रैल को आठ लोगों को भगोड़ा घोषित किया। बारामूला के थाना पट्टन की पुलिस ने इन लोगों के मामला दर्ज किया है। इनमें खोरे शेरबाद पट्टन के निवासी हिलाल अहमद गनी, मुदासिर शफी गिलानी, मोहम्मद मकबूल पंडित, गूम अहमदपोरा पट्टन के हबीबुल्लाह शेख, पार मोहल्ला पट्टन के शब्बीर अहमद नजर, वटवान के मोहम्मद अशरफ डार, नजर मोहल्ला पट्टन के पट्टन गुलाम नबी नजर और मुख्य मोहल्ला पट्टन के फैयाज अहमद मीर शामिल हैं।

### केंद्रीय मंत्री की कार के दरवाजे से टकराया बाइक सवार, मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केआर पुरम में सोमवार को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे की कार के खुले दरवाजे से बाइक सवार भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रकाश के रूप में हुई है। करंदलाजे बेंगलुरु-उत्तर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। प्रकाश चुनाव प्रचार के दौरान करंदलाजे के काफिले के पीछे चल रहे थे। सूत्रों ने बताया कि मंत्री कार के अंदर थीं और वह चुनाव प्रचार के लिए जा रही थीं। मंत्री की कार का दरवाजा खुला, प्रकाश उससे टकराकर गिर गया और पीछे से आ रहा एक वाहन उनके ऊपर चढ़ गया। मंत्री ने कहा कि पीछे से आ रही एक बस ने प्रकाश को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# मोदी के राजनीतिक पूर्वज थे मुस्लिम लीग समर्थक, भ्रांतियां फैला रही भाजपा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले पर पलटवार किया है। खरगे ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री के वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा में कांग्रेस के घोषणापत्र पर अरोप लगाते हए टिप्पणी की थी।



प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी सभा में तीखा हमला करते हुए कहा था, कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है और नेताओं के बयानों में राष्ट्रीय अखंडता व सनातन धर्म के प्रति शत्रुता दिखाई देती है। वहीं खरगे ने पलटवार करते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतियों के खिलाफ, अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। आज भी वो आम भारतीय नागरिकों के योगदान से बनाए गए कांग्रेस के 'न्याय पत्र' के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं।

उन्होंने दावा किया, मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, महात्मा गांधी के आह्वान व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते है कि आपके पुरखों ने 1940 के दशक में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल, सिंध और उत्तर पश्चिम सीमांत प्रांत में अपनी सरकार बनाई। खरगे ने सवाल किया कि क्या श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन अंग्रेज गवर्नर को ये नहीं लिखा था कि 1942 के कांग्रेस के 'भारत छोड़ो आंदोलन' को कैसे दबाना चाहिए और इसके लिए वह अंग्रजों का साथ देने के लिए तैयार है? उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी-शाह व उनके द्वारा नामित अध्यक्ष (जेपी नड्डा) आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहे हैं। खरगे ने दावा किया, ''मोदी जी की भाषणों में केवल आरएसएस की बू आती है, दिन पर दिन भाजपा की चुनावी हालत इतनी खस्ता होती जा रही है कि आरएसएस को अपने पुराने मित्र - मुस्लिम लीग - की याद सताने लगी है।'' उन्होंने कहा, 'सच केवल एक है - कांग्रेस के न्याय पत्र में हिंदुस्तान के 140 करोड़ लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं की छाप है।

### देश की जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा : नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का एजेंडा करार दिया है। उन्होंने, सोमवार को कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस जिस तरह से बहुसंख्यकों के खिलाफ साजिश और राजनीति कर रही है, उसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा है, इसके बावजूद पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करने पर आमादा है और बाज नहीं आ रही है। आगे बोले- मैंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि यह कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र है या मुस्लिम लीग का है? देश को बांटने और सत्ता हथियाने के लिए कहां तक कांग्रेस पार्टी जा सकती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस मुस्लिम लीग ने 1929 में धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही थी, आज कांग्रेस पार्टी उसी बात को दोहरा रही है। यानी, सत्ता की लोलुपता में, सत्ता के लालच में, कांग्रेस पार्टी देश को कहां तक पहुंचाएगी, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि आज अल्पसंख्यकों के लिए जिस तरीके से धर्म के नाम पर आरक्षण की बात हो रही है, जो 50 प्रतिशत आरक्षण को आगे बढ़ाने की बात की जा रही है।

# आंध्र प्रदेश में पुलिस की तलाशी में हाथ लगा 16 किग्रा सोना

**कालापरु (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने सोमवार को एलुरु जिले के कालापरु 'टोल गेट' पर वाहनों की तलाशी के दौरान 16 किलोग्राम सोना और 31 किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन व्यक्ति सोने और चांदी के आभूषणों की इस खेप को विजयवाड़ा से कोनसीमा जिले के अमलापुरम ले जा रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया, अधिकारियों ने सोने-चांदी से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया, जो संतोषजनक नहीं पाया गया। उन्होंने खेप ले जा रहे व्यक्तियों से आगे के सत्यापन के लिए और दस्तावेज पेश करने को कहा। इस बीच, अधिकारियों ने आगे की पूछताछ और प्रक्रियाओं के लिए आभूषणों को एलुरु समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) में स्थानीय खजाना कार्यालय में भेज दिया। गहनों के अलावा, पुलिस ने हनुमान जंक्शन से एलुरु जा रहे एक अलग दल से 15 लाख रुपये नकद भी जब्त किए। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 13 मई को होने हैं जबकि मतगणना चार जून को होगी।

# टिकाऊ नहीं इंडिया गठबंधन आपस में लड़ रहे : राजनाथ

तिरुवरुर/नामक्कल, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में कोई स्थायित्व नहीं है और घटक दल पहले ही एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी और द्रमुक की महिला-विरोधी मानसिकता के लिए उन पर हमला बोला।

उन्होंने द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की कथित सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों को लेकर तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल पर और राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी पर विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन भाजपा की आलोचना करने के लिए हिंदू आस्था और महिलाओं को निशाना बना रहा है। बोले- कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश विपक्षी दल की पिछली कई गलतियों की भारी कीमत चुका रहा है। वरिष्ठ नेता ने 19 अप्रैल के लोकसभा चुनाव के लिए राजग उम्मीदवारों के समर्थन में तमिलनाडु के नामक्कल और तेनकासी में रोड शो में भाग लिया और तिरुवरुर में एक जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। नामक्कल में रोड के बाद सिंह ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के लागू होने से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं जाएगी, भले ही वह किसी भी धर्म से संबंध रखता हो। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर इस मुद्दे को लेकर भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने नामक्कल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पी रामलिंगम के समर्थन में यहां रोड शो करने के बाद कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे हमेशा पूरा किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना, धारा 370 को निरस्त करना एवं सीएए ऐसे ही वादे थे।

### जश्न का जुलूस



**नागपुर :** महाराष्ट्र में लोग गुड़ी पड़वा को बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाते हैं, जिसे संवत्सर पड़वो से जाना जाता है, पर्व की पूर्व संध्या पर पारंपरिक पोशाक पहनकर जुलूस में भाग लेतीं मराठी महिलाएं। ● एजेंसी

# हर यूट्यूबर को जेल में नहीं रख सकते शीर्ष कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक यूट्यूबर की जमानत बहाल करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को जेल में नहीं डाला जा सकता है। यूट्यूबर पर 2021 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो कल्पना कीजिए कि कितने लोग जेल में होंगे? पीठ ने आरोपी ए. दुरइमुरुगन सत्तई की जमानत रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया।

**सुनवाई** कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सूखा प्रबंधन को लेकर दायर की है याचिका

# जल संकट पर शीर्ष कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के अनुरोध वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- केंद्र और प्रदेश के बीच कोई टकराव नहीं होना चाहिए।

केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वे इस मामले में निर्देश प्राप्त करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना होता है। कोर्ट ने केंद्र को कर्नाटक की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए कहा। सॉलिसिटर जनरल ने अदालत से मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद करने का आग्रह करते हुए कहा कि वे इस मामले में निर्देश लेंगे।

पीठ ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच टकराव नहीं होना चाहिए। मेहता ने कहा कि शीर्ष अदालत में याचिका दायर करने के बजाय, अगर किसी ने इस मुद्दे पर प्राधिकारियों से बात की होती, तो समस्या का समाधान हो सकता था। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना पड़ा है। मेहता ने कहा, मैं यह नहीं कहना चाहता कि क्यों, लेकिन यह बढ़ती प्रवृत्ति है...।

जब पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि वह केंद्र को नोटिस जारी करेगी, तो सॉलिसिटर जनरल ने कहा, "आपसे नोटिस जारी नहीं करने का अनुरोध है। यह भी खबर बन जाती है। हम यहां हैं। पीठ ने कहा कि अग्रिम नोटिस पर पेश हुए शीर्ष कानून अधिकारियों ने कहा है कि वे निर्देश लेंगे और अगली तारीख पर अदालत के समक्ष एक बयान देंगे। शीर्ष अदालत मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद करेगी।

### शराब घोटाला: आईएएस अधिकारी और बेटे के खिलाफ ईडी का मामला रद



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ धन शोधन का मामला सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दिया। कोर्ट ने कहा-अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पिता-पुत्र के खिलाफ शिकायत रद करते हुए कहा-दोनों पर मुख्य अपराध का कोई मामला नहीं है और ना ही धन शोधन में कोई मामला बनता है। पीठ ने कहा, यदि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है, तो अपराध का मामला नहीं बनता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से न्यायालय में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने संकेत दिया कि जांच एजेंसी अपनी पड़ताल के दौरान अतिरिक्त सामग्री बरामद होने के मद्देनजर आरोपियों के खिलाफ एक नई शिकायत दर्ज कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही, जिसके शुरू होने की संभावना है।

## एक नजर

### पाकिस्तान की सीनेट के सभापति का चुनाव आज, 85 सीनेटर लेंगे शपथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने सीनेट के सभापति और उपसभापति के चुनाव के लिए नौ अप्रैल को संसद के उच्च सदन का सत्र बुलाया है। सीनेट के शीर्ष पदों का चुनाव जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध के बावजूद कराया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन की ओर से रविवार रात की गई घोषणा के मुताबिक, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सीनेट की बैठक मंगलवार को सुबह नौ बजे बुलाई है। 'द न्यूज़ इंटरनेशनल' की खबर के मुताबिक, सीनेट के सत्र में, नव निर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और सभापति और उपसभापति के संवैधानिक पद के लिए चुनाव होगा। प्रधानमंत्री द्वारा नामित पीठासीन अधिकारी नव निर्वाचित सीनेटर को शपथ दिलाएंगे। सीनेट की रिक्त सीट पर उपचुनाव में जीते सदस्य शपथ लेंगे। पाकिस्तान की 96 सदस्य सीनेट के 85 सीनेटर शपथ लेंगे, क्योंकि पाकिस्तान चुनाव आयोग ने खैबर पख्तूनख्वा की 11 सीट के लिए चुनाव को टाल दिया है।

### पाकिस्तानः बलूचिस्तान प्रांत के बाजार में धमाका, दो लोगों की मौत, 10 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में रविवार रात हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना रात करीब 9 :40 बजे की है जब प्रांत के खुजदार जिले में एक मोटरसाइकिल में लगाए गए तात्कालिक विस्फोटक उपकरण में विस्फोट हो गया। सूत्रों ने कहा, जिले में नियमित गश्त पर निकला एक पुलिस वाहन स्पष्ट रूप से निशाने पर था, जो कुछ सेकंड से चूक गया और विस्फोट होने पर वह उस क्षेत्र को पार कर पाया था। हमले में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, लेकिन घटना स्थल के पास ईद-उल-फितर के त्योहार के लिए खरीदारी कर रहे नागरिक हमले में मारे गए और घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### सीरिया में उपद्रवियों के बीच संघर्ष, 20 की मौत, एक दिन पहले हुआ था धमाका

**दमिश्क।** सीरिया के दारा प्रांत में स्थानीय उपद्रवियों के बीच रविवार को हुए हिंसक संघर्ष में 20 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया और एफएम रेडियो ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि दारा प्रांत के सनमायन शहर में एक दिन पहले हुए घातक विस्फोट में करीब सात बच्चे मारे गए थे। माना जा रहा है कि कल के हिंसक संघर्ष को इसी घटना को लेकर बदले की कार्रवाई है। गौरतलब है कि सीरियाई सेना ने उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में विद्रोही बलों को भगाने के बाद 2018 में दारा पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। इस क्षेत्र में छिटपुट सुरक्षा घटनाएं और हमले जारी हैं।

### उज्बेकिस्तान के नागरिकों से भरी बस खाई में गिरी, दो की मौत, 26 घायल

**मॉस्को।** रूस के दक्षिण-पश्चिमी समारा क्षेत्र में बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने क्षेत्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से सोमवार को क्षेत्रीय अभियोजक के कार्यालय ने बताया था कि अलकाएवका की ग्रामीण बस्ती के पास यूराल-मुखानोवो राजमार्ग पर बस खाई में गिर गई। स्थानीय यातायात पुलिस ने टेलीग्राम पर कहा कि कजाकिस्तान में पंजीकृत बस उज्बेकिस्तान के नागरिकों को मध्य रूस के निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में ले जा रही थी। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कुवैत के अमीर ने मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार किया, 17 को बुलाया पहला सत्र

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने रविवार को मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार करते हुए एक डिक्री जारी की और नेशनल असेंबली को 17 अप्रैल को अपना पहला सत्र बुलाने के लिए कहा। सरकारी समाचार एजेंसी कुना द्वारा जारी पहले आदेश में कहा गया है कि अमीर ने प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है, साथ ही कहा कि वे नए मंत्रिमंडल के गठन तक अपने संबंधित पदों के जरुरी मामलों को संभालना जारी रखेंगे। अमीर ने एक अन्य डिक्री में 17 अप्रैल को 18वें विधायी कार्यकाल का पहला नियमित सत्र बुलाने के लिए नेशनल असेंबली कस सत्र बुलाया है। कुवैत के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा ने विगत शनिवार को मंत्रिमंडल का इस्तीफा अमीर को सौंप दिया। वहीं, गुरुवार को नयी संसद के चुनाव के बाद इस्तीफा एक प्रक्रियात्मक कदम है।

### रूस में 10,400 से अधिक घरों में भरा बाढ़ का पानी, 6,100 से अधिक लोग बेघर

**मास्को।** रूस के पश्चिमी साइबेरिया के वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक में बाढ़ में 10,400 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। रूसी मंत्रालय के आपातकालीन स्थिति विभाग ने सोमवार को बताया कि ऑरेनबर्ग क्षेत्र के 6,100 से अधिक लोग बेघर हो गये हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। इसके अलावा, 33 हजार लोगों के लिए कुल 33 अस्थायी आवास केंद्र तैनात किए गए हैं। ऑरेनबर्ग क्षेत्रीय सरकार ने कहा कि 10 अप्रैल तक बाढ़ का स्तर बढ़ सकता है और यह स्तर 25 अप्रैल से पहले सामान्य होने की उम्मीद है। 18 हजार से अधिक लोग बाढ़ के खतरे वाले क्षेत्र में हैं एजेंसी के अनुसार, सात-11 अप्रैल का डेटा साइबेरिया, वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक्ट में दैनिक औसत तापमान, बर्फ पिघलने और नदी में जलस्तर की वृद्धि की ओर इशारा करता है।

## दक्षिण कोरिया ने दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह किया प्रक्षेपित

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने अपना दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह स्पेसएक्स फॉल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्पेसएक्स के एक लाइव फुटेज में दिखाया गया है कि दक्षिण कोरिया के स्वदेशी सैन्य जासूसी उपग्रह सहित 11 उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट अमेरिका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8 :16 बजे रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रक्षेपण के लगभग 45 मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया। दक्षिण कोरिया ने 2025 तक पांच सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है, जिसमें सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर से लैस दूसरा उपग्रह भी शामिल है। इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इंफ्रारेड सेंसर से लैस पहला उपग्रह पिछले साल दिसंबर में प्रक्षेपित किया गया था।

**45** मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में कर दिया गया स्थापित

**11** उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 8 : 16 बजे हुआ रवाना



**नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए भारत निभाएगा सलाहकार की भूमिका**

## मौसम की बेहतर समझ को दूसरों की मदद करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें।

आईएमडी के महानिदेशक महापात्र ने कहा कि भारत मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के प्रभाव से बचाव के प्रयासों में नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए बड़ा भाई और एक सलाहकार की भूमिका निभाएगा। भारत के प्रयास संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022 में घोषित 'सभी के लिए समय-पूर्व चेतावनी' का हिस्सा हैं जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि 2027 के अंत तक पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया सके। महापात्र ने कहा कि भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की पहल के प्रथम चरण के तहत दुनिया भर में चिह्नित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद कर रहा है। आपदाओं के कारण लोगों की मौत हो रही है और संपत्ति को भी नुकसान हो रहा है। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरूरत है।

### जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्थाओं को हो रहा है नुकसान

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आईएमडी पूर्वानुमान और चेतावनी से जुड़ी जानकारी मुहैया करेगा और संबंधित देशों के संचार मंत्रालयों को डेटा आदान प्रदान और चेतावनी की सूचना देने के लिए एक प्रणाली विकसित करने में मदद के वास्ते इसमें शामिल किया गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की दिसंबर में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, 101 देशों (52 प्रतिशत) के पास अब पूर्व चेतावनी प्रणालियां हैं। डब्ल्यूएमओ के आंकड़ों से पता चलता है कि 1970 से 2019 के बीच मौसम और जलवायु से संबंधित आपदाओं की संख्या पांच गुना तक बढ़ गई है। पानी से संबंधित आपदाएं विश्व स्तर पर सबसे आम हो गई हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों ने लोगों और अर्थव्यवस्थाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया।

## अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थकों ने निकाली रैलियां

### ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूएसए ने 'मोदी का परिवार मार्च' किया आयोजित

वाशिंगटन, एजेंसी


अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को मोदी का परिवार मार्च रैलियों का आयोजन किया गया था। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे। सैन फ्रांसिस्को, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित 16 शहरों में मार्च आयोजित किए गए। सैन फ्रांसिस्को से सचिन्द्र नाथ ने कहा कि मार्च ने मोदी के नेतृत्व के प्रति गहरे सम्मान और एकजुटता और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अबकी बार 400 पार की सामूहिक आकांक्षा को प्रदर्शित किया। कहा गया है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी मोदी और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए।



अमेरिका में व्हाइट हाउस के सामने भारत में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में रैली निकालते ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी के सदस्य और समर्थक। ● एजेंसी




## इजराइल ने दक्षिण गाजा से वापस बुलाए कुछ सैनिक

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल की सेना ने रविवार को घोषणा की कि उसने गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनुस से अपने सैनिक वापस बुलाए हैं। इजराइल ने खान यूनुस में हमास के चरमपंथियों के खिलाफ जमीनी हमले के अपने चरण को पूरा कर लिया है और अपने सैनिकों को वापस बुलाया है। लेकिन रक्षा अधिकारियों ने कहा कि सैनिकों को खान यूनुस से बुलाकर पुनः एकत्रित किया जा रहा है क्योंकि सेना हमास के आखिरी गढ़ रफह में घुसने की तैयारी कर रही है। सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा, गाजा में जंग जारी है और हम अभी रुकने नहीं वाले हैं।

स्थानीय प्रसारक चैनल 13 टीवी के माध्यम से बताया गया कि इजराइल रफह को खाली कराने की तैयारी कर रहा है और इस प्रक्रिया में कई महीने लग सकते हैं। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि लक्षित अभियानों को जारी रखने के लिए गाजा में अच्छी खासी संख्या में सैनिक रहेंगे जिनमें हमास के गढ़ और समूह के नेता याह्या सिनवार का गृहनगर खान यूनुस भी शामिल है। खान यूनुस की एसोसिएटेड प्रेस की रविवार की वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग लौट आए हैं। इजराइल रफह के आसपास जमीनी हमला करने की बात कई हफ्तों से कह रहा है। वहां 14 लाख आबादी रह रही है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने रफह हमले पर अमेरिका के विरोध को दोहराया और कहा कि अमेरिका का मानना है कि इजराइल के सैनिकों की आंशिक वापसी वास्तव में इन सैनिकों के आराम के लिए है जो चार महीने से जमीन पर हैं।

### ब्रिटिश, इजराइली और अमेरिकी जहाजों पर हमले की हूती ने ली जिम्मेदारी

**सना।** यमन के विद्रोही हूती समूह ने पिछले 72 घंटों में ब्रिटिश, इजरायली जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाते हुए पांच सैन्य अभियान चलाए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने समूह के अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि ऑपरेशन कई बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ किए गए और सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य हासिल किए। सरिया के अनुसार कि समूह ने लाल सागर में ब्रिटिश जहाज होप आईलैंड और दो इजरायली जहाजों, एमएससी ग्रेस एफ और एमएससी जीना को निशाना बनाया। अन्य दो अभियानों में लाल सागर में कई अमेरिकी सैन्य युद्धपोतों को निशाना बनाया गया। इस बीच अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्र में एक मोबाइल मिसाइल प्रणाली को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

## सेना को हमेशा ही रहना होगा तैयार : जनरल मनोज पांडे



वेलिंगटन डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में भारतीय सशस्त्र बलों और अन्य देशों के छात्र अधिकारियों को संबोधित करते थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सशस्त्र बल से 'ब्लैक स्वान' घटनाओं के लिए हमेशा तैयार रहने का सोमवार को आह्वान किया और असमान्य घटना से आश्चर्यचकित नहीं होने को कहा। 'ब्लैक स्वान' घटनाएं अधिक प्रभाव उत्पन्न करने वाली ऐसी घटनाएं हैं, जिनके बारे में सामान्य परिस्थितियों में पहले से अनुमान लगाना मुश्किल होता है।

जनरल पांडे ने राष्ट्रों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित किया। वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में एक संबोधन में, जनरल पांडे ने प्रौद्योगिकी के शस्त्रीकरण, विशेष रूप से सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखला तक विभिन्न क्षेत्रों में इसके विस्तार को रेखांकित किया। जनरल पांडे ने खतरों का प्रभावी ढंग से आकलन करने, रणनीतियों को स्पष्ट करने, क्षमताओं की पहचान करने, नीतियां बनाने, तैयारी करने के लिए सेना के तीनों अंगों के बीच आपसी तालमेल के महत्व पर जोर दिया।

## ब्राजील के न्यायाधीश ने एलन मस्क के खिलाफ शुरू की जांच

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के शीर्ष न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के मालिक एलन मस्क के खिलाफ कुछ खातों को ब्लॉक करने के अदालत के आदेश को चुनौती देने तथा न्याय में बाधा डालने और कई पूर्व खातों पर असंवैधानिक प्रतिबंध हटाने की घोषणा के बाद जांच शुरू कर दी है। अदालती दस्तावेज के हवाले से कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ब्राजीलियाई शीर्ष न्यायालय के जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने रविवार को अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स से जुड़े न्याय में बाधा डालने के लिए मस्क के खिलाफ जांच शुरू की। मस्क ने पिछले साल आठ जनवरी के दंगों के अपराधियों से संबंधित कुछ खातों को ब्लॉक करने के न्यायाधीश मोरेस के फैसले को चुनौती दी। इन दंगों में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के दूर-दक्षिणपंथी हजारों समर्थकों ने देश की कांग्रेस, शीर्ष न्यायालय और राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया था। इससे पहले रविवार को मस्क ने पोस्ट किया था कि एक्स प्रतिबंध हटा देगा, क्योंकि वे असंवैधानिक थे।



## परमाणु संयंत्र पर ड्रोन हमला, टला खतरा



रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया का परमाणु ऊर्जा संयंत्र।

कीव, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी ने रविवार को कहा कि रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के छह परमाणु रिएक्टर में से एक पर किए गए ड्रोन हमले के कारण बड़ी परमाणु दुर्घटना होने का खतरा काफी बढ़ गया है।

ग्रोसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बात की पुष्टि की कि जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की मुख्य रिएक्टर नियंत्रण संरचनाओं पर कम से कम तीन प्रत्यक्ष हमले हुए। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (एआईईए) ने एक अलग बयान जारी कर एक रिएक्टर समेत संयंत्र पर ड्रोन हमलों का असर होने की पुष्टि की। एआईईए ने कहा कि इकाई छह में हुई क्षति के कारण परमाणु सुरक्षा को खतरा पैदा नहीं हुआ, लेकिन यह एक गंभीर घटना है जिससे रिएक्टर की रोकथाम प्रणाली के कमजोर होने की आशंका है।

### यूक्रेन ने रूस के दावे को नकारा

**कीव।** यूक्रेन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रूस के उन आरोपों का खंडन किया है जिसमें यह कहा गया है कि उनके देश की सेना ने यूरोप के इस सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर विस्फोटक ड्रोन से हमला किया है। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इस हमले के तुरंत बाद रूस ने दक्षिण यूक्रेन में स्थित इस परमाणु संयंत्र पर कब्जा कर लिया था और उसका संचालन अपने हाथ में ले लिया था। रूस ने रविवार को दावा किया था कि दक्षिण यूक्रेन में स्थित एवं दो साल से उसके नियंत्रण में संचालित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर यूक्रेन की सेना ने ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन की सेना की खुफिया एजेंसी के प्रवक्ता एंद्री युसोव ने दावा किया कि हमले के कोई संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस की सेना नियमित आधार पर जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमले की फर्जी खबर प्रसारित करती रहती है।

## पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने उमड़ी भीड़

मेस्क्वाइट (अमेरिका), एजेंसी

मेक्सिको से अमेरिका और कनाडा तक फैले एक संकरे गलियारे में लाखों दर्शक सोमवार को होने वाली खगोलीय घटना -पूर्ण सूर्य ग्रहण- का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, जबकि पूर्वानुमानकर्ताओं ने बादल छाए रहने की आशंका जाहिर की है।

वर्मोंट और मेन के साथ-साथ न्यू ब्रंसविक और न्यूफाउंडलैंड में ग्रहण के अंत में सबसे अच्छे मौसम की उम्मीद है। ऐसे में उत्तरी अमेरिका में, ग्रहण देखने वालों की अब तक की बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है। घनी आबादी वाले रास्ते, टेक्सास और अन्य पसंदीदा स्थानों में दोपहर में चार मिनट तक अंधेरा छाए रहने की उम्मीद आकर्षण का बड़ा कारण है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी एलेक्सा मेन्स ने रविवार को क्लीवलैंड के ग्रेट लेक्स साइंस सेंटर में बताया, बादल छाए रहना पूर्वानुमान लगाने में सबसे कठिन चीजों में से एक है। कम से कम, बर्फबारी नहीं होगी।

डलास के बाहर एक ट्रेलर रिसॉर्ट में रह रहे गोथम (इंग्लैंड) के क्रिस लोमास ने कहा, यह सिर्फ अन्य लोगों के साथ अनुभव साझा करने के बारे में है।" बदली छाई रहेगी या धूप खिलेगी इस अनिश्चितता ने रोमांच को और बढ़ा दिया है। पूर्ण सूर्य ग्रहण करीब चार मिनट 28 सेकंड तक रहेगा। सात साल पहले अमेरिका के तटीय क्षेत्र में दिखे सूर्य ग्रहण के नजारे से इस बार यह लगभग दोगुना ज्यादा समय तक दिखेगा। अमेरिका में इस तरह का अगला सूर्यग्रहण इसके बाद करीब 21 साल बाद नजर आएगा।



मैक्सिको में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने के लिए दूरबीन लगाकर तैयारियां करते लोग।

## कर्नाटक-आंध्र सीमा पर भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

**कोलार (कर्नाटक)।** आठ अप्रैल (भाषा) कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर स्थित एक चौकी पर एक निजी कार से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को कोलार जिले में मुलबागल तालुक के नांगली थानाक्षेत्र में नांगली चौकी पर उसने जिलेटिन की 1200 छड़ें, सात बक्से डिटोनेटर तार एवं छह डिटोनेटर जब्त किए जिन्हें एक निजी कार में ले जाया जा रहा था। उसके अनुसार एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके फरार साथी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पता करने के लिए सभी कोणों की जांच की जा रही है कि कहीं यह सामान अवैध उत्खनन के लिए तो नहीं ले जाया जा रहा था।

**बदलता युग** वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा की जारी, पांच साल से चल रहा था काम

## 'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप



वैटिकन सिटी, एजेंसी

वैटिकन ने सोमवार को लिंग परिवर्तन सर्जरी और किराए की कोख (सरोगेसी) को मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा बताया और कहा कि ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन करने वाले गर्भपात एवं इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं।

सिद्धांत कार्यालय, वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा जारी की जिस पर पांच साल से काम चल रहा है। हाल के महीनों में पर्याप्त संशोधन के बाद, इसे 25 मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा अनुमोदित किया गया, जिन्होंने इसके प्रकाशन का आदेश दिया। वैटिकन ने इसमें लिंग सिद्धांत या इस विचार को अस्वीकार किया कि किसी व्यक्ति का लिंग बदला जा सकता है। घोषणा में कहा गया है कि ईश्वर ने पुरुष और स्त्री को जैविक रूप से अलग-अलग प्राणियों के रूप में बनाया है तथा भगवान की इस योजना के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए या खुद को भगवान बनाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए।

इसमें कहा गया है कि लिंग परिवर्तन सर्जरी और सरोगेसी मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा हैं तथा ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन रकने वाले गर्भपात और इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं। यह दस्तावेज अमेरिका सहित कुछ देशों में ट्रांसजेंडर लोगों के खिलाफ हो रही कुछ प्रतिक्रियाओं के समय आया है। अमेरिका में रिपब्लिकन नीत राज्य विधानसभाएं ट्रांसजेंडर युवाओं और कुछ मामलों में वयस्कों के लिए चिकित्सा देखभाल को प्रतिबंधित करने वाले विधेयकों पर विचार कर रही हैं।

### क्या होती है सरोगेसी

सरोगेसी में एक व्यक्ति किसी और के लिए बच्चे को पालने और जन्म देने के लिए सहमत होता है। बच्चे के जन्म के बाद, जन्म देने वाले माता-पिता इच्छित माता-पिता या माता-पिता को हिरासत और संरक्षकता देते हैं। सरोगेसी में जटिल कानूनी और चिकित्सीय चरण होते हैं जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए। प्रक्रिया से अवगत होना, पेशेवर सलाह लेना और सहायक नेटवर्क बनाना महत्वपूर्ण है।